दैनिक **नवप्रदेश**

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर

3 राजधानी — छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली स्पेशल ट्रेनों में...

4 अभिव्यक्ति — लक्ष्य, भाग्य, विपत्ति और दूरी नहीं...

9 मनोरंजन/खेल — लॉकडाउन से बोर हो गयी है कृति...

11 व्यापार — नियो-टेक फ्रंटलाइन पीपीई किट...

www.navpradesh.com

रायपुर, शुक्रवार 29 मई 2020, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष-सप्तमी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-09 अंक-108 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

इसे कहते है मान न मान मै तेरा मेहमान। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत और चीन के बीच मध्यस्थता की पेशकश की है। जबकि भारत के कठोर रूख को देखते हुए चिरकुट चीन ने पहले ही हथियार डाल दिए है। डोनाल्ड ट्रंप ने इसके पहले भी भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता करने की पेशकश की थी। जिसे भारत ने ठुकरा दिया था। अमेरिका में कोरोना का सबसे ज्यादा कहर टूटा है। ऐसे में डोनाल्ड ट्रंप को अपने देश की चिंता करनी चाहिए। किन्तु डोनाल्ड ट्रंप की टांग तो दूसरे के फटे में अड़ने की लिए ही तैयार रहती है।

इस शनिवार-रविवार पूर्ण लॉकडाउन नहीं, अब अन्य छूट भी

■ लॉकडाउन के दौरान बाजार की गतिविधियों, क्वारंटाइन सेंटर्स की व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी

■ कंटेनमेंट जोन को छोड़ जिले में सभी शासकीय कार्यालय संचालित होंगे

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में गत दिवस आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार राज्य शासन द्वारा लॉकडाउन में आर्थिक गतिविधियों के संचालन, क्वारंटाइन सेंटर्स की व्यवस्थाओं, रेड, आरेंज जोन निर्धारण के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए है। जारी निर्देशों के अनुसार मई माह के अंतिम शनिवार-रविवार को होने वाले पूर्ण लॉकडाउन को निरस्त कर दिया गया है। इसलिए आगामी शनिवार और रविवार को पूर्ण लॉकडाउन नहीं रहेगा। सभी ■ शेष पृष्ठ 8 पर



व्यापारिक गतिविधियों के लिए आने वालों को क्वारंटाइन जरूरी नहीं

औद्योगिक एवं व्यापारिक गतिविधियों के लिए आने वाले यात्रियों को यदि वे बताते हैं कि वे फैक्ट्री के मेंटेनेंस आदि कार्य के लिए आ रहे हैं, उनके आने जाने के स्थान की जानकारी देने तथा आवेदन करने पर अनिवार्य क्वारंटाइन से छूट दी जा सकती है। कम समय के लिए आने वाले यात्रियों के लिए जिनके पास वापस जाने का कन्फर्म टिकट है, उन्हें भी जाने की अनुमति दी जा सकती है।

1 जुलाई से स्कूल खोलने का प्रस्ताव

यह भी प्रस्तावित किया गया है कि स्कूलों को एक जुलाई से प्रारंभ किया जाए इसलिए स्कूल खुलने के पहले स्कूलों को क्वारंटाइन सुविधा हटाकर भवन का सेनेटाइजेसन स्वास्थ्य विभाग से कराना सुनिश्चित किया जाए।

विवाह समारोह में 50 व अंतिम संस्कार में 20 लोग हो सकेंगे शामिल

विवाह और अंतिम संस्कार के लिए अनुमति देने के अधिकार एसडीएम और तहसीलदारों को देने का निर्णय लिया गया है। विवाह समारोह में अधिकतम 50 लोगों को और अंतिम संस्कार में अधिकतम 20 लोगों को शामिल होने की अनुमति दी जाएगी।

अच्छी खबर

कोरोना वैक्सीन अक्टूबर में पहली सफलता की उम्मीद

नई दिल्ली/ए. भारत सरकार के मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार डॉ. के विजय राघवन ने कहा है कि कोविड-19 के लिए देश में वैक्सीन बनाने की प्रक्रिया जोरों पर है। उन्होंने कहा कि अक्टूबर तक कुछ कंपनियों को इसकी प्री क्लीनिकल स्टडीज तक पहुंचने में सफलता मिल सकती है। उन्होंने बताया कि दुनियाभर में वैक्सीन बनाने की चार प्रक्रिया है। भारत में इन चारों पद्धतियों का इस्तेमाल कोविड-19 के लिए वैक्सीन बनाने में किया जा रहा है। डॉ. राघवन ने कहा, 'कुछ कंपनियां एक फ्लू वैक्सीन के बैकबोन में आरएंडडी कर रहे हैं, लगता है अक्टूबर तक प्री क्लीनिकल स्टडीज हो जाएगी। कुछ फरवरी 2021 तक प्रोटीन बनाकर वैक्सीन बनाने की प्रक्रिया में जुटे हैं।

देशभर में फंसे प्रवासी श्रमिकों के मुद्दे पर शीर्ष अदालत गंभीर

मजदूरों की सुध लेने का राज्यों को 'सुप्रीम' आदेश

■ राज्य सरकारें देंगी ट्रेन-बस का किराया

■ ट्रेन व बसों में चढ़ने का समय भी बताना होगा

नई दिल्ली/ए.। देश भर में फंसे प्रवासी मजदूरों की समस्या और उन पर आई विपत्ति को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। शीर्ष अदालत ने अपने अंतरिम आदेश में कहा है कि मजदूरों से बस, ट्रेनों का किराया नहीं लिया जाएगा। कोर्ट ने आदेश दिया कि राज्य सरकारें मजदूरों का किराया देंगी और उनको घर पहुंचाने की व्यवस्था करेंगी। शीर्ष अदालत ने कहा कि राज्य सरकारें मजदूरों की वापसी में तेजी लाएं। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि प्रवासी श्रमिकों से ट्रेन या बस का कोई किराया नहीं लिया जाएगा। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

ये तीखे सवाल भी किए सुप्रीम कोर्ट ने

प्रवासी मजदूरों को कौन दे रहा टिकट का पैसा

सुप्रीम कोर्ट ने सवाल किया कि प्रवासी मजदूरों को टिकट कौन दे रहा है, उसका भुगतान कौन कर रहा है? सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि टिकट के पेमेंट के बारे में कंफ्यूजन है और इसी कारण मिडिल मैन ने पूरी तरह से शोषण किया है। सुप्रीम कोर्ट ने सवाल किया कि ऐसी घटनाएं हुई है कि राज्य ने प्रवासी मजदूरों को प्रवेश से रोका है। तब सॉलिसिटर ने कहा राज्य सरकार लेने को तैयार है। कोई भी राज्य प्रवासी के प्रवेश रोक नहीं सकता। वह भारत के नागरिक हैं।

पहचान होने पर कितना वक्त लगता है घर भेजने में

सुप्रीम कोर्ट ने सवाल किया कि जब पहचान सुनिश्चित हो जाती है कि प्रावसी मजदूर हैं तो उन्हें भेजने में कितना वक्त लगता है। उन्हें हफ्ते 10 दिन में भेजा जाना चाहिए। इसपर केंद्र के वकील ने कहा कि अभी तक एक करोड़ से ऊपर प्रवासी मजदूर भेजे जा चुके हैं। जो पैदल जा रहे हैं वह अवसाद और अन्य कारणों से ऐसा कर रहे हैं।

केंद्र सरकार ने नहीं सुनी मजदूरों की सिसकी

कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने पार्टी के 'स्पीक अप इंडिया' कार्यक्रम के जरिए लॉकडाउन व मजदूरों के मुद्दे पर केंद्र सरकार को एक बार फिर आड़े हाथों लिया। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि मजूदरों की सिसकी सबने सुनी पर शायद सरकार ने नहीं। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के बाद पहली बार दर्द का वो मंजर सबने देखा कि लाखों मजदूर नंगे पांव, भूखे-प्यासे, बगैर दवाई और साधन के सैकड़ों-हजारों किमी पैदल चल कर घर वापस जाने को मजबूर हो गए। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

पुलवामा षड्यंत्र पार्ट-2 को जवानों ने किया विफल

■ सुरक्षाबलों ने पुलवामा जिले में एक वाहन से शक्तिशाली विस्फोटक बरामद किया

श्रीनगर/ (वार्ता)। सुरक्षा बलों ने बुधवार रात दक्षिणी कश्मीर के पुलवामा जिले में एक वाहन से शक्तिशाली विस्फोटक को बरामद किया जिससे एक बड़े हमले की योजना विफल हो गई। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पुलिस महानिरीक्षक (कश्मीर) विजय कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलवामा जिले की पुलिस, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और सेना की सजगता और समय पर की गई कार्रवाई से हमले की योजना विफल हो गयी। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सुरक्षाबलों ने रोका वाहन तो चलने लगीं गोलियां

इसी दौरान सुरक्षा बलों ने एक वाहन को रुकने का संकेत दिया, तभी वाहन चालक ने गोलियां चलाई। जवाबी कार्रवाई में सुरक्षा बलों ने भी गोलियां चलायी। इस बीच वाहन चालक जांच चौकी से कुछ दूर वाहन को छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए भाग निकला। वाहनों की जांच में ■ शेष पृष्ठ 8 पर

कोरोना : 29 नए पॉजिटिव, राज्य में अब 315 मरीज

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में गुरुवार को कोरोना के 29 नए पॉजिटिव केस मिले। इसके साथ ही राज्य में अब एक्टिव पॉजिटिव का आंकड़ा बढ़कर 315 हो गया है। गुरुवार को मुंगेली से सर्वाधिक 11 मरीज मिले, जबकि से 8, बिलासपुर से 4, कांकेर से 3, रायगढ़ से 2 तथा कोरिया से एक मरीज मिला। राज्य में कोरोना के कुल मामलों की बात की जाए तो यह आंकड़ा 398 हो चुका है। इनमें से 83 मरीज डिस्चार्ज किए जा चुके हैं। उल्लेखनीय है कि बीते कुछ दिनों से राज्य में कोरोना के मामले लगातार डबल डिजिट में ही आ रहे हैं। हालांकि बुधवार को थोड़ी राहत रही। बुधवार को कोरोना के नए पॉजिटिव केस सिर्फ 8 मिले थे यानी सिंगल डिजिट में।



कोरोना अपडेट

देश	कंफर्म केस	मौत
भारत	165,348	4,710
अमेरिका	1,756,161	102,712
ब्रिटेन	269,127	37,837
इटली	231,732	33,142
फ्रांस	182,913	28,596
स्पेन	283,849	27,118
ब्राजील	418,608	25,935
बेल्जियम	57,849	9,388
मैक्सिको	78,023	8,597
जर्मनी	182,150	8,548
ईरान	143,849	7,627
कनाडा	87,902	6,799
नीदरलैंड	45,950	5,903
टर्की	159,797	4,431
स्वीडन	35,727	4,266
रूस	379,051	4,142

शेयर बाजार

सेंसेक्स- 32200.59

निफ्टी- 9490.10

गोल्ड- 46685 (10 ग्रा.)

सिल्वर- 48750 (1 कि ग्रा.)

8 लाख के इनामी नक्सली डिप्टी कमांडर ने किया सरेंडर

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। 8 लाख का इनामी नक्सली प्रदीप उर्फ भीमा कुंजाम ने दंतेवाड़ा एसपी अभिषेक पल्लव और सीआरपीएफ डीआईजी डीएन लाल के सामने आत्मसमर्पण कर नक्सलवाद से दूरी बना ली। समर्पित प्रदीप मलंगीर एरिया कमेटी के 24 नंबर प्लाटून में डिप्टी कमांडर था। कई वारदातों को अंजाम देने वाला यह नक्सली बुर्कापाल में सीआरपीएफ जवानों को एम्बुश में फंसाकर उनकी हत्या की घटना में भी शामिल था। समर्पित नक्सली को 10 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी गयी। प्रदीप ने नक्सलियों की खोखली विचारधारा से तंग आकर मुख्यधारा में शामिल होने का फैसला लिया।

2008 में जुड़ा नक्सल संगठन से

प्रदीप वर्ष 2008 में नक्सल संगठन से जुड़ा। वर्ष 2017 तक उसने कई वारदातों को अंजाम दिया। नक्सल संगठन में उसके कामों में वायरलेस सेट खोलना, बुबी ट्रेप्स लगाना, मोबाइल मैसेजिंग, सबकी ट्रेनिंग लेना, इंटरसोप्शन डिकोडिंग आदि तकनीकी काम भी शामिल थे। लिहाजा उसके समर्पण से नक्सल संगठन को बड़ा झटका माना जा रहा है।

झारखंड में मुठभेड़, तीन नक्सली ढेर

चाईबासा, (वार्ता)। झारखंड में पश्चिम सिंहभूम जिले के टेबो थाना क्षेत्र में गुरूवार को सुरक्षा बलों और प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफइंडिया (पीएलएफआई) के उग्रवादियों के बीच मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए तथा एक अन्य घायल हो गया। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि पीएलएफआई कमांडर चंपा दस्ते के मनमारू बेड़ा और केनताई के जंगल में छिपे होने की सूचना पर गुरूवार की सुबह केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और जिला पुलिस ने निकटवर्ती जंगल में तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान नक्सलियों ने पुलिस को देख फायरिंग शुरू कर दी।

14 डिप्टी कलेक्टरों को मिली जपं सीईओ की जिम्मेदारी

राज्य शासन ने जारी किया नवीन पदस्थापना का आदेश

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन ने गुरुवार को राज्य प्रशासनिक सेवा के 14 डिप्टी कलेक्टरों की नवीन पदस्थापना आदेश जारी करते हुए सभी को जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) की जिम्मेदारी सौंपी है। सामान्य प्रशासन विभाग के उप सचिव डॉ. रेणुका श्रीवास्तव ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। जारी आदेशानुसार मनोज कुमार बंजारे दंतेवाड़ा को जनपद पंचायत, भोपालपट्नम जिला बीजापुर, हिमांचल साहू को सुकमा से जनपद पंचायत सुकमा, कु. पूजा बंसल को महासमुंद से जनपद पंचायत मैनपुर जिला गरियाबंद, रुचि शर्मा को मुंगेली से जनपद पंचायत फरसाबहार जिला जशपुर का सीईओ बनाया गया है। वहीं शीतल बंसल को रायपुर से ■ शेष पृष्ठ 8 पर

प्रेमी द्वारा जलाई गई भाजपा नेत्री की उपचार दौरान मौत

बैकुंठपुर/(वार्ता)। कोरिया जिले में कथित प्रेमी द्वारा एक पखवाड़े पूर्व जलाई गई चिरमिरी की भाजपा नेता का गुरुवार को निधन हो गया। भाजपा महिला मोर्चा की मण्डल अध्यक्ष सविता राय ने रायपुर के डीके अस्पताल में अंतिम सांस ली। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार भाजपा नेत्री को कैंडल से जलना बता कर उनकी बहन ने लगभग 15 दिन पूर्व जिला अस्पताल बैकुंठपुर में भर्ती कराया था। जहां मनेंद्रगढ़ विधायक डॉ. विनय जायसवाल ने पहुंचकर ■ शेष पृष्ठ 8 पर

विधायक ने पुलिस को दी जानकारी

विधायक ने इसकी जानकारी कोरिया के पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन सिंह को दी थी। जिसके बाद कोरिया पुलिस कप्तान ने एक पुलिस टीम रायपुर के डीके हॉस्पिटल में भाजपा नेत्री अर्चना का बयान लेने के लिए भेजा। जहां कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के सामने अर्चना ने बयान दिया कि सुरेश मोहंती ने उसे जलाया है। इसके बाद पुलिस ने आरोपी सुरेश मोहंती को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस सूत्रों के अनुसार शादी के दबाव ■ शेष पृष्ठ 8 पर

बिजली क्षेत्र में बढ़ानी होगी परिचालन क्षमता : मोदी

नई दिल्ली/ (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिजली क्षेत्र में परिचालन क्षमता बढ़ाने की जरूरत बताते हुए उपभोक्ताओं की संतुष्टि को अधिक से अधिक महत्व देने को कहा है। मोदी ने एक बैठक में विद्युत मंत्रालय और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के कामकाज की समीक्षा के दौरान यह बात कही। बैठक में बिजली क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं के समाधान के लिए विभिन्न नीतिगत पहलों पर चर्चा की गई जिनमें संशोधित टैरिफ नीति और बिजली (संशोधन) विधेयक 2020 भी शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने बिजली क्षेत्र की परिचालन क्षमता में वृद्धि सुनिश्चित करते हुए उपभोक्ता संतुष्टि बढ़ाने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि विद्युत सेक्टर, विशेष रूप से बिजली वितरण क्षेत्र में जो समस्याएं हैं वे सभी क्षेत्रों और राज्यों में एक जैसी नहीं हैं।

गरमा-गरम

बदलाव डब्ल्यूएचओ फाउंडेशन नाम से बनाया गया नया संगठन, सहमति पत्र पर हुए हस्ताक्षर

फंड के लिए सदस्य देशों पर कम होगी डब्ल्यूएचओ की निर्भरता

जिनेवा/ नई दिल्ली/ नवप्रदेश। डब्ल्यूएचओ ने अपने नियमित कामकाज के लिए सदस्य देशों की मदद पर निर्भरता खत्म करने की दिशा में डब्ल्यूएचओ ने बड़ा कदम उठाया है। बुधवार को डब्ल्यूएचओ फाउंडेशन के नाम से एक नये संगठन की स्थापना की गई। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉ. तेद्रोस गेब्रियेसस और डब्ल्यूएचओ फाउंडेशन के संस्थापक प्रो. थॉमस जेल्टनर ने कोविड-19 पर आयोजित नियमित प्रेस वार्ता में इसकी घोषणा की। दोनों संगठनों के प्रमुखों ने एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किये। डॉ. तेद्रोस ने बताया कि कानूनी रूप से डब्ल्यूएचओ फाउंडेशन विश्व स्वास्थ्य संगठन से अलग संस्था है जो स्विट्जरलैंड में पंजीकृत है। यहीं जिनेवा में डब्ल्यूएचओ का मुख्यालय भी है। वह डब्ल्यूएचओ के कामकाज के लिए गैर-पारंपरिक स्रोतों से पैसे जुटायेगा। ये पैसे आम लोगों और बड़े दानदाताओं से जुटाये जाएंगे।

अमेरिकी रुख के परिप्रेक्ष्य में अहम निर्णय

अमेरिका द्वारा पिछले दिनों डब्ल्यूएचओ को दी जाने वाली मदद रोकने के परिप्रेक्ष्य में डब्ल्यूएचओ फाउंडेशन की स्थापना महत्वपूर्ण है। इससे संयुक्त राष्ट्र के तहत काम करने वाला वैश्विक स्वास्थ्य संगठन अपने खर्चे और परियोजनाओं के लिए सदस्य देशों की मदद पर निर्भर नहीं रहेगा।

दो साल पहले बनी थी अवधारणा : डॉ. तेद्रोस

हालांकि एक प्रश्न के उत्तर में डॉ. तेद्रोस ने नये फाउंडेशन की स्थापना और अमेरिकी मदद रोके जाने की घटना के बीच कोई संबंध होने से इंकार कर दिया। उन्होंने कहा कि इसकी अवधारणा दो साल पहले तैयार हुई थी तथा इस दिशा में पिछले साल मार्च में ही काम शुरू हो गया था।

भाजपा नेता संबित पात्रा में कोरोना के लक्षण, भर्ती

नई दिल्ली/ए.। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा में कोरोना वायरस के लक्षण मिले हैं। इसके बाद उन्हें हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है। फिलहाल संबित पात्रा को गुड़गांव के मेदांता हॉस्पिटल में भर्ती किया गया है। फिलहाल संबित की तरफ से इसकी कोई जानकारी नहीं आई है। बीजेपी में शामिल हो चुके ज्योतिरादित्य सिंधिया ने संबित पात्रा के लिए ट्वीट भी कर दिया है। उन्होंने उनके जल्द ठीक होने की कामना की। बता दें कि संबित पात्रा खुद भी डॉक्टर हैं। वह हिंदू राव हॉस्पिटल में मेडिकल ऑफिसर रहे हैं।

अवैध तरीके से प्रसव करने वाले फार्मासिस्ट के खिलाफ जांच शुरू

छापे के बाद करीब महीने भर दबा रहा मामला

■ गरियाबंदल जिले के देवभोग विकास खंड मुख्यालय का मामला

मैंनपुर/देवभोग। गरियाबंद के विकास खण्ड देवभोग मुख्यालय के टिकरापारा में भाजपा के प्रभावसाली नेता के संरक्षण में,सुधीर दौरा द्वारा अवैध रूप से क्लिनिक का संचालन किया जा रहा था। पेशे से फार्मासिस्ट इस शख्स द्वारा क्लिनिक में न केवल दवा वितरण, बल्कि सर्जरी ,इंजेक्शन के अलावा अवैध रूप से प्रसव कर जच्चा बच्चा के जीवन से खिलवाड़ करने का कार्य किया जा रहा रहा है,टिकरापारा के दौरा क्लिनिक में हुए प्रसव की एंट्री सीएचसी में मौजूद राष्ट्रीय हेल्थ मैनेजमेंट पंजी में भी हो रहा था। चूंकि जानकारी ऑनलाइन थी,इसलिए इस प्रसव की जानकारी लगते ही सी.एम.एच.ओ एन.आर. नवरत्न ने देवभोग प्रशासन के साथ मिलकर छापा मारी कर भारी मात्रा में अवैध दवा,बरामद किया था। दौरा ने अपनी राजनीतिक धौंस दिखाकर टीम को पूरी जांच भी नहीं करने दिया था। संचालन से सम्बन्धी कोई दस्तावेज नही दिखाया,न ही छापेमारी के बाद जारी सी.एम.एच.ओ के नोटिस का कोई जवाब देना भी जरूरी नही समझा फिर दौरा की राजनीतिक पहुंच और पकड़ के चलते उक्त मामले कि कार्यवाही धीमी हो गई।

ये हैं नर्सिंग होम के नियम

1: क्लीनिक चलाने वाले डॉक्टर के पास एमबीबीएस, बीएएमएस, आयुर्वेदिक चिकित्सा, यूनानी चिकित्सा की डिग्री होना चाहिए।
2: नर्सिंग होम एक्ट के तहत जिला व राज्य शासन से पंजीयन भी जरूरी
3. नियमों के तहत भवन की लंबाई व चौड़ाई।
4: वेस्ट मटेरियल डिस्पोजल की व्यवस्था पानी बिजली लैब आदि मगर देवभोग के इस तथाकथित डॉ. के पास कुछ भी नहीं मिला था।सब कुछ राजनीतिक पहुँच ही इनका डिग्री डिप्लोमा था।जिसके आधार पर ही मरीजों के जीवन से खिलवाड़ किया जा रहा था।

एफ.आई.आर दर्ज करने की चल रही तैयारी

24 अप्रैल के बाद मसला शांत करा दिया गया था। 13 मई को मामले की जांच कर उचित कार्यवाही करने कांग्रेसी नेता संजय नेताम ने तत्कालीन कलेक्टर श्याम धावड़े को ज्ञापन दिया,कलेक्टर ने उसी दिन ही सीएमएचओ को पत्र भी जारी कर दिया, पर मामला फिर अटका दिया गया था।कलेक्टर ने दोबारा सज्ञान लिया तो 21 मई को सीएमएचओ ने आनन फानन में दो पत्र बीएमओ देवभोग के नाम जारी कर,जानकारी व जांच रिपोर्ट मांगते हुए लिखा था कि 3 दिवस के भीतर जानकारी दी जाए ताकि सुधीर दौरा के क्लिनिक को पूणतः सील कर एफ आई आर दर्ज कराया जा सके।इस आदेश के बाद तीन ड्रग इंस्पेक्टर समेत 5 लोगो की विभागीय टीम ने 26 मई को टिकरापारा व देवभोग पहूच जांच पूरी किया है।हालांकि इसकी रिपोर्ट सौपना बाकी है।

किसने क्या कहा

हम तो अपना काम कर चुके हैं। बी.एम.ओ. देवभोग से इस पर बात कीजिए, ब्लाक अधिकारी होने के नाते उन्हें इसमें एफ़आईआर की पहल करनी चाहिए।

-डॉ.एन.आर. नवरत्न, एस.एम.एच.ओ. गरियाबंद

उक्त क्लिनिक पर छापामारी सीएचएमओ साहब के तत्वाधान में हुई थी, कायदे से उन्हें आगे की कार्यवाही की पहल करनी चाहिए।

-सुनील भारती, बीएमओ देवभोग

पूर्व में जो स्वास्थ्य विभाग द्वारा कार्रवाई हुई थी उस पर हम औषधीय एवं प्रसाधन अधिनियम के तहत मामले को संज्ञान में लिया गया है। मामले को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

-मिनाक्षी वैष्णव, सहायक औषधि नियंत्रक गरियाबंद

एक प्रसूता की हो चुकी है मौत

22 मई को देवभोग बीएमओ डॉ सुनील भारती ने सीएमएचओ को भेजी गई रिपोर्ट में ,सुधीर दौरा के क्लिनिक में हुए अवैध प्रसव की जानकारी भेजी है,जिसमे उन 12 प्रसूताओं के नाम पता दिया है,जिनका फार्मासिस्ट द्वारा प्रशव अपने क्लिनिक में कराया गया है।रिपोर्ट में बताया गया है कि साहसखोल निवासी इच्छावती पति नीलम उम्र 27 वर्ष द्वारा 5 मार्च को सुधीर के क्लिनिक में प्रशव करवाया गया,किन्तु 7 मार्च को उसकी मौत हो गई थी 10 अप्रेल को इसी गांव के धर्मिका के प्रशव में मृत बच्चे का जन्म क्लिनिक में होना बताया गया है।

बैंक सखी ने ग्रामीण क्षेत्रों में जन धन योजना अंतर्गत किया राशि वितरण

खरोरा। कोरोना संकट के बीच लागू लॉक डाउन के दौरान ग्रामीणों को अब प्रधानमंत्री जन धन योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन और मनरेगा की मजदूरी की राशि के लिए केवल बैंको पर ही निर्भर रहने की जरूरत नहीं है राष्ट्रीय ग्रामीण आजविका मिशन के तहत नियुक्त किए गए बैंक सखी के माध्यम से यह राशि गांव में ही उन्हें मिल रही है। ये बैंक सखियां ज्यादा बुजुर्ग, दिव्यांग और अक्षम लोगों के बीच पहुंच कर उन्हें राशि प्रदान कर रही है। जानकारी देते हुए ब्लाक परियोजना प्रबंधक आरंग रामरतन टेंगवर ने बताया की आपका बैंक आपके द्वार' के तहत् गांव-गांव तक बैंकिग सुविधा पहुंचाने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के अंतर्गत औसतन चार से पांच ग्राम पंचायतों के लिए एक बैंक सखी की नियुक्ति की गई है तथा वर्तमान में गांवों में सेवाएं दे रही हैं। इन बैंक सखियों द्वारा लेनदेन के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का समुचित पालन किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत मुंह को ढंककर रखने के अलावा ग्राहकों को 1-1 मीटर की दूरी पर लाइन बनाने को प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही बॉयोमेट्रिक लेनदेन होने के कारण सभी ग्राहकों के हाथ और मशीन के हर लेनदेन के पहले और बाद में सैनिटाइजर से साफ किया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा कोरोना महामारी के दौरान महिला समूह सदस्य, किसानों और मजदूरों के खाते में निश्चित रकम जमा कराई जा रही है,

घायल बंदर का किया गया इलाज

खरोरा। तिल्दा खरोरा मार्ग मे थाना के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बन्दर को अपनी चपेट मे ले लिया जहाँ राहगीरों मानवता दिखाते खरोरा के पशुचिकित्सक को बुलाकर इलाज करवाया।

तालाब गहरीकरण से निकली मिट्टी से किया जा रहा है श्मशान घाट का समतलीकरण

खरोरा। ग्राम पंचायत नरदहा के जनप्रतिनिधियों ने अलग अलग मोहल्ले में वार्ड वार कोरोना महामारी से बचने प्रत्येक घरों में पहुंच कर सावधानी बरतने घर से बाहर निकलने से पहले मास्क अनिवार्य लगाने का संदेश दे रहे है । साथ ही बार बार हाथ धोने अपने आसपास लोगो से सामाजिक दूरी बनाने की बात लोगो से कहीं जा रही है। स्थानीय निवासी अनिल टंडन ने बताया की कोरोना जैसे महामारी से बचाव सिर्फ कुछ सावधानी से बचा जा सकता है जिनसे अपने आसपास को सुरक्षित रखा जा सकता है । टंडन ने आगे बताया कि 10 हजार लगभग की आबादी वाले नरदहा पंचायत में सभी जनप्रतिनिधि का भरपूर सहयोग मिल रहा है । सभी लोग गाँव को 4 हिस्से बाटकर 4 टीम बनाए है। पूरे गाँव जागरूकता का संदेश देने प्रत्येक घर पहुँच कर जागरूकता का संदेश दे रहे है। वही प्रवाशिय मजदूरों के रखने बनाये गए केंद्र में बारी बारी देख रेख भी कर रहे है । वही गाँव मे बाहर से आने जाने वाले लोगो पर भी निगरानी रखे हुए है । बगैर सूचना अंजान दिखने पर तत्काल पंचयात को सूचना दिया जा रहा है । प्रत्येक जनप्रतिनिधि मोर गाँव मोर जवाबदारी के तर्ज पर काम कर रहे है।

■ न्यूज गैलरी

कोरोना मुक्त गंडई का श्रेय अधिकारियों को : नंदकिशोर

गंडई पंडरिया। कोरोना संक्रमण प्रदेश में तेजी से अपना पांव पसार रहा है। आए दिन बड़ी संख्या में कोरोना से संक्रमित लोगों का मिलना जारी है। इस स्थिति

में राजनांदगांव जिला के गंडई नगर में एक भी संक्रमण मामला सामने नहीं आया, पर निश्चित ही इसका नगर के प्रशासनिक अधिकारियों को दिया जाता है। उक्त बातें वरिष्ठ पत्रकार गंडई के नंद किशोर साहू ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से जारी किया और कहा कि केंद्र सरकार की गाइडलाइन के अनुसार गंडई नगर के सभी प्रशासनिक अधिकारियों जिसमें अनुभागिय अधिकारी डॉ दीप्ति वर्मा, नायब तहसीलदार प्रफुल्ल कुमार गुप्ता एवं थाना प्रभारी शिवप्रसाद चंद्रा ने अपनी बेहतरीन कार्य कुशलता का परिचय दिया है जो कि तारीफे काबिल है।

गंडई राजमहल में राजीव गांधी न्याय योजना के सम्बंध में कांग्रेसियों ने की प्रेसवार्ता

गंडई पंडरिया। गंडई के ज़मीदार व पूर्व मंडी अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुसरो ने राजीव गांधी न्याय योजना को छत्तीसगढ़ के किसानों के लिये वरदान कहा है। श्री खुसरो ने प्रेसवार्ता में कहा कि छत्तीसगढ़ के भूपेश सरकार किसान पुत्र है। जिसने किसानों की पीड़ा को महसूस करते हैं। जिसके चलते धान की अंतर की राशि को राजीव गांधी न्याय योजना के रूप में दे रही है। अंतर की राशि 4 किस्तो में देने से किसानों को जरूरत के समय मे काम आने की बात कही। छत्तीसगढ़ सरकार ने कोविड 19 को देखते हुए केंद्र सरकार से कृषि कार्य को मनरेगा में जोड़ने की बात कहा है। जिससे अन्य शहरों में पलायन करने वाले मजदूरों में कमी आएगी और उन्हें उचित मूल्य भी मिलेगा। साथ ही केंद्र सरकार से प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति के खाते में 10-10 हजार रु डालने की बात कहा है। जिसके चलते कोरोना के मार झेल रहे लोगों को राहत मिल सके। वर्ड के पार्षद भिज्ञेश यादव ने प्रेस वार्ता के माध्यम से योजना का लाभ किसानो तक पाहुचने की बात काही है। वही वार्ता में राजमहन्त व वरिष्ठ नेता महेश दास रात्रे ने राज्य सरकार द्वारा अंतर की राशि को 4 किस्तो में दिए जाने का मजाक बनाने वाले विपक्ष पार्टी को करारा जवाब देते हुए कहा कि केंद्र सरकार किसानों को जब प्रधानमंत्री किसान योजना के तहत मिलने वाली राशि को साल में 3 किस्तों में दे रही है, तो राज्य ससरकार अंतर की राशि 4 किस्तों में देना कहाँ तक गलत है।

घटना के 24 घंटे के भीतर शातिर चोर पुलिस गिरफ्त में

■ नगद राशि सहित चोरी का सामान बरामद

■ पुलिस की त्वरित कार्यवाही के लिए एसपी ने दिया पांच हजार का इनाम

गरियाबंद। सोमवार मध्यरात्रि नगर के आशीष मोबाइल शॉप में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले शातिर चोर को पुलिस ने घटना के 24 घंटे के भीतर ही धर दबोचा है। शातिर चोर के पास से मोबाईल, चार्जर, पावर बैंक सहित अन्य चोरी का समान व नगद राशि बरामद कर ली गई है। आरोपी के नाबालिंक होने के चलते उसे किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश करने बाद बाल सम्प्रेक्षण गृह महामुसंद भेज दिया गया है।

घटना का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने पत्रकारो को बताया कि गत 25-26 मई की मध्यरात्री नगर के चंडी चैक स्थित आशीष मोबाइल शॉप में अज्ञात चोर द्वारा आठ मोबाईल फोन, नव डेमो मोबाईल, तीन पॉवर बैंक, तीस ईयर फोन, तीन ईलेक्ट्रिक बोर्ड, एक टॉर्च व चार ब्लुटुथ कुल 47600 के समान के साथ नगदी 22 हजार रूपए की चोरी की गई थी। मंगलवार 26 मई को दुकान संचालक द्वारा इसकी शिकायत सीटी कोतवाली में दर्ज कराई गई। घटना की मुख्यालय में होने के चलते पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया और तत्काल घटना की जांच में जुट गई। थाना प्रभारी आर के साहू के नेतृत्व में टीम गठित कर चोर की पताशाजी शुरू की गई। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों, नकबजनों से पुछताछ की गई। मुखबिर से सुचना के आधार एक नाबालिंक बालक से पुछताछ करने पर उसके द्वारा अपना जुर्म स्वीकार कर लिया गया। आरोपी के बताए पतानुसार नगर के छिंद तालाब के केशोडार जाने वाले मार्ग में स्थित खेत में पुलिया निर्माण हेतु रखे गए पाइप कें भीतर छुरा के रखे चोरी के सामान को पुलिस ने बरामद कर लिया। आरोपी के नाबलिक होने के चलते उसे किशोर न्याय बोर्ड गरियबांद के समक्ष न्यायिक रिमाण्ड में पेश कर बाल सुधार गृह महामसुंद भेज दिया गया। इधर पुसिल के त्वरित कार्यवाही से प्रसन्न होकर एसपी ने सिटी कोतवाली पुलिस टीम को पांच हजार रूपए इनाम देने की घोषणा की है। एसपी ने कहा कि मात्र 24 घंटे मे शातिर चोर का गिरफ्त में आना सराहनीय है। कार्यवाही थाना प्रभारी आर के साहू, सहायक उप निरीक्षक मोहन सिंह ठाकुर, आरक्षक योगेश चन्द्राकर, राकेश यादव, पुष्पेन्द्र मयंक, प्यारी साहू, जयकिशन यादव, सैनिक राजपाल नेताम, रविशंकर सोनवानी शामिल थे। पत्रकारवार्ता के दौरान एएसपी सुखनंदन राठौर तथा एसडीओपी संजय ध्रुव भी मौजुद थे।

छुरा जनपद के कार्यक्रम अधिकारी रमेश कंवर हटाए गये

छुरा। गरियाबंद कलेक्टर के हटते ही भ्रष्ट अधिकारी एवं कर्मचारियों का पूरा कच्चा चिट्ठा बाहर आने लगा है ।आज ही गरियाबंद के नए कलेक्टर श्री क्षतर सिंह देहरे साहब ने अपना पदभार ग्रहण किया है, उसके बाद ही 6 मई 2020 को छुरा जनपद के कार्यक्रम अधिकारी श्री रमेश कवर का स्थानांतरण मैनपुर हो गया था। उस आदेश की कॉपी छुरा जनपद पहुंच गया, यह आदेश 20 दिन पहले निकला था। इससे स्पष्ट होता है कि जिला पंचायत गरियाबंद द्वारा दबाकर रखा गया था।जबकि उस आदेश का अनुमोदन कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक द्वारा किया गया था। इससे स्पष्ट होता है कि गरियाबंद जिले में कितना भ्रष्टाचार व्याप्त था और उच्च अधिकारियों का संरक्षण भी प्राप्त था। 6 मई 2020 से आज दिनांक तक जनपद पंचायत छुरा के मनरेगा शाखा से जितने भी भुगतान हुए हैं उसकी जांच किया जावे ताकि 20 दिनों तक आदेश को दबाकर रखा गया था।इसके पीछे मंशा क्या था,कहीं भ्रष्टाचार तो नहीं था।

शिकायतों के बाद छुरा के प्रभारी सीईओ नारद मांझी हटाये गये

छुरा। नव प्रदेश समाचार ने प्रमुखता से लगातार छुरा जनपद के प्रभारी सीईओ नारद कुमार मांझी जी के द्वारा छत्तीसगढ़ शासन के नियम विरूद्ध कार्यो का प्रकाशन किया था, उसी का परिणाम है कि गरियाबंद कलेक्टर के स्थानांतरण होते ही उनके संरक्षण प्राप्त जनपद पंचायत छुरा के प्रभारी सी0ई0ओ0 श्री नारद कुमार मांझी जी को तत्काल 2 दिनों के अंतराल में ही छत्तीसगढ़ शासन द्वारा हटाया गया एवं उनके स्थान पर जिला रायपुर के डिप्टी कलेक्टर कुमारी अर्चना पांडे जी को जनपद पंचायत छुरा का सी0ई0ओ0 माननीय मुख्यमंत्री जी के अनुमोदन से बनाया गया हैं। पूर्व प्रभारी सीईओ श्री नारद कुमार मांझी जी के द्वारा लगातार छत्तीसगढ़ शासन के नियम के विरुद्ध कार्य करने की शिकायत शासन को प्राप्त होते आ रहा था, जैसे शिक्षकों को नियम विरुद्ध क्रमोन्नति वेतनमान देने का हो, चाहे जनपद पंचायत छुरा के राशि का नियम विरुद्ध भुगतान करने का मामला हो ऐसी अन्य बहुत सारे मामलों की शिकायत लगातार शासन को मिलते आ रहा था। किंतु पूर्व कलेक्टर गरियाबंद के आशीर्वाद होने के कारण उन पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुआ था। उम्मीद है कि उन सभी शिकायतों पर कार्यवाही शासन स्तर पर जरूर होगा।

दान रथ में ग्रामीणों ने दिया राशन

खरोरा। कोरोना महामारी से प्रभावित लोगों की मदद के लिए रवाना की गई दान रथ जनपद पंचायत तिल्दा द्वारा आज हमारे पंचायत ग्राम भरुवाडीह कला में आगमन हुआ। जिसमें ग्राम की मुखिया श्रीमती ईश्वरी कपिल निषाद जी पूरे ग्राम का नेतृत्व सम्हाली और साथ मे सहयोगी ग्राम की महिला संगठन की निर्माता श्रीमती जागेश्वरी विश्वकर्मा ने गांव के महिला समूह को प्रेरित करते हुए। ग्रामवासियों के द्वारा 5 क्विंटल चावल 15 किलो दाल, 10 किलो प्याज, 15 किलो आलू, साथ ही नमक, साबुन, बड़ी, गेंहू, मिर्च मसाला और 4000/- नगद दान किया गया ! दान रथ में गांव के मुख्य सहयोगी श्रीमती दुर्गा वर्मा, सरस्वती निषाद, उर्मिला वर्मा, आरती बंजारे,सेवती धीवर, किरण नारंग एवं सहयोगी , जानकी निषाद(पंच), बिसहत निषाद, सत्यवान निषाद (उपसरपंच) , व्यास गिलहरे पंच, कुमार विश्वकर्मा पंच, गीता वर्मा पंच ग्रामीण नागरिक रूपेश वर्मा,ठगेश्वर ध्रुव, धनेश साहू देवनाथ वर्मा समस्त ग्रामवासियों ने भरपूर सहयोग प्रदान किया।

प्रोफेशनल इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी द्वारा पुलिस को दिया गया सैनिटाइजर दस्ताने

खरोरा। कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव और रोकथाम के उपायों के तहत चल रहे लॉक डाउन के दौरान सुरक्षित होने हेतु इंजीनियरिंग के ख्याति प्राप्त प्रोफेसरों द्वारा संचालित खरोरा रायपुर स्थित प्रोफेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (पाई टेक) द्वारा सैनिटाइजर,दस्ताने, हैंडवॉश,चावल दाल और संस्था द्वारा हाथ से बनाए गए मास्क को पुलिस कर्मी,सफाई कर्मचारी, मजदूर,एवं जरूरतमंदो को वितरित किए जा रहे हैं। जिससे इन सभी लोगो को बड़ी राहत मिली है। पाई टेक परिवार ने इस कार्य को पूरी संवेदनशीलता के साथ किया। जरूरतमंदो को राहत देने की दिशा में यह संस्था सहयोग कर रही है। कोरॉना वायरस से बचाव को लेकर इस संस्था ने लोगों से सोशल डिस्टेनसिंग बनाने एवं कोरोना के चलते बेवजह घर से ना निकलने की अपील की और यह भी बताया कि कोरोना से बचाव के लिए घर से बाहर निकलते समय नाक मुंह पर मास्क का प्रयोग करें तथा हाथों को अच्छे से सैनिटाइज़ करें।

बिजली की आंख मिचौली से परेशान उपभोक्ता

■ सल्फर बिजली का वादा ठंडे बस्ते में

गंडई पंडरिया। गंडई से जुड़े क्षेत्रों में बिजली की आँख-मिचौनी से लोगों को काफी परेशानी हो रही है। इस सम्बन्ध में लोगों ने कई बार विद्युत विभाग के कर्मचारियो से मौखिक शिकायत की, लेकिन समस्या जस की तस बनी है। दो ङ्क चार दिनो से काफी शिकायत मिल रही है, लोगों को अधिक परेशानी हो रही है। पिछले कुछ दिनों से इस फीडर से जुड़े इलाकों में बिजली की आवाजाही का सिलसिला थम नहीं रहा है। लोगों ने बताया कि दिन व रात में कई बार बिजली की कटौती की जा रही है। कुछ ऐसा ही हाल कई मोहल्ले का है। यहाँ पर भी अघोषित बिजली कटौती की जा रही है। बिजली की आवाजाही थम नहीं रही है। इन क्षेत्रों के लोगों ने बताया कि 2-3 दिनों से अघोषित बिजली कटौती की जा रही है। विभागीय अधिकारियों को विद्युत कटौती का रोस्टर जारी करना चाहिए, ताकि लोगों को इसकी जानकारी हो सके।

इन दिनों गंडई क्षेत्र में अनावश्यक रूप से बिजली कटौती से क्षेत्र के ग्रामीण काफी परेशान नजर आ रहे हैं। मालूम हो कि बिना आंधी तूफान के भी घंटों बिजली बंद होने की शिकायत मिल रही है। छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा सल्फर बिजली सप्लाई का वादा झूठा साबित होने नजर आ रहा है, या यूं कहे कि बिजली विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही के चलते सरकार को बदनाम होना पड़ रहा है, कोरोना संकट काल के समय लॉकडाउन के कारण लोगों को घर पर ही रहना पड़ रहा है। ऐसे में लोगों को बिजली की सख्त जरूरत है। बावजूद बार-बार बिजली कट को ना समझ से परे है या तो ऐसा कि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी में शिकायत करने के बाद भी लाइन को सुधारा नहीं जाता यहां के विद्युत विभाग के कर्मचारी द्वारा लापरवाही ज्यादा देखने को मिलता है। नगर पंचायत गंडई के लगभग सभी वार्डों में रोजाना कट - कट कर एक-दो घंटे लाइट बंद दिखा जाता है। जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने मौखिक रूप से किया था। बिजली की लगातार सप्लाई होने से लोग जैसे तैसे टीवी के माध्यम से मनोरंजन का साधन ढूंढ लेते हैं लेकिन बिजली बंद होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इधर गर्मी की वजह से वह लाइट बंद होने के कारण और भी परेशानी बढ़ रही है। लोगों को कूलर पंखे की सख्त जरूरत रहती है लेकिन बिजली बंद होने के कारण कूलर पंखा का चलना मुश्किल हो जाता है। बिजली की आंख मिचौली से लोगों को और कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

विद्युत घर के पावर ट्रांसफार्मर खराब हो गया था जिसके जगह नया लगाया गया है। तीन चार दिनो से परेशानी हुई थी अब आगे से समस्या नहीं होगी। गंडई सब स्टेशन के लिए नए जेई की नियुक्ति हो गई है।

केएस मरकाम, असीटेंट इंजीनियर

न्यूज गैलरी

ओएलएक्स पर बाइक बेचने के नाम पर 1 लाख 41 हजार की हुई धोखाधड़ी

रायपुर। ऑनलाइन बिजनेस के बढ़ते स्वरूप के कारण एक ओर जहां उपभोक्ताओं को घर बैठे विभिन्न वस्तुएं क्रय करने का अवसर मिल रहा है। वहां कई आपराधिक किस्म के लोग ऑनलाइन पर फर्जी विज्ञापन देकर क्रेताओं को ठग रहे हैं। आमानाका थाने से मिली जानकारी के अनुसार दीपक कुमार सैनी आयु 24 वर्ष पिता सावरमल सैनी निवासी एम्स अस्पताल के पास आमानाका को आरोपी अज्ञात मोबाइल फोन धारक द्वारा ओएलएक्स पर टूव्हीलर बिक्री का विज्ञापन दिया गया था जिसे देखकर प्रार्थी ने बाइक खरीदने के लिए आरोपी से फोन में बात की। आरोपी ने प्रार्थी से प्रारंभिक 51 सौ रुपये सुरक्षानिधि खाते में जमा करने की बात कही जिस पर प्रार्थी ने मोबाइल पे के माध्यम से उक्त रकम आरोपी को प्रेषित की। प्रार्थी का एकाउंट नंबर आरोपी के मोबाइल में आने के बाद उसने प्रार्थी के खाते से पांच बार में एक लाख 41 हजार रुपये की राशि आहरित कर बाइक नहीं भेजकर प्रार्थी के साथ धोखाधड़ी की।

बिजनेस पार्टनरशिप के नाम पर एक करोड़ की धोखाधड़ी

रायपुर। साझेदारी के व्यावसाय में बड़ी रकम लगाकर व्यापार में साझेदार रखकर व्यापार करने का काम लंबे अर्से से व्यापारिक क्षेत्र में चल रहा है। साझेदारी के झगड़े अथवा धोखाधड़ी के मामले में अक्सर प्रकाश में आते रहते हैं। राजेंद्र नगर थाने से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी संजय दुबे आयु 54 वर्ष स्व. बीपी दुबे निवासी केडिया बिजनेस पार्क टाटीबंध आमानाका से आरोपी श्री प्रकाश केडिया पिता स्व. अबीरचंद केडिया एवं मंजू प्रकाश केडिया पति श्रीप्रकाश केडिया द्वारा केडिया बिजनेस टॉवर लालगंगा होटल में प्रार्थी को बिजनेस पार्टनर बनाने के नाम पर एक करोड़ रुपये की राशि व्यय करवाकर प्रार्थी को पार्टनर नहीं बनाकर आरोपियों ने धोखाधड़ी की।

ओएलएक्स पर फर्जी विज्ञापन देकर 15 हजार की हुई ठगी

रायपुर। आजाद चौक थाने से मिली जानकारी के अनुसार रंबानी खान आयु 25 वर्ष पिता स्व. गुलाम हुसैन निवासी मोमीनपारा रायपुर को अज्ञात मोबाइल धारक आरोपी द्वारा ओएलएक्स पर मोबाइल फोन बिक्री करने के नाम पर विज्ञापन दिया गया था। प्रार्थी द्वारा उक्त विज्ञापन के झांसे में आकर मोबाइल फोन से कोरियर में सैट प्रेषित करने के लिए 14 हजार रुपये जमा कराकर आरोपी द्वारा प्रार्थी को मोबाइल फोन न भेजकर धोखाधड़ी की गई है। उक्त मामले में आजाद चौक थाने ने आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत मामला कायम किया है।

छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली स्पेशल ट्रेनों में प्रवासी श्रमिकों के लिए बिस्किट और पानी के पाउच की होगी व्यवस्था : सीएम

मुख्यमंत्री ने रायपुर, बिलासपुर, राजनांदगांव, जांजगीर-चांपा और रायगढ़ कलेक्टर को दिए निर्देश

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि छत्तीसगढ़ से होकर गुजरने वाली श्रमिक स्पेशल ट्रेनों के राज्य में ठहरने वाले स्टेशनों में प्रवासी श्रमिकों के लिए बिस्किट और पानी पाउच की समुचित व्यवस्था की जाएगी। मुख्यमंत्री ने इसके लिए रायपुर, बिलासपुर, राजनांदगांव, जांजगीर-चांपा और रायगढ़ कलेक्टर को निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि लॉकडाउन के कारण प्रवासी श्रमिकों के लिए रेल्वे स्टेशनों में भोजन-पानी की कोई व्यवस्था नही है और न ही वो टेऊनों से उतर पा रहे है। ऐसी स्थिति में उन्हें बिस्किट और पानी के पाउच आदि मुहैया कराने से काफी राहत मिलेगी।

मुख्यमंत्री बघेल ने जिला कलेक्टरों से कहा है कि अन्य राज्यों में फंसे प्रवासी श्रमिकों की उनके गृह राज्यों में वापसी के लिए श्रमिक स्पेशल ट्रेन चलायी जा रही है। ऐसी श्रमिक स्पेशल ट्रेने जो छत्तीसगढ़ से होकर गुजरेंगी यदि आपके जिले में रूकती है तो कम से कम एक मुख्य स्टेशन में इन प्रवासी श्रमिकों के लिए पर्याप्त संख्या में बिस्किट और पानी पाउच की व्यवस्था की जाए। ट्रेन के स्टेशन पर रूकते ही तत्काल यात्रियों को इसके वितरण की व्यवस्था की जाए।

वितरण के लिए आवश्यक दल गठित कर लिए जाएं, साथ ही इस कार्य में वालिंटियर्य का सहयोग भी लिया जाए। सामग्री के वितरण का सुपरविजन जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा किया जाएगा। बिस्किट या अन्य खाद्य सामग्रियों को उचित ढंग से संग्रहित किया जाए ताकि वो खराब न हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा है कि यह व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित की जाए।

केबिनेट सचिव ने मुख्य सचिवों से कोरोना के रोकथाम के संबंध में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक ली

भारत सरकार के केबिनेट सचिव राजीव गौबा ने आज दिल्ली से देश के सभी राज्यों के मुख्य सचिवों से वीडियो कान्फ्रेंसिंग ली। इसके जरिए कोरोना वायरस कोविड-19 के संक्रमण की रोकथाम और प्रभावितों के इलाज सहित परिवहन, आर्थिक गतिविधियों के संचालन, प्रवासी श्रमिकों की समस्याओं के निराकरण सहित अन्य मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में छत्तीसगढ़ से स्वास्थ्य विभाग की सचिव श्रीमती निहारिका बारिक सिंह और खाद्य एवं परिवहन विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह शामिल हुए। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी भाग लिया।

छत्तीसगढ़ में भीषण गर्मी का कहर जारी

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। राज्य में आ रही उत्तर पश्चिम दिशा की गर्म शुष्क हवा से पारा लगातार ऊपर चढ़ता जा रहा है। मई माह के अंतिम सप्ताह में ही पारा अब 45 डिग्री तक पहुंच गया है। हालांकि आगामी दो दिनों में तापमान में कोई विशेष परिवर्तन भी नहीं होगा।

मौसम वैज्ञानिक एचपी चन्द्रा ने बताया कि छत्तीसगढ़ में इस समय उत्तर पश्चिम दिशा से गर्म और शुष्क हवाएं आ रही है। इसी के प्रभाव से राज्य में तापमान तेजी से बढ़ा है। राज्य के लगभग सभी प्रमुख शहरों में इन दिनों गर्मी में इजाफा हुआ है और धूप असहनीय हो गई है। वर्तमान में अधिकतम तापमान का आंकड़ा अब अपने पीक पोजिशन पर आ गया है। इससे संभावना है कि अब आने वाले एक-दो दिनों में अधिकतम तापमान के आंकड़े में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। राज्य की राजधानी रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर संभाग के जिलों में आज और कल लू के हालात बन सकते हैं। इधर गर्म-शुष्क हवा के असर से तापमान में हुई वृद्धि का असर आम जनजीवन में भी देखने को मिल रहा है। दिन में चिलचिलाती धूप से घरों से बाहर निकलना दुभर हो गया है। बहुत जरूरी काम होने पर ही लोग अपने-अपने घरों या कार्यालयों से बाहर निकल रहे हैं। दिन के अलावा अब रात में भी कूलर, पंखे बेअसर साबित होने लगा है। हालांकि अब अधिकतम तापमान में एक डिग्री से ज्यादा वृद्धि अथवा कमी की भी संभावना काफी कम है।

राज्य में कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने के आसार

***रायपुर।** राज्य में आगामी 48 घंटों के दौरान एक-दो स्थानों पर मेघ गर्जन के साथ अंधड़ चलने तथा उत्तरी व दक्षिणी इलाकों में एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा या गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। मौसम विभाग से जारी पूर्वानुमान के अनुसार वर्तमान में एक द्रोणिका पंजाब से लेकर उत्तरी छत्तीसगढ़ तक बनी हुई है। दूसरी द्रोणिका विदर्भ से लेकर तमिलनाडु तक बनी हुई है। इन दोनों मौसमी तंत्र के प्रभाव से उत्तर और दक्षिण छत्तीसगढ़ में एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ सकते हैं। वहीं एक-दो स्थानों पर मेघ गर्जनन के साथ अंधड़ चल सकती है। कल दिनांक 29 मई को छत्तीसगढ़ के एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। मेघ गर्जन के साथ अंधड़ चल सकती है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में मामूली गिरावट के साथ विशेष परिवर्तनन के आसार फिलहाल नहीं है।*

उप से सहायक अभियंता के पद पर पदोन्नति देने की मांग

■ विधायक शैलेश पांडेय ने विभागीय मंत्री को लिखा पत्र, प्रदेश में रिक्त है 148 पद, 13 साल से अटका है प्रमोशन

रायपुर। छत्तीसगढ़ ग्रामीण यांत्रिकी सेवा डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन ने प्रदेशभर में रिक्त 148 सहायक अभियंताओं के पदों पर उप अभियंताओं को पदोन्नत करने की मांग की है। एसोसिएशन ने विज्ञप्ति जारी कर कहा कि 2013 से उप अभियंताओं की आम पदोन्नति नहीं हो सकी है, अगर यह पदोन्नति होती है तो नवीन उप अभियंताओं के रिक्त पद सृजित होंगे एवं सालो से पदोन्नति की मांग कर रहे उप अभियंताओं को न्याय मिलेगा। आपको बता दें कि लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक अभियंताओं की भर्ती प्रक्रिया जारी है, इससे पहले यह पदोन्नति होती है तो और नए पद सृजित होंगे। वहीं, बिलासपुर विधायक शैलेश पांडेय ने भी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन की मांग पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्री टीएस सिंहदेव को पत्र लिखकर पदोन्नति के लिए पहल करने निवेदन किया है।

34 धान खरीदी केन्द्रों में चबुतरा एवं अहाता निर्माण के लिए 6 करोड़ मंजूर

रायपुर। नगरीय प्रशासन और श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया की विशेष पहल पर आरंग विधानसभा क्षेत्र के 34 धान खरीदी केन्द्रों में 280 चबूतरा और अहाता निर्माण के लिए लगभग 6 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति की गई है । धान खरीदी केन्द्रों में चबूतरा एवं अहाता निर्माण के लिए स्वीकृति दिये जाने पर क्षेत्र के किसानों ने मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया और राज्य सरकार के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा है कि अब चबूतरा और अहाता निर्माण हो जाने से किसानों के ऊपज को रखने में आसानी होगी तथा कृषि उपज सुरक्षित रहेगा। यह स्वीकृति महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के तहत प्रदान की गई है। आरंग विधानसभा क्षेत्र के इन धान खरीदी केन्द्रों में स्वीकृत चबूतरा एवं अहाता निर्माण में चपरीद धान खरीदी केन्द्र के लिए 19.97 लाख रुपये, मंदिरहसौद के लिए 19.34 लाख रुपये, सेमरिया (प) के लिए 19.97 लाख रुपये, फरफौद के लिए 14.92 लाख रुपये, कुटेला के लिए 14.69 लाख रुपये, मोखला के लिए 19.37 लाख रुपये, लखौली के लिए 19.91 लाख रुपये, गौरभाट के लिए 19.99 लाख रुपये, भिलाई के लिए 19.5 लाख रुपये, गोईंदा के लिए 19.87 लाख रुपये, गोढ़ी के लिए 19.4 लाख रुपये, पलौद के लिए 19.5 लाख रुपये, बरौदा के लिए 16.78 लाख रुपये, नगपुरा के लिए 19.48 लाख रुपये, उमरिया के लिए 19.5 लाख रुपये और पंधी धान खरीदी केन्द्र चबुतरा निर्माण के लिए 16.51 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है । इसी प्रकार नरदहा धान उपार्जन केन्द्र में चबुतरा निर्माण के लिए 17.1 लाख रुपये, पचेड़ा के लिए 16.76 लाख रुपये, बाना के लिए 17.1 लाख रुपये, गुल्लू के लिए 17.09 लाख रुपये, खौली के लिए 19.9 लाख रुपये, कोसमखुंटा के लिए 16.58 लाख रुपये, कोसरंगी के लिए 17.1 लाख रुपये, जरौद (क) के लिए 11.93 लाख रुपये, भण्डारपुरी के लिए 17.1 लाख रुपये, देवरतिल्दा के लिए 17.1 लाख रुपये, रीवां के लिए 17.1 लाख रुपये, नारा के लिए 19.91 लाख रुपये, भैंसा के लिए 17.1 लाख रुपये, सकरी (को) के लिए 17.1 लाख रुपये, खमतराई के लिए 19.97 लाख रुपये, खोरसी के लिए 14.43 लाख रुपये, चंदखुरी के लिए 17.1 लाख रुपये, अमोदी के लिए 7.13 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है ।

केंद्र के कुप्रबंधन और गलत फैसलों के कारण देश में बढ़ा कोरोना : धनंजय

घर वापसी के प्रयास में दुर्घटना और कोरोना महामारी संक्रमण से हुयी मजदूरों, गर्भवती महिलाओं, मासूम बच्चों की मौत के लिये मोदी-भाजपा सरकार जिम्मेदार

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने मजदूरों एवं मजदूर के परिवार के मासूम बच्चों, गर्भवती महिलाओं के कोरोना संक्रमित होने के लिये केन्द्र की मोदी, भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लाकडाउन वन में ही देशभर में फंसे मजदूरों की सकुशल घर वापसी की मांग मोदी सरकार से किये थे। मजदूरों के घर वापसी की मांग पर मोदी सरकार ने सहानभूति पूर्वक विचार करती और मजदूरों को मद्द की होती तो लाकडाउन वन में ही मजदूर अपने परिवार सहित अपने घर में होते, कोरोना महामारी के संकट से दूर होते मजदूरों के मासूम बच्चे और गर्भवती महिलाओं की कोरोना महामारी के चपेट में आने से अकाल मृत्यु नहीं होती। मोदी भाजपा सरकार के कुप्रबंधन और गलत फैसलों के कारण ही पूरे देश सहित छत्तीसगढ़ के मजदूरों को अमानवीय कष्ट और अकारण दुख झेलना पड़ा। घर वापसी के प्रयास कर रहें मजदूर और उनके परिवार नंगे पांव, भूखे प्यासे भटकते हुये सड़को, रेल पटरियों में हादसो के शिकार होने और उनकी मौत तक की दर्दनाक घटनायें सामने आयी।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि किसान, मजदूर विरोधी भाजपा अब मजदूरों के नाम से घड़ियाली आंसू बहाना और झूठी हमदर्दी जताना बंद करें। भाजपा तब कहा थी, जब मोदी सरकार के द्वारा अचानक किये गये लॉक डाउन और बस ट्रेन के बंद होने से छत्तीसगढ़ सहित देशभर के मजदूर दूसरे राज्यों के संक्रमित एरिया में 2 माह तक फंसे रहे? मजदूर लाकडाउन में भूखे, प्यासे रहे उनकी रोजी-रोटी का नुकसान हुआ।

देश के साथ-साथ छत्तीसगढ़ के लाखों लोग इंडिया स्पीक में हुए शामिल : शैलेष

0-राजीव भवन में कांग्रेस संचार विभाग से भी अनेक नेता लाइव से जुड़े

रायपुर। इंडिया स्पीक कार्यक्रम में पूरे देश के साथ-साथ छत्तीसगढ़ के लाखो लोग इंडया स्पीक में लाइव हुये। राजीव भवन में कांग्रेस संचार विभाग से भी अनेक नेता लाइव से जुड़े। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि 20 लाख करोड़ के कोरोना पैकेज से मोदी के चंद चहेते उद्योगपतियों की सहायता हुयी : सरकारी कंपनियां इन्हीं को बेचने का फैसला कोरोना पैकेज से है। मध्यम वर्ग, गरीबों, मजदूर, किसानो, रिक्शे, ठेले वालो, खोमचा वालो, आटो वालो, निजी नौकरी करने वालों, रोज कमाने खाने वालों को क्या मिला? मदद की जरूरत जिनको है उनको दी जाये। आज फेसबुक लाइव में जाके हम कांग्रेस के लोगों ने 10 हजार रू. की तत्काल सहायता गरीबों को जरूरतमंदों को देने की मांग की है। इसके साथ-साथ 7500 रू. 6 महिनों तक गरीबों को देने की मांग हम केन्द्र की मोदी सरकार से करते है। 20 लाख करोड़ का पैकेज और इस पैकेज में गरीबों को क्या मिला? छोटे दुकानदारों को क्या मिला? मध्यम वर्ग को क्या मिला? रोज खाने वाले रोज कमाने वाले, निजी नौकरी करने वालों को क्या मिला? इन लोगो को आज पैसा दिया जाना समय की जरूरत है। जो मजदूर बेबसी में भूखे प्यासे बिना रोजी रोटी के अपनी गाढ़ी पूंजी गंवा के प्रदेश में फंसे हुये है, बाहर के प्रदेशों में फंसे हुये है। वे अपने घर, गांव और प्रदेश आना चाहते है, केन्द्र की मोदी सरकार तत्काल उन्हें घर गांव तक पहुंचाने की व्यवस्था करें। ये मांग कांग्रेस पार्टी के लाखों कार्यकर्ता सोशल मीडिया में कर रहे है। लाइव जाके कर रहे है। ये एक प्रकार की सोशल की वल्यूएशन है। सोशल मीडिया में जाके गरीब मजदूर बेबस जरूरतमंद की आवाज उठाने का फैसला कांग्रेस पार्टी ने ली है।

राजनीति | प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पद के लिए भीतरखाने में रस्साकशी

डमी की ताजपोशी या सर्वमान्य को मिलेगा चांस!

■ लॉकडाउन में भी अंदरुनी सियासत से सब पशोपेश में

■ रमन-कौशिक की पसंद और मुखर नेता हुए सक्रिय

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। प्रदेश के भाजपा संगठन में लॉकडाउन के समय भी भारी उठा-पटक का दौर है। नए प्रदेशाध्यक्ष को लेकर राज्यसभा सांसद रामविचार नेताम, वरिष्ठ विधायक बृजमोहन अग्रावल, अजय चंद्राकर, नारायण चंदेल, प्रेमप्रकाश पांडेय, शिवरतन शर्मा, और पूर्व मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय काफी सक्रिय हैं। इसी के साथ संगठन को लेकर भी बातें हो रही हैं। माना जा रहा है कि नए प्रदेश अध्यक्ष का ऐलान भी जल्द हो सकता है। प्रदेश में एक बार फिर से भाजपा के नए कमांडर को लेकर सियासत तेज हो गई है। इसके लिए राजधानी में लगातार बैठकों का दौर भी चल रहा है। इन बैठकों में उक्त छह प्रमुख नेताओं की सक्रियता की काफी चर्चा है।

चर्चा का मुद्दा प्रदेश भाजपा संगठन ही है। सभी इसी प्रयास में हैं कि नया प्रदेश भाजपा संगठन अध्यक्ष कोई डमी न हो। अब देखना यह है कि रमन-कौशिक-उसेंडी की पसंद चलेगी या फिर विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद सत्ता से चूक गए मुखर पार्टी नेता इस पद को हथियाएंगे यह रोचक होगा।

सभी का मन टटोलकर जा चुके नेता

खबरों और प्रदेश में भाजपा के हालात की जानकारी के पश्चात ही भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के निर्देश पर महासचिव बीएल संतोष ने जहां प्रदेश के सभी सांसदों से चर्चा की, वहीं प्रदेश के पार्टी दिग्गजों व वरिष्ठों से भी रायशुमारी की है। बार-बार प्रदेश अध्यक्ष पद के ऐलान और प्रक्रिया में लेट होने की वजह ही है कि इस बार पार्टी की कमान डमी नहीं सर्वमान्य को ही कमांड दी जाए।

एक पद के लिए सभी हैं प्रयासरत

नए प्रदेश अध्यक्ष को लेकर कई दावेदारी है। इसमें आदिवासी नेता के रूप में रामविचार नेताम, ननकी राम कंवर, सामान्य वर्ग से संतोष पांडेय, बृजमोहन अग्रवाल, ओबीसी वर्ग से अजय चंद्राकर, सांसद विजय बघेल, नारायण सिंह चंदेल, के नाम हैं। कुछ वक्त पहले सोशल मीडिया में रामविचार नेताम को अध्यक्ष बनाए जाने का भी हल्ला मच गया था। ऐसा माना जा रहा है कि जल्द ही नए प्रदेश अध्यक्ष की ताजपोशी हो जाएगी। यह सारी कवायद डमी अध्यक्ष नहीं चाहने वाले खेमे की है।

गुट बनाकर दिल्ली दौरा कर चुके कई

लंबे वक्त से इस पद के लिए गुटीय सियासत चल रही है। कोरोना के कहर के पहले जब एक समय यह माना जा रहा था कि पूर्व केंद्रीय मंत्री विष्णुदेव साय का नाम फाइनल हो सकता है। तभी राज्यसभा सांसद रामविचार नेताम का नाम भी उछला। इसके बाद से ही बृजमोहन अग्रवाल, अजय चंद्राकर, प्रेमप्रकाश पांडेय, नारायण सिंह चंदेल दिल्ली दरबार का रुख कर लिए थे। सूत्रों की मानें तो वहां वे राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात कर यहां के हालात से वाकिफ करवाया था। खबरें तो यह भी आईं कि प्रदेश में भाजपा संगठन में कोई डमी को न बिठाया जाए यहां तक चर्चा हुई।

तेंदूपत्ता खरीदी, भुगतान और बोनस पर सरकार को घेरा

■ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बोले कांग्रेस वनवासियों से कर रही अन्याय

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विक्रम उसेंडी ने राज्य सरकार पर आरोप लगाया है कि वह वनवासियों के साथ अन्याय कर रही है। तेंदूपत्ता की ख़रीदी जानबूझकर आधी ही करने और इससे हो रहे संग्राहकों को नुक्सान का मुद्दा उठाया है। साथ ही लक्ष्य के विरुध्द सिर्फ 50 फीसदी ही खरीदी कर ठेकेदारों-अधिकारियों की सांठ-गांठ कर पड़ोसी राज्यों में तेंदूपत्ता बेचा जा रहा है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का कहना है कि बीते तीन साल की खरीदी को आधार मानकर इस वर्ष तेंदूपत्ता संग्राहकों को औसत राशि का भुगतान भूपेश सरकार को करना चाहिए। संग्राहकों के लिए बीमा और छात्रवृत्ति योजना के लाभ समेत पिछले साल के बोनस को भी सुनिश्चित करवाने की मांग की है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री उसेंडी ने कहा कि इस वर्ष लगभग 13 लाख तेंदूपत्ता संग्राहकों के माध्यम से 16,71,700 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य रखा गया है लेकिन अब तक इस लक्ष्य के विरुद्ध सिर्फ 50 पीसदी ही तेंदूपत्ते की ख़रीदी की गई है। इससे पहले वर्ष 2019 में 15,01,281 मानक बोरा, 2018 में 14,80,034 मानक बोरा और 2017 में 17,09,976 मानक बोरा तेंदूपत्त संग्रहण हुआ था। लेकिन इस वर्ष अधिकांश समितियों में सिर्फ तीन-चार दिन ही तेंदूपत्ता संग्रहण का काम कराया गया। प्रदेश सरकार के इशारे पर जान-बूझकर तेंदूपत्ते की ख़रीदी कम किए जाने से तेंदूपत्ता संग्राहकों को काफ़ी नुकसान उठाना पड़ रहा है। श्री उसेंडी ने मांग की है कि प्रदेश सरकार पिछले तीन वर्षों की खरीदी को आधार मानकर इस वर्ष तेंदूपत्ता संग्राहकों को औसत राशि का भुगतान करे ताकि कोरोना संकट की इस घड़ी में इन गरीब, आदिवासी तेंदूपत्ता संग्राहकों के सामने कोई बड़ी दिक्क़त खड़ी न हो।

बीते 2 साल के बोनस 700 करोड़ देने की मांग

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष उसेंडी ने खुलासा किया कि बस्तर और सरगुजा संभाग में कम दिनों तक ही संग्रहण का काम चलने के कारण अब तेंदूपत्ता की अंतरराज्यीय तस्करी कर ठेकेदारों और अधिकारियों की साँठगाँठ से यह तेंदूपत्ता आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र ,ओडिशा और झारखंड में बिकने के लिए भेजा रहा है, जिससे प्रदेश शासन को राजस्व की क्षति भी हो रही है। श्री उसेंडी ने इस बात पर भी हैरत जताई कि गरीबों, आदिवासियों की नित दुहाई देते रहने वाली प्रदेश सरकार ने तेंदूपत्ता संग्राहकों को वर्ष 2018 व वर्ष 2019 के दो साल के 700 करोड़ रुपए का बोनस अब तक भुगतान नहीं कर वनवासियों के साथ अन्याय किया है।

संपादकीय

दुनिया का चौधरी न बने अमेरिका

भारत और चीन के बीच सीमा विवाद को हल करने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मध्यस्थता करने की पेशकश की है। जबकि अभी दोनों देशों के बीच विवाद इतना नहीं गहराया है कि किसी तीसरे देश की गखलंदाजी की जरूरत पड़े। लद्दाख में चीन में दोकलाम दोहराने की जो कोशिश की है उसका भारत ने कड़ा प्रतिकार किया है। भारत के कठोर रूख अख्तियार करने से चीन में अब भारत के साथ द्विपक्षीय बातचीत के जरिए विवाद को खत्म करने की बात कही है। चीन जानता है कि इस समय भारत के साथ पुरी दुनिया खड़ी हुई है जबकि कोरोना के कारण चीन पूरे विश्व के निशाने पर है। यदि वह भारत के साथ जंग के हालात पैदा करता है तो चीन को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। यही वजह है कि अब चीन ने एक तरह से भारत के सामने हथियार डाल दिए है। भारत और चीन के बीच सीमा विवाद लंबे समय से चला आ रहा है जो आपसी बातचीत के जरिए ही खत्म होगा। अमेरिका की पेशकश को न चीन कबूल करेगा और न ही यह भारत को मंजूर होगा। किन्तु अमेरिका दुनिया का चौधरी बनने की कोशिश करता रहा है। इसके पहले भी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कश्मीर को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्तता करने की पेशकश की थी जिसे भारत ने ठुकरा दिया था। भारत ने स्पष्ट कहा था कि यह भारत और पाकिस्तान के बीच का द्विपक्षीय मामला है और इसमें किसी तीसरे देश का दखल भारत को कतई मंजूर नहीं है। अंततः भारत के रूख को भांप कर अमेरिका ने मध्यस्थता करने से मना कर दिया था। अब अमेरिका फिर भारत और चीन के बीच दखल देने की कोशिश कर रहा है। यह ठीक है कि इस समय भारत को अमेरिका अपना सबसे करीबी दोस्त मानता है और चीन को वह अपना दुश्मन मान रहा है। लेकिन इसके बाद भी भारत आज की तारीख में इतनी ताकत रखता है कि वह अपने पड़ौसी देशों के साथ सीमा विवाद का निपटारा कर सकें। बेहतर होगा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दूसरे के फटे में पांव फंसाने की जगह अपना ध्यान अपने देश पर केन्द्रित करें जो इस समय कोरोना वायरस के संक्रमण से सर्वाधिक पीड़ित है। डोनाल्ड ट्रंप अपने देश की चिंता करें और इस तरह की पेशकश कर के मान न मान मै तेरा मेहमान वाली कहावत को चरितार्थ करने से बाज आएं।

विचार- कुछ तो कम हो ताप

देश में इस बार गर्मी ने देर से दस्तक दी लेकिन अभी उसने पूरे उत्तरी और मध्य भारत को अपनी चपेट में ले लिया है। कई इलाकों में तापमान 45 डिग्री को पार कर चुका है। राजस्थान के चुरू में तो यह 50 डिग्री पर जा पहुंचा है, जो बीते मंगलवार को पूरी दुनिया का उच्चतम तापमान था। राजधानी दिल्ली में सफदरजंग में यह मई महीने का 18 वर्षों का रेकॉर्ड तोड़ चुका है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक अभी चल रहे लू के ये थपेड़े अपना भरपूर असर छोड़कर जाएंगे। जून में लू चलती भी है तो मॉनसून संबंधी गतिविधियों के चलते पारा जल्द ही नीचे आ जाने की उम्मीद बनी रहती है। मई में तो ऐसा कोई इत्मीनान भी नहीं होता। ऐसी भीषण गर्मी यूं तो हर किसी के लिए तकलीफदेह साबित होती है, लेकिन इस बार इसके साथ यह दुर्भाग्य भी जुड़ा है कि लंबे लॉकडाउन और बेरोजगारी के मारे अनगिनत प्रवासी मजदूर अपने गांव जाने की प्रक्रिया में बीबी-बच्चों समेत कहीं न कहीं फंसे हुए हैं। कई लोग पैदल ही गांव के लिए सैकड़ों मील लंबे सफर पर निकल पड़े हैं। हजारों की संख्या में ऐसे परिवार हैं जो ट्रेन मिलने की आस में स्टेशनों तक पहुंच गए हैं लेकिन ट्रेन कैंसल होने या जगह न मिलने के चलते सड़क पर ही डेरा डाले हुए हैं। किराये की जगह छूट गई है, और किसी मकान मालिक ने रियायत कर रखी हो तो इस डर से वापस जाना मुश्किल है कि दोबारा सही समय पर स्टेशन न पहुंच पाए तो अगली ट्रेन भी छूट जाएगी।

दास्तां-ए-मजदूर लड़की

लक्ष्य, भाग्य, विपत्ति और दूरी नहीं रखती मायने

रज्जु कुमार भोई

> ज्योति के निर्णयन क्षमता (खासकर पिता द्वारा उनके प्रतिभा या काम कर पाने का शक करना) और लक्ष्य के प्रति दृढ़ता ने विपरीत स्थिति में विघ्नकारी बाधाओं के समय दुर्गा के रौद्ररूप को प्रदर्शित किया है, इसके अलावा विपरीत हालात में, निर्णय लेकर न मुकरना तथा पहल करना, प्रबंधकीय दृष्टिकोण से एक अच्छा अध्ययन का विषयवस्तु भी हो सकता है। जो महिला सशक्तीकरण में प्रेरणा स्त्रोत भी हो सकता है। इसके अलावा सबसे महत्वपूर्ण विषय प्रवासी मजदूर के संबंध में समाज का सबसे कमजोर समझे जाने वाली असंगठित क्षेत्र कार्यरत (94 प्रतिशत) श्रमिक के बीच में एक ज्योति की कहानी प्रवासी मजदूरो के लिए परीकथा तो नही लेकिन परीकथा से कम भी नही जिसमे परी द्वारा अपने कर्तव्यो के माध्यम से दूसरो के चेहरो में मुस्कान एवं खुशी जाती है। जिसको बयां हम सब करते है, की बानगी है। ज्योति महज एक बालिका ही नही अपितु कईयो के लिए प्रकाश का स्त्रोत है जो लम्बे समय तक दूसरो को रास्ते दिखाएंगी। जाते-जाते एक प्रश्न दिलो दिमाग में है कि पेट की भूख से बढ़कर कोई बिमारी नही है शायद कोविड भी नही इसीलिए मजदूरो के पलायन की स्थिति में डर एवं सामाजिक दूरी भी कही नजर नही आई।

भारत में एक ओर जहां बेटियों को लक्ष्मी, सरस्वती और दुर्गा का अवतार माना जाता है, वहीं दूसरी ओर भ्रूण हत्या के प्रकरण जिसमें शत-प्रतिशत कन्या भ्रूण होती है। दोनों में कितनी विसंगति है। शायद हमारा जीवन भी इसी विसंगति के बीच जन्मता, फलता-फूलता और विकास करता है। यही विसंगति का आकलन हाल में पूरे विश्व परिदृश्य कोरोना काल के दौरान जन्मित हुई है। इसी विसंगति का एक स्याहस्वरूप, बिमारी, अकाल भूख, विनाश है तो दूसरा श्वेत पक्ष पर्यावरण, वातावरण में सुधार पारिवारिक रिश्तों में जुड़ाव, एक-दूसरे के साथ रहने एवं सामांजस्य करने की भावना का विकास हुआ है, इसके साथ ही साथ खुद में स्वयं को ढूंढने – परखने एवं अमल में लाने का एक अच्छा अवसर लाया है।

वैसे तो कोविड-19 के फलस्वरूप अर्थव्यवस्था, अधोसंरचना, विनिर्माण एवं अन्य सेवाएं तो बुरी तरह प्रभावित हुई। इसके अलावा सबसे अधिक मार पड़ा है प्रवासी श्रमिको पर। देश एवं प्रदेशस्तर पर कई कदम उठाए गए हैं, लेकिन वास्तव में इससे कितने लाभान्वित होगें और इनके जीवन में कितना बदलाव आएगा, इसका उत्तर भविष्य के गर्त में छुपा हुआ है।

इसी बीच कीचड़ में कमल खिलने की कहावत को चरितार्थ करती बिहार की बालिका ज्योति कुमारी का नाम हर जुबान में भी होना स्वाभाविक है। यह वही वीर बालिका है जिसने देवी के तीनों स्वरूपों को एकीकृत करते हुए अपने घायल पिता को गुरूग्राम (हरियाणा) से दरभंगा (बिहार) से लगभग 1200 किलोमीटर की दूरी एक छोटी सायकल में महज सात दिनों में पूरी कर अपने पिता को सकुशल दरभंगा ले आई। अपितु सभ्य समझे जाने वाले पुरूष मान्यता प्रधान वाले देश में कन्या के संदर्भ में पुरुष सोच को बदलने में महती भूमिका भी अदा की है। ये महज गुरूग्राम से दरभंगा पहुचने का मामला न होकर 5 (D) यानी destination (लक्ष्य) ज्ञात हो तो destiny (भाग्य) भी साथ देता है और जिसमें distance (दूरी), disturbance (विपति) भी मायने नही रखता जो determination (दृढ़ निश्चय) को प्रदर्शित करती है।

यह यात्रा महज एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचने, पहुंचाने का न होकर इससे बहुत परे है जो ज्योति में सरस्वती (शिक्षा के प्रति भावना), दुर्गा (बहादूरी) एवं लक्ष्मी (पुत्रीधन) जैसे भारतीय मान्यताओं को प्रबल बनाती है। एक ओर मैं ज्योति का उल्लेख कर रहा हूं तो अधिकांश प्रवासी मजदूर जो अपने गंतव्य अबतक नही पहुंच पाए है। इस यात्रा के दौरान अनंत यात्रा (मृत्यु) में चले गये, इनका भी खून पसीने, त्याग नही भूलना चाहिए। उन समस्त श्रमवीरो को श्रद्धानमन।

बच्चे का मजदूर बाप से प्रश्न?

निकले तो हाथ में, लिए ढेर खिलौने। तुम नहीं आए, फिर आया कैसे खिलौना।

आज भी देश में रोटी की तलाश में मजदूरों का पलायन निरंतर जारी है, किन हालत परीस्थितियों मे रहकर

विकास के कार्यो को अपने खून-पसीने से सींचते है यह किसी से छुपा नही है और न इसकी कीमत चुकाई जा सकती है। लेकिन पूरे परिदृश्य में महज, एक अदद रोटी के लिए लम्बी इंतजार में अपनी बारी की प्रतीक्षा में बच्चे, बूढ़े, युवा महिला पुरूष श्रमिक आज भी अपने एक अदद हक से फिर महरूम क्यों है?

एक प्रश्न?

ऐ खुदा तुमने गुगल से सब तो डाऊन लोड की सुविधा बनवा दी लेकिन ऐसी सर्च इंजन क्यो नही बनाई जिससे रोटी डाऊन लोड हो सके ?

जहां हम रहते है, जहां चलते है, जो देखते है, जो इंजीनियर की कल्पना को अमलीजामा पहनाते है अर्मूत को मूर्त स्वरूप प्रदान करने वाला मजदूर ही तो है जो आज स्वयं में, इतना मजबूर, लाचार क्यो है?

एक ज्योति ने तो अलख जगाई है, तो न जाने कितने-कितनी ज्योतियां यदाकदा कही-कही गुम हो गई है। कम से कम भविष्य में कोई भी ज्योति गुम न हो, यह हमें सुनिश्चित करना होगा, क्योकि ज्योति दरभंगा में ही नही अपितु पूरे भारत में है। ज्योति द्वारा यात्रा के दौरान तमाम बाधाओ को विपरीत स्थिति में पार करना, महज प्रबंधकीय दपबीम (नीस), एवं समझ को कब, कहां, कैसे अमलीजामा पहनाना है यह उनकी कौशल प्रदर्शित करती है।

ज्योति के निर्णयन क्षमता (खासकर पिता द्वारा उनके प्रतिभा या काम कर पाने का शक करना) और लक्ष्य के प्रति दृढ़ता ने विपरीत स्थिति में विघ्नकारी बाधाओं के समय दुर्गा के रौद्ररूप को प्रदर्शित किया है, इसके अलावा विपरीत हालात में, निर्णय लेकर न मुकरना तथा पहल करना, प्रबंधकीय दृष्टिकोण से एक अच्छा अध्ययन का विषयवस्तु भी हो सकता है। जो महिला सशक्तीकरण में प्रेरणा स्त्रोत भी हो सकता है। इसके अलावा सबसे महत्वपूर्ण विषय प्रवासी मजदूर के संबंध में समाज का सबसे कमजोर समझे जाने वाली असंगठित क्षेत्र कार्यरत (94 प्रतिशत) श्रमिक के बीच में एक ज्योति की कहानी प्रवासी मजदूरो के लिए परीकथा तो नही लेकिन परीकथा से कम भी नही जिसमे परी द्वारा अपने कर्तव्यो के माध्यम से दूसरो के चेहरो में मुस्कान एवं खुशी जाती है। जिसको बयां हम सब करते है, की बानगी है।

ज्योति महज एक बालिका ही नही अपितु कईयो के लिए प्रकाश का स्त्रोत है जो लम्बे समय तक दूसरो को रास्ते दिखाएंगी। जाते-जाते एक प्रश्न दिलो दिमाग में है कि पेट की भूख से बढ़कर कोई बिमारी नही है शायद कोविड भी नही इसीलिए मजदूरो के पलायन की स्थिति में डर एवं सामाजिक दूरी भी कही नजर नही आई।

और शायद दर्द, अश्क, दुश्वारी भूख या बिमारी कौन किस पर भारी ? में जवाब छुपा है।

श्रमवीरो का वापसी, जो शायद गांव का पीपल, बट, बुढ़ी मां की टकटकी नजरे, बच्चे और पत्नी की विरह को दूर करने वाला हो और याद दिलाता है कि वो कारवां फिल्म का वह गाया, ÷एक अकेला शहर में आबदाना ढूंढता है÷। एक आशियाना ढुंढ़ता है। इस गाने का दर्द का हल और कही नही वह शायद मेरे अपने गांव में ही है ? और अंत में हमने बनाई तुम्हारी क्यारी और बनाया अशियाना फिर भी हम पर भूख क्यों है भारी?

लेखक :श्रम विभाग के वरिष्ठ अधिकारी हैं

प्रियंका गांधी को मायावती समझ रही है अपने लिए बड़ा खतरा

प्रदीप कपूर

> दलित नेताओं सहित कांग्रेस के राज्य नेतृत्व ने भी मायावती पर बीजेपी के साथ गठबंधन करने के लिए हमला किया। इतना ही कांग्रेस के नेताओं ने मायावती पर भाजपा द्वारा तैयार किए गए बयान बोलने का आरोप लगाया और कहा कि वह भाजपा की प्रवक्ता की तरह व्यवहार कर रही हैं। 2022 के विधानसभा चुनावों के लिए मायावती और भाजपा के बीच संभावित गठजोड़ के बारे में कांग्रेस नेताओं ने इशारा किया।

बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती उत्तर प्रदेश में अपने सहयोगियों के चयन में अप्रत्याशित रूप से यूटर्न लेने के लिए जानी जाती हैं। वह कब किस पाले में चली जाएं, इसके बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता। वह प्रदेश की अन्य तीनों प्रमुख पार्टियों में अतीत में कभी न कभी गठजोड़ कर चुकी हैं। उनके लिए, देश की सबसे बड़ी आबादी वाले राज्य में अपने आपको राजनीतिक रूप से जीवित बनाए रखना सबसे मुख्य मुद्दा है। और उन्होंने महामारी के दौरान फैसला किया है कि प्रियंका गांधी द्वारा कांग्रेस के संगठन को मजबूत करना उनकी बसपा के राजनीतिक भविष्य के लिए एक बड़ा खतरा है। वह अब भाजपा को अपने लिए बड़ा खतरा नहीं मानतीं। यूपी में प्रवासी कामगारों के परिवहन के लिए बसों के आयोजन के विवाद पर उनका सार्वजनिक बयान उनके नीतिगत यूटर्न् का ताजा उदाहरण है।

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती महामारी संकट के दौरान किसी भी अन्य पार्टी की तुलना में कांग्रेस के खिलाफ अधिक कटु हो रही हैं। श्रीमती सोनिया गांधी द्वारा बुलाई गई विपक्षी पार्टियों की सम्मेलन से मायावती की अनुपस्थिति ने भी राजनीतिक हलके में चर्चाएं छेड़ दी हैं। क्या मायावती को प्रवासी मजदूरों के मुद्दे को उठाने में उनकी भूमिका के लिए प्रियंका गांधी के नेतृत्व में एक आक्रामक कांग्रेस को अपना आधार खोने का डर है। प्रवासी मजदूरों के प्रति कांग्रेस की सहानुभूति को मायावती ने नाटक करार दिया है।

इतना ही मायावती ने प्रवासी मजदूरों को वापस लाने के लिए 1000 बसों की पेशकश के लिए प्रियंका गांधी को दोषी ठहराया। उन्होंने प्रस्ताव को बड़ा नाटक करार दिया। उन्होंने पूछा कि कांग्रेस शासित राज्यों खासकर महाराष्ट्र में कोई बस क्यों नहीं भेजी गई। केंद्र और राज्य में मायावती और बीजेपी सरकार के बीच हालिया संबंधों ने राजनीतिक वैज्ञानिकों को चैंका दिया है। गौरतलब है कि प्रवासी मजदूरों को संभालने के मुद्दे पर मायावती ने केंद्र और राज्य सरकारों को भी बख्शा था। उलटे मायावती ने पूरे संकट के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया। मायावती ने उन प्रवासी मजदूरों की समस्याओं के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया जो रास्ते में कठिनाई का सामना करते हुए घर पहुंचने के लिए सड़कों पर सैकड़ों किलोमीटर पैदल चल रहे हैं। बसपा अध्यक्ष ने बार-बार कहा कि कांग्रेस ने अपने शासन के दौरान गांवों का विकास किया होता, तो इन प्रवासी मजदूरों ने अपने घरों को नहीं छोड़ा होता। दिल्ली में प्रवासी मजदूरों के साथ राहुल गांधी की हाल की बैठक को भी मायावती ने महज नाटक करार दिया।

दलित नेताओं सहित कांग्रेस के राज्य नेतृत्व ने भी मायावती पर बीजेपी के साथ गठबंधन करने के लिए हमला किया। इतना ही कांग्रेस के नेताओं ने मायावती पर भाजपा द्वारा तैयार किए गए बयान बोलने का आरोप लगाया और कहा कि वह भाजपा की प्रवक्ता की तरह व्यवहार कर रही हैं। 2022 के विधानसभा चुनावों के लिए मायावती और भाजपा के बीच संभावित गठजोड़ के बारे में कांग्रेस नेताओं ने इशारा किया। मायावती को पता है कि कांशीराम और उनके द्वारा छीन लिए गए दलितों के अपने पहले के आधार को वापस लाने के लिए कांग्रेस विशेष रूप से यूपी में बहुत मेहनत कर रही है।

प्रियंका गांधी की आक्रामक मुद्रा ने खोए हुए समर्थन आधार को वापस लाने और प्रवासी मजदूरों की लड़ाई को सत्ता पक्ष के साथ-साथ विपक्ष के लिए भी चुनौती पेश कर दी है। - **(संवाद)**

मेरी गज़ल - मेरी खामोशियां

तबस्सुम परवीन

वक्त ऐसा भी आएगा, मेरी उम्र की तकाज़ मे ।
मेरे साथ झुर्रियां आ जाएगी. मेरे ही अल्फाज़ मे ।
ये बड़ा ही अच्छा हुआ है, मेरी जिंदगी के मुकाम मे । सारे जज्बातों को उतार दिया है,
मैंने अपनी ही किताब मे ।
खत्म जब भी होगी, मेरी जिंदगी ऐ -सफर ।
साथ ही रूक जाएगी मेरी तराशी हुई कलम ।
किसी ने पढ कर छोड भी दिया तन्हा, किसी कोने के दराज मे
चलो अच्छा हुआ, दिमक ने चखा तो सही मेरी ही याद मे।।
जब मेरी रूखसती के वक्त मेरे अल्फाज़ बिखरते जाएगे ।
निंद मे रहूंगी, पर शीशा चटखते जाऐगें ।।
अक्स रहेगी, मेरी किताब पर वो तो तन्हा ही रह जाएगें ।
सोचती हू मै इन पन्नो मे अपनी हकिकत को उतार दूं ।
मै शकुन को लिखूं, गमों को छुपा दूं ।
चाहती नही मै अपनी बोझ से किसी के कंधो को झुका दूं ।
मेरी अच्छाई को दबा दूं, मेरी खामीयों को बता दूं ।

(यह लेखक के अपने विचार है)

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

वेदना से रात भर

वेदना से रात भर अभिसार कर, प्रेम मेरा दीप सा जलता रहा।। प्रेम की चौसर पे तुमसे हार कर, प्रेम की सम्भावनाए मिट गई दूरियों की राह पे उर की सभी, प्रेम की सब भावनाएं मिट गईं।। तम ये आँखों को मेरे खलता रहा, प्रेम मेरा दीप सा जलता रहा।।

- गोविंद शर्मा

चंद लम्हों में सालों सी

चंद लम्हों में सालों सी दूरी का अहसास... बीती बातों को हवा में पंख बन उड़ने का भय... गीली मिट्टी सा नाजुक सा रिश्ता, बिखरने का डर... सभी का साथ फिर भी अकेलापन चुभती ख़ामोशी... बातें हजारों पर कह ना पानाएक दुविधा... ज्यादा मत सोचो?? ये गर्मी का असर है दोस्तों?? पारा 50 के पार,उस पर मैं बेहाल...

- मोहिनी गुप्ता

खास पाती | बैठे नयनों घुटनो के बल

बैठे नयनों घुटनो के बल रहे फींचते मन के मैल गिर गिर कितने सारे जलकण अंतिम पथ के धोते शैल उखड़ बिखर संगी बन चलती फिर फिर गति स्वासों की मिटा रही अविराम भित्ति से स्मृति अंधियारी रातों की मेहनतकश हाथों पर लिखता अंतहीन पीड़ाएँ कौन विचर रहा नस नस अति विह्वल क्रंदन करता विचलित मौन दु:ख सुख राग द्वेष के झूले पथ भूला मन विराट इक मेला नचा रहा डुगडुग कर जीवन नटवर कोई खेले खेला भीतर छुप धड़के वहीअपना बाहर सब मतलब के साथ और कोई अब बात करो प्रिय हो विस्मृत बीती हर घात। **- प्रियंवदा अवस्थी**

तुझसे मोहब्बत करना मुझे तेरी

तुझसे मोहब्बत करना मुझे तेरी इबादत सी लगे तेरी सूरत मुझे खुदा से प्यारी लगे न जाने कौन सी कशिश हे तुझमे कि मेरी जिसमे रूह तेरी ओर खीचती सी लगे जब कभी तू आखो से ओझल हो जाये मेरी मेरी धडकन भी उस दिन बेचेन सी लगे मेरी वफा को कोई नाम की जरूरत नही हे मेरी चाहत तेरे लिए मुझे मीरा सी लगे ये अहसास हे तेरा जो मेरे अन्दर कि तेरी सांसे भी मुझे मेरी सासों सी लगे ये केसा जूनून हे तुझमे सपना हर सूरत मुझे बस तेरी सूरत लगे। - **सपना परिहार**

अपनी छाती पर दु:ख का बोझ

अपनी छाती पर दु:ख का बोझ, पेट में भूख की आग लेकर जाते हुए थके सहमे मज़दूरों की पीठ पर इतिहास के पन्नों की वो कालिख तैयार हो रही है।जिसे पढ़कर भविष्य की आँखें पथरा जाएगी और अपने पूर्वजों पर शर्मिंदा होगी । क्योंकि इतिहास, वर्तमान और भविष्य कोई कौम या राजनीतिक दल नहीं होता।

- अनामिका चक्रवर्ती

मन मर्ज़ी मुताबिक हो कर

मन मर्ज़ी मुताबिक हो कर जीने की आज़ादी कितनी भी हसीं सही फ़िक्र-ए-आराइश-ए-वजूद कितना भी अहम सही मगर फिर भी। एक जोड़ी आँखों की पहरेदारी होना एक अदद शख्स के सवालों की जवाबदारी होना जीने की लज्जत बनाए रखने के लिए, जरूरी है सनम। इतनी बे-फिक्री भी अच्छी नही के ज़िन्दगी बे-सबब लगने लगे। आखिर परिंदे कितना भी आसमान में ऊंचा उड़ सकते हो कुव्वत-ए-परवाज़ की हद से दरख्त से उनके रिश्ते की अहमियत कम नही हो जाती। **- कुलदीप वर्मा**

मेरी तेरी जब से कुछ पहचान है

मेरी तेरी जब से कुछ पहचान है, मुश्किलों में तब से मेरी जान है। प्यार का इज़हार करना चाहूं पर, डर का चाबुक सांसों का दरबान है। जब से तेरै जुल्फों की खम देखी है, तब से सांसत मे मेरा ईमान है। ज़िन्दगी भर ईद की ईदी तुझे, मेरे हक़ में उम्र भर रमजान है। तेरे बिन जीना सज़ा से कम नहीं, मरना भी दानी कहां आसान है। - **डॉ संजय दानी**

तुम्हारे ख़्वाब दुआ के नाम एक

तुम्हारे ख़्वाब दुआ के नाम एक चिराग जलाया है वफ़ा की चाह तुम ज़िंदगी सदा रहे रोशन इस वास्ते ख्वाहिशो को हम के नाम बसाया है तुम्हारे धड़कनों से खुद की धड़कनें बांधी फिर तुम्हारे ख्वाबों को मोहब्बत के नाम सजाया है...!! - **नंदिता तनूजा**

घाम, जाड़ न बरखा देखय न देखय

घाम, जाड़ न बरखा देखय न देखय घर दुवारी मया म जम्मो दुख भुलाए रहिथे इही वोकर चिन्हारी सुख दुख न बिपत बियापय न धरय गारी न चारी कोन सांचा म गढ़े रहिथे वोला जेला कहिथन महतारी। **-सुशील भोले**

QUIZ TIME

1) कौन-सा देश वर्ष 1974 में, वर्ल्ड कप फुटबॉल के फइनल में पहुंचने वाला पहला अश्वेत अफ्रीकी देश बना?

2) फ्रैंज काफ्का द्वारा वर्ष 1925 में लिखे गए किस उपन्यास में जोसेफ के. नामक एक सामान्य बैंकर केंद्रीय चरित्र के रूप में हैं?

3) बुद्ध किस वंश से संबंधित थे?
(क) मौर्य (ख) कुरू (ग) शाकय (घ) ज्ञात्रिका

4) निम्नलिखित में से किसको सूर्य की ऊर्ध्वाधर किरणें कभी भी नहीं मिलेंगी?
(क) मुंबई (ख) चेन्नई (ग) तिरूअनंतपुरम (घ) श्रीनगर

5) वृद्ध व्यक्ति का नाम बताए जिन्होंने पहला स्वदेशी फउंटेनपेन बनाया था?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) जायरे (2) द ट्रायल (3) शाक्य (4) श्रीनगर (5) [illegible]

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1658 - औरंगजेब ने सामुगढ़ की लड़ाई में दारा ?शिकोह को पराजित किया। 1724 - पोप बेनेडिक्ट त्रयोदश, पिएत्रो फ्रांसिस्को ऑरसिनी का जन्म हुआ। 1727 - पीटर-द्वितीय 11 साल की उम्र में रूस का जार बना। 1790 - रोड आइलैंड ने संयुक्त राज्य के संविधान की पुष्टि की और ऐसा करने वाला 13 मूल राज्यों में से अंतिम राज्य बन गया। 1861 - हांगकांग जनरल चैंबर ऑफ कॉमर्स की स्थापना की गयी। 1874 - स्विट्ज़रलैंड में वर्तमान संविधान प्रभावी किया गया। 1906 - जाने-माने निबंधकार कन्हैयालाल मिश्र प्रभाकर का जन्म हुआ। 1915 - तोफ्लिोब्रागा पुर्तगाल के राष्ट्रपति बने। 1947 - फ्लुगेलैग द्वीपसमूह पर एक विमान पहाड़ी इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें 25 लोग मारे गए।

■ न्यूज गैलरी

सोमवार होगा साप्ताहिक अवकाश

भिलाई। लॉकडाउन में ढ़ील के साथ ही अब बाजार की दुकानों के खुलने व बंद होने का समय भी लगातार बदल रहा है। इसी कड़ी में भिलाई के सबसे पुराने बाजार जवाहर मार्केट का समय भी बदला जा रहा है। जवाहर मार्केट में अब रोज सुबह 7 से शाम 7 बजे तक दुकानें खुली रहेंगी। वहीं सोमवार को मार्केट में पूर्ण अवकाश घोषित किया गया है। इस संबंध में आज जवाहर मार्केट व्यापारी संघ के अध्यक्ष गुरुमीत वाधवा ने जानकारी दी है।

भर्ती दावा आपत्ति

भिलाई। बाल विकास परियोजना भिलाई अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका की भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। वरीयता सूची जारी किया। शांतिपारा अटल आवास कन्या विद्यालय रोड भिलाई 03 एवं निगम कार्यालय परिसर मे निर्धारित स्थान पर चस्पा किया गया है। यदि उक्त सूची के सम्बंध में किसी आवेदिका को दावा.आपत्ति हो तो 07 जून तक दर्ज करा सकते है।

ऑनलाइन प्रतियोगिता

भिलाई। क्षेत्रीय कार्यालय छग पर्यावरण संरक्षण मण्डल द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून के अवसर पर इस वर्ष की थीम बायोडायवर्सिटी जैव विविधता पर स्कूली छात्र.छात्राओं के मध्य जन जागरूकता हेतु ऑनलाइन निबंध प्रतियोगिता 4 वर्गो में होगा। प्रथम कक्षा 3 से 5, द्वितीय 6 से 8, तृतीय 9वीं से 10 तथा चतुर्थ 11 से 12 में आयोजित होगा।

बाहरी काम बंद, स्थानीय सहायकों उद्योगों को मिलेगा 150 करोड़ का काम

बीएसपी एंसीलरी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने रखी अपनी मांग

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई नगर। बीएसपी एंसीलरी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बीएसपी के सीईओ अनिर्बन दासगुप्ता से मिलकर उनके समक्ष अपनी मांगें रखी। सीईओ के सभागार में एंसीलरी एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंद सिंह खुराना ने कोविड.19 के दौरान प्लांट पर इसका असर ना पड़ने देने के लिए बीएसपी प्रबंधन को अपनी शुभकामनाएं दी। सोशल डिस्टेंस का पालन करते हुए बैठक की शुरुआत हुई। अध्यक्ष श्री खुराना ने अपनी मांग रखते हुए कहा कि सहायक उद्योगों के पास काम की बहुत कमी हैण् जिस माल का आर्डर पूर्व से है उस आर्डर का कैंसिलेशन और डीपी रुकने से हम लोग काफी प्रॉब्लम में आ गए हैं। सीईओ दासगुप्ता ने इस मांग को गंभीरता से लेते हुए कहा कि जहां तक कैंसिलेशन का सवाल है नहीं होगा। प्लांट को जो जरूरत है और जो शॉप चालू है वहां का कोई आर्डर कैंसिल नहीं होगा। डीपी भी आप को यथाशीघ्र मिल जाएगा। पिछले साल सहायक उद्योगों को मिले 48 करोड रू के आर्डर का उल्लेख करते हुए सीईओ ने बताया कि इस वर्ष अभी तक 55 करोड़ का काम चला गया है। जो ज्यादा से ज्यादा होगा हम करेंगे। श्री खुराना ने सीईओ को बताया कि हम लोग पूर्व में डेढ़ सौ करोड़ का काम कर चुके हैं और अब 55 करोड़ पर आ गए हैं। इस पर सीईओ ने आश्चर्य व्यक्त किया तथा अधिकारियों से कहा कि जब पूर्व में सहायक उद्योगों को 150 करोड़ का काम मिल चुका है तो आज की तारीख में इन्हें 300 करोड़ का काम मिलना चाहिए। सीईओ दासगुप्ता ने खुले मन से उद्योगपतियों से कहा कि अपना इंफ्रास्ट्रक्चर और कार्यशील पूंजी बढ़ाइए। कम से कम डेढ़ सौ करोड़ रुपए का काम करने की तैयारी कीजिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अब कोलकाता, चेन्नई एवं मुंबई को काम रोक कर स्थानीय उद्योगों को ही काम देंगे। आप अपनी क्षमता और बढ़ाइए। बाहरी उद्योगों पर हमारा भरोसा नहीं रह गया। खराब दिनों में हमने यह देख लिया। सीईओ ने कहा कि यहां के सहायक उद्योग बीएसपी के ऊपर आश्रित हैं, वही प्लांट यहां के उद्योगों पर आश्रित हैं। दोनों मिलकर काम करेंगे। सीईओ ने कहा कि आप लोगों को किसी प्रकार की तकलीफ नहीं होगी।

कार्यवाही के लिए शासन. प्रशासन से लगाई गुहार

लॉकडाउन में केबल प्रसारण ठप्प होने से बोरसी की जनता परेशान

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए दुर्ग जिला के अलावा पूरे देश में लॉकडाउन प्रभावशील है। ऐसी स्थिति में घरों पर केबल टीवी लोगों के मनोरंजन का मात्र एक साधन है। जिसे भी केबल ऑपरेटर अपने स्वार्थवश लोगों को वंचित करने से बाज नही आ रहे। यह कृत्य प्रभावशाली केबल ऑपरेटरों द्वारा छोटे ऑपरेटरों का केबल फील्ड समाप्त करने के इरादे से किया जा रहा है। इसे शहर में फिर केबल वार की शुरुवात होने की घटना से जोड़कर देखा जा रहा है। ऐसी ही घटना शहर के बोरसी क्षेत्र में सामने आई है। यहां की लगभग 12 सौ मीटर केबल काटकर केबल प्रसारण को ठप्प कर दिया गया है। जिससे बोरसी कालोनी, बम्लेश्वरी कालोनी, मीनाक्षी नगर, धनोरा, खम्हरिया, हनोदा, पोटिया, कुंदरापारा, भानपुरी व कोडिया क्षेत्र में केबल प्रसारण बंद होना लोगों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बना हुआ है। इस क्षेत्र के केबल ऑपरेटर अशोक शर्मा ने घटना से गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, विधायक अरुण वोरा, कलेक्टर, एसएसपी व संबंधित थाना क्षेत्र में की है। लेकिन कार्यवाही नहीं होने से आसामाजिक तत्वों के हौसले बढ़े हुए है। उनके द्वारा ऑपरेटर अशोक शर्मा को केबल फील्ड छोडने लगातार धमकी दी जा रही है। जिससे भयभीत अशोक शर्मा का परिवार अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित है। उन्होने शासन. प्रशासन से असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्यवाही कर न्याय दिलाने की मांग की है। जारी बयान में केबल ऑपरेटर अशोक शर्मा ने कहा है कि पिछले 25 वर्षो से बोरसी क्षेत्र में केबल प्रसारण के व्यवसाय से जुड़ा हुआ है। 5 वर्ष पूर्व भिलाई के सभी केबल ऑपरेटरों ने सयुक्त रुप से भिलाई के प्रियदर्शनी नगर में कंट्रोल रुम स्थापित किया था। कंपनी में 13 डॉयरेक्टर बनाए गए थे। 6 माह पूर्व गुरुचरण सिंह होरा नामक व्यक्ति केबल कंपनी का सर्वेसर्वा हो गया। श्री शर्मा ने बताया कि 2014 में मैने एसीएन में 25 लाख लगाए थे। जिसका शेयर 11.82 प्रतिशत था। एसीएन सभी शेयर होल्डरों को उनके शेयर के हिसाब से 10 प्रतिशत लाभ देती है। लेकिन इसका लाभ मुझे नहीं दिया जा रहा है। इस संबंध में गुरुचरण सिंह होरा से पूछा तो उन्होने उल्टा जवाब दिया और मेरे शेयर की फ्री में मांग की गई। शेयर नहीं देने पर मेरे राधिका नगर के 12 सौ मीटर इंटरनेट केबल कटवा दी गई। जिससे फील्ड में केबल प्रसारण ठप्प हो गया है।

नाराजगी जताते हुए नगरीय प्रशासन सचिव को लगाया फोन

अब अमृत मिशन प्रोजेक्ट का कार्य जांचने राजधानी से आएगी टीम

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। विधायक अरुण वोरा ने आज पटरीपार क्षेत्र का आकस्मिक निरीक्षण किया, जहां आदित्य नगर व जवाहर नगर क्षेत्र के निवासियों ने पेयजल संकट की शिकायत की। वार्डवासियों ने बताया कि तीन दिनों से पेयजल सप्लाई प्रभावित है। बाधित है। सिर्फ 10 मिनट के लिए नल खुल रहे हैं। नागरिकों की समस्या सुनकर वोरा ने नाराजगी जताते हुए मौके से ही सीधे नगरीय प्रशासन विभाग की सेक्रेटरी को फोन घनघना दिया। वोरा ने अमृत मिशन प्रोजेक्ट में हो रही लेटलतीफी और नगर निगम के जल कार्य विभाग की लापरवाही को लेकर शिकायत की है। वोरा ने बताया कि अमृत मिशन प्रोजेक्ट के तहत पाइपलाइन बिछाने का काम बेहद धीमी गति से चल रहा है। जगह.जगह खोदे गए गड्ढों का मलबा नहीं उठाया जा रहा है। 26 माह में किसी भी वार्ड में सौ फीसदी नल कनेक्शन देने का काम पूरा नहीं किया गया है। आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगरीय प्रशासन विभाग की सचिव अलरमेल मंगई डी ने वोरा को आश्वस्त करते हुए कहा कि इस संबंध में समस्या का तत्काल निराकरण किया जाएगा। उन्होंने राजधानी से राज्य स्तरीय टीम भेजकर अमृत मिशन प्रोजेक्ट की मॉनिटरिंग कराने का आश्वासन दिया। वोरा ने निगम अफसरों को तत्काल टैंकर मंगाकर लोगों की समस्या का निराकरण करने कहा। वोरा के निर्देश पर आनन फानन में टैंकर की व्यवस्था की गई। उन्होंने निगम अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि भीषण गर्मी के समय में कहीं पर भी पेयजल के लिए लोगों को भटकना न पड़े।

खुलेआम उड़ा रहे हैं लॉकडाउन 4 की धज्जियां

निरीक्षण कर 27 सौ रूपये का जुर्माना वसूला

नवप्रदेश संवाददाता

रिसाली। लॉकडाउन में बेखौफ होकर बिना मास्क पहने बेवजह घुमना एवं सोशल डिस्टेसिंग के प्रति उदासहीनता व लाकडाउन के नियमों का पालन करने में लोग काफी हद तक लापरवाही बरत रहें है।

लॉकडाउन 4 में शासन द्वारा मिली छूट का आम लोगो के साथ साथ व्यावसायिक वर्ग भी पूरा फायदा उठा रहें है। क्षेत्रों में कोरोना संक्रमण को मजाक बनाकर शासन के नियम निर्देषों की खुले आम धज्जियां उड़ा रहें है। निगम के उडनदस्ता टीम द्वारा सभी वार्डो का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आजाद मार्केट रिसाली के इलेक्ट्रीकल व्यवसायी रात 8 बजे तक दुकान संचालित करते पाये जाने पर 2 हजार का अर्थदण्ड लगाया गया। वह नियम निर्देशों के पालन करने का सख्त चेतावनी दी गई। टंकी मरोदा एवं स्टेशन मरोदा के क्षेत्रों में युवाओं द्वारा मास्क जेब में रखकर दोपहियों गाड़ी में तीन सवारी घुमते पाये जाने पर गंभीरता से लेते हुए अर्थदण्ड वसूल किया एवं प्रदेश में कोरोना संक्रमण बढते प्रकरण की जानकारी व दुष्परिणाम से अवगत कराया गया।

टंकी मरोदा स्थित सेलून दुकान का आकस्मिक निरीक्षण कर दुकानदार से डेली उपयोग में लायी जाने वाली वस्तूओं का सघन निरीक्षण कर सैनटाईजेशन का उपयोग करने व तौलिया, ब्लेड व अन्य वस्तुओं की सावधानी पूर्वक उपयोग करने की हिदायत दी गई। टीम द्वारा सभी वार्डो का निरीक्षण कर 27 सौ रूपये का जुर्माना वसूला गया।

निरीक्षण के दौरान निगम के सहायक अभियंता बीके सिंह, सहा. राजस्व अधिकारी हरचरण सिंह अरोरा, राजस्व निरीक्षक अनिल मेश्राम, रमेशर निषाद, पुनित बंजारे, विनोद शुक्ला व राजस्व विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

जरूरतमंदों को महापौर देवेंद्र ने बांटा राशन

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। नगर पालिक निगम क्षेत्रांतर्गत आने वाले वार्ड 55 सेक्टर 6 में महापौर एवं विधायक देवेंद्र यादव ने जरूरतमंदों को राशन पैकेट वितरण किए तथा डोम शेड एवं शौचालय निर्माण कार्य की शुरुआत की। महापौर परिषद के सदस्य सूर्यकांत सिन्हा ने अपने पार्षद निधि से सुखा राशन की व्यवस्था जरूरतमंदों के लिए की है। श्री यादव ने वार्ड 55 पहुंचकर 28.50 लाख की लागत से निर्माण होने वाले डोम शेड एवं शौचालय के निर्माण कार्य की शुरुआत भूमिपूजन कार्य करते हुए की। साथ ही वार्ड में जामा मस्जिद के सामने दोनों तरफ विधायक निधि के 8.16 लाख की लागत से लगने वाले पेवर ब्लॉक के कार्य की शुरुआत भी किया। सेक्टर 4 वार्ड 52 में अधोसंरचना मद की राशि 28.50 लाख से डोम शेड एवं शौचालय का निर्माण भी किया जाएगा।

जिले के नए कलेक्टर भूरे ने किया पदभार ग्रहण

नवप्रदेश संवाददाता

कोरोना टेस्ट की संख्या बढ़ायेगें : डॉ. भूरे

दुर्ग। जिले के नवनियुक्त कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे ने आज पदभार ग्रहण किया। उन्होंने निवर्तमान कलेक्टर अंकित आनंद से पदभार ग्रहण किया। डॉ. भूरे इससे पूर्व मुंगेली जिले में कलेक्टर के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे थे। वर्ष 2011 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। वे महाराष्ट्र से हैं। उन्होंने अपनी एमबीबीएस की डिग्री महाराष्ट्र यूनिवर्सिटी आफ हेल्थ साइंस नाशिक से ली है। पद्भार ग्रहण करने के पहले दिन जिलाधीश डॉ. भूरे ने पत्रकारों से औपचारिक मुलाकात की। ज्यादातर सवालो के जवाब में उनका कहना था कि आज उनका पहला दिन है जिले की स्थितियों से अवगत होने के उपरांत अपने विचार जाहिर करेगें। कोरोना बीमारी के विषय में जिलाधीश का कहना था कि टेस्टिंग की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा। ताकि प्रभावितों की जानकारी हो और उनके उपचार जल्द से जल्द हो। उन्होने यह भी कहा कि जिले के क्वांरटिन सेंटरो का वे अवलोकन करेगें और वहां की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाएंगे।

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./379/अ-74/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विवेक श्रीवास्तव पिता प्रेमनारायण श्रीवास्तव निवासी ग्राम मरदानपुर तहसील रहेदी जिला सिहोर के द्वारा ग्राम जुनवानी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 288/229 रकबा 0.020 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने पर डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र चालान की मूल प्रति, बैकों द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र, थाना की रिपोर्ट व राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 12.06.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 15.05.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सतीश कुमार श्रीवास्तव पिता बसंत कुमार श्रीवास्तव निवासी विजय नगर तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1267/15 रकबा 0.008 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार बसंत कुमार आ. भुवनलाल श्रीवास्तव की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 17.06.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22.05.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र./38/अ-06 अ/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अयाज अहमद पिता स्व. एम.ए. समद निवासी आदर्श नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग द्वारा आवेदक एवं भाई रियाज अहमद के नाम से शामिलात खाता में ग्राम पोटियाकला प.ह.नं. 23 रा.नि.मं. दुर्ग 01 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नबर 180/1 रकबा 0.163 हे./ कुल 0.42 डिस. भूमि स्वामी हक में स्थित उक्त संपत्ति पर आवेदक का नाम अययाज अहमद लिखा गया है जो त्रुटि है। वास्तविक में आवेदक का सही नाम अयाज अहमद है। उक्त नाम को दुरुस्त किए जाने हेतु आवेदन आवेदक द्वारा सुधार पत्र कार्यालय उपपंजीयक दुर्ग में दिनांक 18.03.2020 को पंजीकृत सुधार पत्र की छाया प्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 26.06.2020 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 26.05.2020 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनोज कुमार पिता/निवासी रिसाली मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. दुर्ग तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 664/5 रकबा 2960 वर्गफीट हे. भूमि को विक्रेता/ आम मुख्तयार... पिता/ पति .. से दिनांक ... को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 08.06.2020 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 23.05.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्रं./अ-27/वर्ष 2019-20

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक थानेश्वर प्रसाद स्व. प्रेमलाल निवासी डुण्डेरा तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम तह. व जिला दुर्ग स्थित खाता क्रमांक.. में दर्ज भूमि खसरा नंबर 829/1, 829/5, 1464/1 रकबा 0.6800, 0.2300, 0.3300 हे. भूमि जो कि आवेदक थानेश्वर अन्य के नाम पर शामिलात रुप से वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि का पूर्व में हुए आपसी बंटवारा एवं कास्त के आधार पर सामान हिस्सो में खाता विभाजन किए जाने हुत आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 18.06.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 19.03.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./820/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सूर्यकांत हरदेल पिता घनश्याम सिंह हरदेल निवासी ग्राम अहिवारा तहसील धमधा जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 460/1 कुल 0.2790 हे. मे से रकबा 0.009 हें. भूमि को विक्रेता पार्वती बाई अन्य पिता/ पति स्व. बिसेसर निवासी ग्राम पोटियाकला से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 10.02.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 07.07.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 16.03.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./821/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शैलेन्द्र कुमार हरदेल पिता घनश्याम सिंह हरदेल निवासी ग्राम अहिवारा तहसील धमधा जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 460/1 कुल 0.2790 हे. मे से रकबा 0.009 हें. भूमि को विक्रेता पार्वती बाई अन्य पिता/ पति स्व. बिसेसर निवासी ग्राम पोटियाकला से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 10.02.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 07.07.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 16.03.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक हरविंदर सिंह आ. स्व. अजायब सिंह साकिन सेक्टर 04 भिलाई द्वारा ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 1040/40 रकबा 0.020 हे. जो उसके स्व. प्रीतम कौर के नाम पर दर्ज है की फौती दर्ज किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को तबादला नामा के आधार पर नामांतरण किए किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 17.06.2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 26.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट	पक्षकार का नाम	ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
	सीता अग्रवाल	202005100400075

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री सीता अग्रवाल पति श्री सतीश अग्रवाल निवासी शॉप नं. 4 केदार भवन व्यकटेश्वर टाकीज रोड सुपेला भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59(2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कोहका प.ह.न. 19 तह.व जिला दुर्ग	731/41	0.020 हें 1800 वर्गफीट	आवासीय

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 20.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट	पक्षकार का नाम	ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
	बालकदास	202005100400186

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री बालकदास आ. स्व. चतुर निवासी क्वा. नं. 1 सी सड़क 10 सेक्टर 04 भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59(2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह.व जिला दुर्ग	1223/18	0.020 हें 1854 वर्गफीट	आवासीय

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 22.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट	पक्षकार का नाम	ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
	आर.के. महाराणा	202005100400183

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री आर.के. महाराणा आ. स्व. अर्जुन महाराणा निवासी सेक्टर 05 भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59(2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह.व जिला दुर्ग	672/40	0.030 हें 3000 वर्गफीट	आवासीय

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 22.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट	पक्षकार का नाम	ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
	अरविन्द कुमार साहू	202005100400182

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री अरविन्द कुमार साहू आ. स्व. वृषभानु साहू निवासी क्वा.नं. 13 ए सड़क 29 सेक्टर 05 भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59(2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह.व जिला दुर्ग	727/3	0.020 हें 2400 वर्गफीट	आवासीय

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 22.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट	पक्षकार का नाम	ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
	श्री सुकदेव यादव	202005100400228

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री सुकदेव यादव आ. श्री श्यामलाल यादव निवासी ठेठवार पारा छावनी भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59(2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कुरुद प.ह.न. 19 अ तह.व जिला दुर्ग	832/7	0.010 हें 1000 वर्गफीट	आवासीय

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 13.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट	पक्षकार का नाम	ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
	अरविन्द कुमार साहू	202005100400184

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री अरविन्द कुमार साहू आ. स्व. वृषभानु साहू निवासी क्वा.नं. 13 ए सड़क 29 सेक्टर 05 भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59(2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह.व जिला दुर्ग	14/9	0.030 हें 2100 वर्गफीट	आवासीय

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 22.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट	पक्षकार का नाम	ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
	दिलवर कुमार साहू	202005100400188

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री दिलवर कुमार साहू आ. जिधन लाल साहू निवासी पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59(2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह.व जिला दुर्ग	247/12	0.020 हें 2000 वर्गफीट	आवासीय

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 22.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक नीलकंठ देशमुख आ. भोलाराम देशमुख साकिन रिसाली द्वारा ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 615/1/1 रकबा 0.462 हे. को उसके स्व. श्रीमती जानू, स्व. गोकुल के नाम पर दर्ज है की फौती दर्ज किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को तबादला नामा के आधार पर नामांतरण किए किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 15.06.2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 26.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

जगत विहार कॉलोनी को मॉडल कॉलोनी के रूप में विकसित करेगी पालिका

■ नियमितीकरण के लिए प्रेसिडेंट इन कॉउंसिल ने दी हरी झंडी

महासमुंद। शहर के जगत विहार (कौशिक) कॉलोनी को मॉडल कॉलोनी के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके नियमितीकरण के लिए प्रेसिडेंट इन कॉउंसिल ने हरी झंडी दे दी है। अब इस कॉलोनी में सड़क एवं नाली निर्माण सहित लोगों को तमाम मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होगी। वहीं वर्षों से लंबित 54 ऐसे नामांतरण प्रकरणों को भी मंजूरी दे दी गई है। साथ ही कॉउंसिल ने बरसात के पहले आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए छोटे छोटे निर्माण कार्यों का प्रस्ताव पारित किया है।

बुधवार को नगर पालिका के अध्यक्ष कक्ष में प्रेसिडेंट इन कॉउंसिल की बैठक संपन्न हुई। बैठक में करीब 35 एजेंडे को शामिल किया गया था। इसमें प्रमुख रूप से वर्षों से अटकी हुई जगत विहार (कौशिक कॉलोनी) के नियमितीकरण के साथ एक-एक किलोमीटर सड़क और नाली का निर्माण करने वाले एजेंडे को पारित किया गया है। कौशिक कॉलोनी को शहर के बेहतर कॉलोनी के रूप विकसित करने की सहमति बनी है। इसके लिए विधायक विनोद चंद्राकर की अनुशंसा पर नगरीय निकाय मंत्री शिव डहरिया ने 54 लाख रुपए की स्वीकृति दी है। बैठक में पालिका उपाध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर, सभापति देवीचंद राठी, राजेन्द्र चंद्राकर, संदीप घोष, मनीष शर्मा, बबलू हरपाल, माधवी सिका, राजस्व विभाग के देवकुमार निर्मलकर, जलकार्य से विजय श्रीवास्तव, इंजीनियर अमन चंद्राकर, दीप्ती कुर्रे, सीताराम तेलक, देव पटेल, नरेश ध्रुव तथा करण यादव उपस्थित थे। पीआईसी की बैठक में निर्माण कार्यों को ध्यान में रखते हुए शहर को 6 जोन में विभाजित किया जाएगा। इसके बाद सभी जोन के वार्डों में आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्यों को स्वीकृति दी जाएगी।

एमआईसी में इन कार्यों के लिए बनी सहमति

बैठक में सड़क कटिंग करने के लिए हेमर मशीन क्रय करने की सहमति दी है। इसी तरह 75 एचपी, 50 एचपी तथा 25 एचपी स्टार्टर कंट्रोल बोर्ड, इंटेकवेल में तीन मोटर पंप फिटिंग आदि कार्यों को मंजूरी दे दी गई है। वहीं वर्ष 2020-21 स्वास्थ्य विभाग के लिए सामग्री भण्डार शाखा के लिए स्टेशनरी, कम्प्यूटर मरम्मत, प्रिंटिंग (छपाई), विद्युत सामग्री न्यूनतम दर पर क्रय करने पर प्रस्ताव पारित किया गया है।

■ न्यूज गैलरी

20 लीटर शराब जब्त

महासमुंद। पिथौरा के ग्राम सेवैया कला में पुलिस ने नदी किनारे रामलाल निषाद के कब्जे से 20 लीटर शराब जब्त की है। आरोपी के खिलाफआबकारी एक्ट की धारा 24 (2) के तहत अपराध कर जांच में लिया गया है। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि नदी की ओर से रामलाल निषाद 30 लीटर वाले प्लास्टिक ड्रम में देशी महुआ शराब कंधे पर उठाकर ले जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर डिब्बे की जांच की तो उससे शराब जब्त हुई। जब्त शराब की कीमत 3 हजार रुपए आंकी गई है।

शराब परिवहन करते चार पकड़ाए

महासमुंद। तुमगांव व सरायपाली पुलिस ने क्षेत्र में शराब परिवहन करते हुए चार लोगों को पकड़ा है। इन आरोपियों के खिलाफ34(2) के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार तुमगांव पुलिस ने मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर टीम गाड़ाघाट के पास घेराबंदी कर पुराना रावणभाठा महासमुंद निवासी कल्याण ढीमर पिता महेश ढीमर (27), शंकर नगर निवासी ललित ध्रुवंशी पिता कलीराम ध्रुवंशी (32) एवं महामाया मंदिर के पास वार्ड 16 निवासी पेमेन्द्र सोनी पिता रामकुमार सोनी (23) को पकड़कर 26 पौवा देशी, 19 पौवा अंग्रेजी और 3 बॉटल बियर बरामद की। इसकी कीमत 3590 रुपए बताई गई है। पुलिस ने परिवहन में प्रयुक्त वाहन को भी जब्त कर लिया है। इसी तरह सरायपाली पुलिस ने भी इच्छापुर निवासी राजेशदास मानिकपुरी उर्फगोलू पिता रोहित दास (23) के कब्जे से 50 लीटर महुआ शराब जब्त की है।

स्कूल में मिली लाश

महासमुंद। प्रतिभा पब्लिक स्कूल के क्वार्टर में एक युवक की लाश मिली है। मौत का कारण फिलहाल अज्ञात है। पुलिस ने बताया कि ग्राम बनकी निवासी कौशलेंद्र पिता होरीलाल श्रीवास (28) बुधवार को मृत अवस्था में पाया गया। पीएम रिपोर्ट के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा। बहरहाल, मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

तालाब में पड़ा मिर्गी दौरा, बच्चे की मौत

महासमुंद। तालाब में नहाने के दौरान मिर्गी का झटका आने से डूबकर एक बच्चे की मौत हो गई। सरायपाली पुलिस ने बताया कि भोथलडीह निवासी कुसमन पिता चतुर्भुज (12) नहाने के लिए तालाब गया था जहां अचानक मिर्गी का दौरा पडऩे से वह तालाब में डूब गया। जिससे उनकी मौत हो गई।

महिला से मारपीट, जुर्म दर्ज

महासमुंद। रोजगार गारंटी में काम करने के दौरान मारपीट हो गई। बागबाहरा थाना क्षेत्र के करमापटपर में बुधवार को केवल बरिहा पिता बैसाखू ने गांव के ही भाग्यवती गोड़ के साथ मारपीट की। भाग्यवती ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि वह रोजगार गारंटी का काम करने गई थी तभी आरोपी ने मेरा नाम मस्टर रोल में क्यों नहीं डलवाए कहते हुए गाली-गलौज व मारपीट की। आरोपी के खिलाफपुलिस ने धारा 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है।

साढ़े 15 लाख की लागत से चार गांवों में बनेगा सामुदायिक भवन

महासमुंद। विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर के प्रयास से चार गांवों में साढ़े 15 लाख की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जाएगा। बुधवार को विधायक चंद्राकर ने निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। विधायक चंद्राकर के प्रयास से साढ़े छह लाख की लागत से दलदली में और तीन-तीन लाख की लागत से उमरदा, गौरखेड़ा व मुड़मार में सामुदायकि भवन के लिए स्वीकृति मिली है। बुधवार को भूमिपूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि विधायक चंद्राकर थे। अध्यक्षता जनपद पंचायत अध्यक्ष भागीरथी चंद्राकर ने की। इस दौरान प्रमुख रूप से जसबीर सिंह ढिल्लो, आवेज खान, सरपंच जयसुधा हेमंत चंद्राकर, हेमंत चंद्राकर, रेखा बाई, भीखम चंद्राकर, सुरेश चंद्राकर, जनक यादव, टीकम चंद्राकर, मोहन लाल बंजारे उपस्थित थे। दलदली में आयोजित एक सादे समारोह में विधायक श्री चंद्राकर ने पूजा अर्चना भूमिपूजन किया।

निवृत्तमान कलेक्टर सुनील कुमार जैन को दी गई विदाई

महासमुंद। निवृत्तमान कलेक्टर सुनील कुमार जैन को बुधवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारी-कर्मचारियों ने विदाई दी। ज्ञातव्य है कि कलेक्टर जैन का तबादला बलौदाबाजार-भाटापारा हुआ है। उन्होंने अपर कलेक्टर आलोक पाण्डेय को बुधवार शाम अपना कार्यभार सौंपा। जैन ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में महासमुंद जिले में अपने लगभग एक वर्ष पांच माह के कार्यकाल में सहयोग के लिए जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों के प्रति आभार प्रकट किया। उल्लेखनीय है कि जैन ने अपने कार्यकाल के दौरान शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के सफ्लतापूर्वक क्रियान्वयन के साथ-साथ नवजीवन, नवकिरण एवं नव आरोग्यम् को जिले में क्रियान्वयन किया और इसका अच्छा प्रतिसाद मिला। इस दौरान अपर कलेक्टरद्वय ने इस अवसर सभी अधिकारियों-कर्मचारियों की ओर से उन्हें शुभकामनाएं दी।

भर्ती प्रक्रिया शुरू नहीं, चयनित अभ्यर्थियों ने की विधायक चन्द्राकर से मुलाकात

नवप्रदेश संवाददाता

महासमुंद। शिक्षक भर्ती 2019 की प्रक्रिया सालभर बीतने के बाद भी पूरी नहीं हो सकी है। जिससे चयनित युवा बेरोजगार अभ्यर्थी परेशान हैं। आला अधिकारियों के ध्यान में लाने के बाद भी आगे की प्रकिया नहीं हो रही है। इससे परेशान अभ्यर्थियों ने बुधवार को विधायक निवास पहुंचकर विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर को अपनी व्यथा सुनाई। जिस पर विधायक चंद्राकर ने इस मामले को लेकर शासन का ध्यानाकर्षित कराने का आश्वासन दिया है।

मुलाकात के दौरान देवेंद्र साहू, बुधराम सोनवानी व भोजराज नंद ने विधायक चंद्राकर को बताया कि नियमित शिक्षक भर्ती 2019 का विज्ञापन विगत वर्ष 9 मार्च 2019 को जारी किया गया था। जिसके अंतर्गत व्याख्याता, शिक्षक, सहायक शिक्षक, व्यायाम शिक्षक व सहायक शिक्षक प्रयोगशाला के लिए कुल 14580 पदों पर भर्ती होनी है। इधर, एक साल बीतने के बाद अब तक सिर्फ परीक्षा आयोजित कर परिणाम ही जारी किए गए हैं। चार-छह माह पूर्व सत्यापन कार्य की प्रक्रिया कछुआ चाल से शुरू हुई। आज तक न तो व्याख्याता पदों की अंतिम निराकरण सूची जारी की गई और न ही किसी भी शिक्षक संवर्ग की प्रथम पात्र-अपात्र सूची जारी हुई है। जिससे शिक्षक भर्ती के समस्त चयनित युवा बेरोजगार अभ्यर्थी मानसिक रूप से परेशान हो रहे हैं। जिस पर विधायक चंद्राकर ने इस मामले को लेकर शासन का ध्यानाकर्षित कराने का आश्वासन दिया है।

स्कॉउट के पदाधिकारी ने होम्योपैथिक दवा भेंट की

महासमुंद। भारत स्कॉउट गाइड्स जिला के पदाधिकारियों ने गुरुवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर से सौजन्य मुलाकात की। इस मौके पर पदाधिकारियों ने पालिका अध्यक्ष को कोरोना महामारी से बचाव के लिए शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता (इम्युनिटी) बढ़ाने वाली होम्योपैथिक दवा भेंट की।

इस दौरान पालिका अध्यक्ष श्री चंद्राकर ने कहा कि देश संकटकाल के दौर से गुजर रहा है। अब कोरोना जैसी महामारी के साथ लोगों को जीना सीखना होगा। क्योंकि अब तक वैक्सीन नहीं बन पाया है। लोगों को महामारी से बचने के लिए सावधानी के साथ साफ सफाई पर अधिक ध्यान रखना होगा। जिससे कि संक्रमण का फैलाव न हो।

बता दें, कि इससे पहले भी स्कॉउट गाइड्स के पदाधिकारियों ने विभिन्न विभागों में निःशुल्क दवा का वितरण कराया था। इस अवसर पर जिला स्कॉउट गाइड्स के मुख्य आयुक्त येतराम साहू, संगठन आयुक्त कमल लूनिया, सचिव राम कुमार साहू, पार्षद डमरूधर मांझी, पूर्व पार्षद खिलावन बघेल आदि उपस्थित थे।

तालाब में दो सगे भाईयों की जल समाधि

■ घटना के बाद गांव में शोक लहर

महासमुंद। बागबाहरा थाना क्षेत्र के ग्राम बाघामुड़ा में बुधवार शाम तालाब में दो सगे भाईयों की डूबकर मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक शाम को दोनों भाई घर से खेलने निकले थे जिसके कुछ देर बाद परिजनों को उनके डूबने की खबर मिली। इस घटना से पूरे गांव में शोक है। जानकारी के मुताबिक पोखराज देवांगन (7) और मोहित देवांगन (5) पिता नरेंद्र देवांगन शाम को अन्य बच्चों के साथ गांव की गली में खेलते हुए नहाने के लिए समीप के तालाब में चले गए। नहाने के दौरान दोनों बच्चे अधिक गहराई में चले गए। कुछ देर बाद कुछ युवक क्रिकेट खेलने के उपरांत हाथ-पैर धोने तालाब पहुंचे तभी बच्चों को डूबे पाया। बाद दोनों बच्चों को तालाब से निकाला गया। करीब साढ़े 6 बजे बच्चों को तालाब से निकाल बागबाहरा के सीएचसी में ले जाया गया। परिजनों ने बताया कि शाम करीब 5 बजे दोनो बच्चे घर से खेलने के लिए निकले। काफी देर तक नहीं लौटने पर उन्हे चिंता हुई और तलाश कर रहे थे कि कुछ लोगों ने उनके डूबने की जानकारी दी। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

नेहरू के देश हित में किए गए कार्यों का स्मरण कर दी श्रद्धांजलि

महासमुंद। पं. जवाहरलाल नेहरू के 56वीं पुण्यतिथि पर नगर पालिका उपाध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर एवं पार्षद निखिलकांत साहू ने मुख्य चौक स्थित नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर उपाध्यक्ष चंद्राकर ने नेहरू द्वारा देश हित में किए गए उल्लेखनीय कार्यों को याद करते हुए कहा कि पं. नेहरु भारत के पहले प्रधानमंत्री और स्वतंत्रता के पहले और बाद में भारतीय राजनीति के मुख्य केंद्र बिंदु थे।

महिला कांग्रेस ने की छुरा बीपीएम अतुल दुबे को हटाने की मांग

गरियाबंद। जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष ममता राठौर तथा छुरा ब्लाक अध्यक्ष पुष्पलता ध्रुव ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, बिहान अंतर्गत छुरा ब्लाक के बीपीएम अतुल दुबे को हटाने की मांग की है। महिला कांग्रेस तथा बिहान योजना में जुड़ी कलस्टर के महिलाओ का आरोप है कि बीपीएम अतुल दुबे के द्वारा महिलाओ के साथ अभ्रद्र व्यवहार किया जाता है। सरकारी काम काज को लेकर सहयोग प्रदान नही किया जाता है, कामकाज के संबंध जानकारी मांगने पर दुर्व्यवहार कर अनुचित जवाब दिया जाता है। यहां तक कि सरकारी कार्यायल में अधिकारी का व्यवहार महिलाओ के प्रति नही है। इससे परेशान छुरा ब्लाक अंतर्गत कनसिंघी, सांकरा, कोसमबुड़ा और रानीपरतेवा कलस्टर की पदाधिकारी खुलसी ध्रुव, पदमा, रामेश्वरी, सुखबती, त्रिवेणी ध्रुव, भारती, जानकी सहित अन्य महिलाओ ने राजिम विधायक अमितेष शुक्ल तथा जिला पंचायत सीईओ से उक्त बीपीएम को हटाने की मांग की है। कलस्टर के पदाधिकारियो ने ज्ञापन में क्षेत्र में एक वीडियो में वायरल होने की जानकारी दी है जिसमें बीपीएम सहित विभाग के अन्य कर्मचारी संशय की स्थिति में नजर आ रहे है। इस संबंध में महिला कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ममता राठौर ने बताया कि महिलाओ के साथ दुर्व्यवहार करने वाले अधिकारी कर्मचारी को तत्काल हटाया जाना चाहिए। मामला महिला के सम्मान से जुड़ा है फिर भी जिला पंचायत सीईओ द्वारा गंभीरता से नही लिया जा रहा है। इसकी शिकायत प्रथम पंचायत मंत्री एवं राजिम विधायक अमितेष शुक्ल से की गई है।

शांदी का झांसा देकर नाबालिक से दुष्कर्म, रिपोर्ट के 24 के भीतर आरोपी सलाखों के पीछे

गरियाबंद। छुरा थाना अंतर्गत एक नाबालिंक के साथ दुष्कर्म की घटना सामने आई हैं। मामले में पुलिस ने शिकायत के 24 घंटे के भीतर ही आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। छुरा थाना प्रभारी राजेश जगत ने बताया कि छुरा के कुम्हारपारा निवासी 25 वर्षीय घनश्याम ध्रुव पिता परदेशी ध्रुव द्वारा शादी का झांसा देकर एक नाबालिंक बालिका के साथ लगातार पांच माह से दुष्कर्म किया जा रहा था इससे नाबालिक गर्भवती हो गई। गर्भवती होने पर पीड़िता ने जब आरोपी से शादी कर साथ रखने की बात कही तो आरोपी ने इंकार करते हुए नाबालिक के बातचीत बंद कर दी। 26 मई को पीड़िता ने इसकी शिकायत छुरा थाना में दर्ज कराई। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी घनश्याम ध्रुव द्वारा शादी का प्रलोभन देकर तथा बहला फुसलाकर अपने घर बुलाकर कई बार उसके साथ दुष्कर्म किया है। पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी युवक को उसके घर से घेराबंदी कर गिरफ्तार लिया है। जहां से उसे न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के विरूध्द दुष्कर्म तथा पास्को एक्ट की धारा के तहत मामला दर्ज कर लिया है। कार्यवाही में थाना प्रभारी राजेश जगत के साथ सउनि श्रवण विश्वकर्मा, प्रअ रामाधार मरकाम, आर. शेख अलीम कुरैशी, राधेश्याम खाण्डेकर, हरिहर साहू, डेकेश्वर सोनी, महिला आरक्षक नीलकुसुम खलखो, विजयलक्ष्मी ध्रुव शामिल रहे।

प्रयास आवासीय विद्यालयों में आयोजित प्रवेश परीक्षा हेतु दिशा-निर्देश

गरियाबंद। आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा प्रयास आवासीय विद्यालयों में प्रवेश हेतु आयोजित प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों के वर्तमान में अध्ययनरत संस्था के अनुसूचित क्षेत्र में स्थित होने के संबंध में मार्गदर्शन चाहा गया था, जिसके परिप्रेक्ष्य में शासन द्वारा स्पष्ट निर्देश प्राप्त हुआ है। इसके अनुसार गरियाबंद जिले के गरियाबंद, छुरा, मैनपुर विकासखण्ड तथा नक्सल प्रभावित जिला का वह भू-भाग जो अनुसूचित क्षेत्र में शामिल नहीं है, वहां पर आदिवासी उपयोजना क्षेत्र में स्थित शासकीय व अशासकीय शालाओं के विद्यार्थी पात्र होंगे। इसके अंतर्गत निम्नांकित क्षेत्र आयेंगे। गरियाबंद परियोजना अंतर्गत शालाओं के विद्यार्थी। विशेष पिछड़ी जनजाति - विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह (कमार, बैगा, बिरहोर, पहाड़ी कोरवा, अबूझमाड़िया, पण्डो तथा भुंजिया) के विद्यार्थियों हेतु सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ प्रदेश क्षेत्र के रूप में मान्य होगा अर्थात् इनके लिए क्षेत्र का बंधन नहीं होगा। अतः उपरोक्त क्षेत्रों में संचालित शासकीय व अशासकीय संस्थाओं में अध्ययनरत विद्यार्थी ही उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु पात्र होंगे तथा शेष क्षेत्र अर्थात् विकासखण्ड फिंगेश्वर एवं विकासखण्ड देवभोग क्षेत्र अंतर्गत संचालित शासकीय व अशासकीय संस्थाओं में अध्ययनरत् विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को छोड़कर शेष विद्यार्थी उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए अपात्र की श्रेणी में आयेंगे।

जगत बिहार कॉलोनी नियमितीकरण के लिए प्रेसिडेंट इन कॉउंसिल ने दी हरी झंडी

महासमुंद। जगत बिहार कॉलोनी की (कौशिक कॉलोनी) नियमितीकरण के लिए प्रेसिडेंट इन कॉउंसिल ने हरी झंडी दे दी है। अब इस कॉलोनी में सड़क एवं नाली सहित लोगों को तमाम मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होगी। वहीं वर्षों से लंबित 54 ऐसे नामांतरण प्रकरणों को भी मंजूरी दे दी गई है। साथ ही कॉउंसिल ने बरसात के पहले आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए छोटे छोटे निर्माण कार्यों के प्रस्ताव को ध्वनिमतों से पारित किया है।

नगर पालिका के अध्यक्षसभ कक्ष में बुधवार को प्रेसिडेंट इन कॉउंसिल की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में करीब 35 एजेंडा को शामिल किया गया। कॉउंसिल की बैठक में सालों अटकी हुई जगत बिहार (कौशिक कॉलोनी) को नियमितीकरण के साथ एक-एक किलो मीटर सड़क और नाली का निर्माण करने वाले एजेंडे को पारित किया गया है। कौशिक कॉलोनी को शहर के बेहतर कॉलोनी के रूप विकसीत करने पर सहमति दे दी है। इसके लिए विधायक विनोद चंद्राकर की अनुसंसा पर नगरीय निकाय मंत्री शिव डहरिया ने 54 लाख रुपए की स्वीकृति दी है। कॉउंसिल में निर्माण कार्यों के लिए शहर को 6 जोन में बांटा गया है। वार्ड एक से लेकर 30 तक पार्षद निधि व अन्य मदों से छोटे बड़े विभिन्न निर्माण कार्यों की स्वीकृति दिया गया है। इसी प्रकार मरम्मत कार्य के लिए नगर को तीन ग्रुप में बांटा गया है। 10 वार्डों का एक ग्रुप तैय किए गए हैं। इन में छोटे-छोटे मरम्मत कार्य कराए जाएंगे। सभी कार्यों के लिए टेंडर प्रक्रिया में लाने की सभी ने सहमति जताई है। कॉउंसिल ने सड़क कटिंग करने के लिए हेमर मशीन क्रय करने की सहमति दी है। इसी तरह 75 एचपी, 50 एचपी तथा 25 एचपी स्टार्टर कंट्रोल बोर्ड, इंटेकवेल में तीन मोटरपंप फिटिंग आदि कार्यों को मंजूरी दे दी गई है। वहीं वर्ष 2020-21 स्वास्थ्य विभाग के लिए सामग्री भण्डार शाखा के लिए स्टेशनरी, कम्प्यूटर मरम्मत, प्रिंटिंग (छपाई), विद्युत सामग्री न्यूनतम दर पर क्रय करने पर प्रस्ताव पारित किया गया है।

पुण्यतिथि पर पं. नेहरू का कांग्रेसियों ने किया पुण्य स्मरण

महासमुंद। शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा स्थानीय कांग्रेस भवन में आधुनिक भारत के निर्माता, देश के प्रथम प्रधानमंत्री स्व. जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर कांग्रेसजनों ने उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की और उनके द्वारा देश के लिए किए गए कार्यों का स्मरण किया।

विधायक विनोद चंद्राकर ने कहा कि देश आजाद होने के पश्चात स्वर्गीय नेहरू प्रथम प्रधानमंत्री बने। उस समय विश्व समुदाय अमेरिका और रूस के नेतृत्व में दो गुटों में बंटे हुए थे, किंतु नेहरू गुटों में सम्मिलित ना होकर गुटनिरपेक्ष नियम का प्रतिपादन किया। पूर्व विधायक अग्नि चंद्राकर ने कहा कि स्वर्गीय नेहरू देश में बड़े-बड़े कल कारखानों को स्थापित कर आधुनिक भारत की नींव रखी।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि स्व. नेहरू प्रधानमंत्री रहते हुए देश के कई बड़े स्थानों में शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करते हुए एम्स और यूनिवर्सिटी की स्थापना की। महिला कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष अरुणा शुक्ला ने कहा कि स्व. नेहरू ने देश में आवागमन को सुगम बनाने

महत्वपूर्ण स्थानों के लिए रेल यातायात के लिए अभूतपूर्व कार्य किए। प्रभारी महामंत्री जिला कांग्रेस हरदेव ढिल्लो ने कहा कि स्व. नेहरू बच्चों से बहुत प्रेम करते थे, यही कारण है कि उनके जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में मनाते हैं।

जनपद अध्यक्ष भागीरथी चंद्राकर ने कहा कि स्व. नेहरू सिंचाई के क्षेत्र में कार्य करते हुए भाखड़ा नांगल बांध, सरदार सरोवर बांध जैसे बड़े बांधों का निर्माण कराया, जिससे लाखों किसान लाभान्वित हो रहे हैं। उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस राजेंद्र चंद्राकर, प्रवक्ता जिला कांग्रेस नानू भाई, नपा उपाध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर, शहर कांग्रेस अध्यक्ष जसबीर ढिल्लो, पूर्व कोषाध्यक्ष जिला कांग्रेस सुरेश द्विवेदी, शहर महामंत्री हार्दिक सोना, जिला युकांअध्यक्ष अमन चंद्राकर, पूर्व पार्षद खिलावन बघेल, डॉ तरुण साहू, पिछड़ा वर्ग शहर अध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर, एल्डरमैन गण गुरमीत चावला, सुनील चंद्राकर, जावेद चौहान, पार्षद निखिलकांत साहू, एनएसयूआई अध्यक्ष शाहबाज राजवानी, स्पोर्ट सेल अध्यक्ष निर्मल जैन, हरबंश मक्कड़, धीरज सरफराज, विनोद युगर, सनी महानंद, सुमित सिंह आदि ने भी स्व. नेहरू का स्मरण किया। कार्यक्रम में आवेज खान, गोपी पाटकर, निपेंद्र बनर्जी, गोपी कन्नौजे, लीलू साहू, मोती साहू, नारायणलाल कन्नौजे, ठाकुर राम ध्रुव, बसंत चंद्राकर, भरत बुंदेला, रमेश ठाकुर, मुन्ना ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

मुबलिक और आकीब ने मिलकर लगाया था किसानों को 35 लाख का चूना, भेजे गए जेल

- 6 माह से फरार आरोपियों को दुर्ग में पकडा गया
- राजनीति में पकड़ बताते हुए किसानों को लगा रहा थे चूना

स.लोहारा। पुलिस अधीक्षक के.एल.ध्रुव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी, उप पुलिस अधीक्षक बी.आर.मण्डावी के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी मुकेश यादव के द्वारा मुखबीर लगाकर दुर्ग मे लुकते छिपते आरोपी 1. मुबलीक पिता मुबारक खान उम्र 61 वर्ष, 2 आकीब पिता मुबलीक खान उम्र 33 वर्ष निवासी जमुनिया थाना स. लोहारा जिला कबीरधाम को पकडा गया। जिसके विरूध्द आवेदक हरिशचंद पिता रूहेल साहु उम 42 साल साकिन बिरेन्द्रनगर के द्वारा ग्राम बिरेन्द्रनगर के 31 किसानो का अनाज चना, मसुर, धान, सोयाबीन, इत्यादि जुमला किमती लगभग (3500000) पैतीस लाख रूपये का खरीदकर किसानो को दो दिन मे पैसा दिया जावेगा कहकर आज तक पैसा नही दिया गया। किसानो के साथ छल किया गया जिस प्रार्थी के रिपोर्ट पर दिनांक 31.10.19 को थाना स. लोहारा जिला कबीरधाम मे अपराध क्रमांक 175͞19 धारा - 420,34 भादवि.का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया आरोपीगण अपराध कायमी दिनांक से अब तक फरार था जिसे अथक प्रयास कर मुखबीर लगाकर दिनांक 26.05.20 को दुर्ग मे लुकते छिपते पकडा गया आरोपी। 1. मुबलीक पिता मुबारक खान उम्र 61 वर्ष, 2 आकीब पिता मुबलीक खान उम्र 33 वर्ष निवासी जमुनिया थाना स.लोहारा जिला कबीरधाम को गिरतार का माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जिसे माननीय न्यायालय द्वारा न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया।

न्यूज गैलरी

रक्तदान शिविर में 21 लोगों ने किया रक्तदान

कवर्धा। नयी चमक रक्तदान एवं जन कल्याण समिति के तत्वाधान में जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान 21 लोगों ने रक्तदान किया। इस दौरान मुख्य रूप से उपस्थित जनपद पंचायत कवर्धा के सभापति पीयूष सिंह ठाकुर ने कहा कि रक्तदान महादान है। सभी को रक्तदान करना चाहिए। इससे किसी जरूरतमंद की जान भी बच सकती है। इस दौरान जिला अस्पताल के ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. चुरेन्द्र, लैब टेक्नेशियन पंच तिलक मरकाम, समिति प्रमुख हरीश कुमार साहू, विक्की निर्मलकर, सतीश लांझी, ईश्वर जायसवाल, सतीश डाहरे, दुर्गेश श्रीवास, भगत श्रीवास, संदीप साहू, सरोज साहू, ऋषभ वैष्णव, भुनेश्वर साहू, संदीप मानिकपुरी, चंद्रशेखर निर्मलकर, राजा टाटिया ,कोमल राजपूत, नंद श्रीवास आदि सदस्यों के सहयोग से शिविर सम्पन्न हुआ।

कर्मचारी अधिकारी फैडरेशन ने वेतन वृद्धि रोकने के विरोध में सौंपा ज्ञापन

कवर्धा। कर्मचारी अधिकारी फैडरेशन जिला ईकाई कवर्धा ने छ. ग. राज्य शासन द्वारा आगामी जुलाई 2020 एवं जनवरी 2021 मे प्रदेश के सभी कर्मचारियों के वार्षिक वेतन वृद्धि रोकने के विरोध में कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। फैडरेशन के जिला अध्यक्ष के स्वास्थ्य ठीक नहीं होने के कारण छ. ग. प्रदेश शिक्षक फैडरेशन के जिला अध्यक्ष प्रमोद शुक्ला के नेतृत्व मे तीन सदस्यीय प्रतिनिधि जिसमे छ. ग. शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रभात गुप्ता एवं छ. ग. वन कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष अय्यूब खान के साथ कलेक्टेउट मे जाकर यह ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपते हुए प्रमोद शुक्ला, प्रभात गुप्ता और अय्यूब खान ने कहा कि कोविड -19 के विरूद्ध जमीनी स्तर पर संघर्ष तो वास्तव मे स्वास्थ्य, पुलिस, शिक्षा एवं पंचायतों का अमला कार्य कर रही है प्रदेश के सभी जमीनी कर्मचारी सरकार की ओर से संघर्ष कर रहे हैं उनका वार्षिक वेतन वृद्धि विलंबित करना कहाँ तक उचित है।

मवेशियों को कत्लखाना ले जाते लालबाग पुलिस के हत्थे चढ़े तस्कर

- अलग- अलग दो मामलों में 4 मवेशी तस्कर गिरफ्तार
- बोलेरो पिकअप वाहन में कर रहे थे मवेशियों की तस्करी

राजनांदगांव। मूखबीर से सूचना मिली कि दो वाहनों में अवैध रुप से मवेशी का परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर जिले के पुलिस कप्तान जितेन्द्र शुक्ला, अतिरक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जीएन बघेल एवं नगर पुलिस अधीक्षक एमएस चंद्रा के निर्देशन में थाना प्रभारी लालबाग परि. उप पुलिस अधीक्षक मयंक रणसिंह द्वारा तत्काल एक टीम गठित कर ग्राम सुकुलदैहान की ओर रवाना किया गया गया। टीम द्वारा ग्राम बम्हनी चंडी मंदिर के पास नाकेबंदी कर बोलेरो पिकअप क्रमांक एमएच 36 एए 1635 को रोक कर चेक किया वाहन में मवेशियों को बिना चारा पानी के ठूस ठूस कर भरा गया था पूछताछ पर वाहन चालक अपना नाम अक्षय रामचंद्र काड़े पिता रामचंद्र काड़ै उम्र 22 वर्ष तथा परिचालक सत्यापाल मिता राम सारवे पिता मिता राम सारवे उम्र 28 वर्ष दोनों निवासी ग्राम लावेश्वर थाना बरठी जिला भण्डारा (महाराष्ट्र) बताया आरोपियों से वाहन एवं 9 नग मवेशी को जप्त किया गया।

कुछ समय पश्चात उसी स्थान पर बोलेरो पिकअप क्रमांक एमएच 36-एए 2012 को रोक कर चेक करने पर वाहन में 10 नग मवेशियों को बिना चारा पानी के ठूस-ठूस कर भरा हुआ पाया गया। पूछताछ पर वाहन चालक अपना नाम विशाल गजानन सेलोकर पिता गजानन सेलोकर उम्र 27 वर्ष तथा परिचालक आतिश किशोर बंसोड़ पिता किशोर बंसोड़ उम्र 20 वर्ष दोनों निवासी ग्राम लावेश्वर थाना बरठी जिला भंडारा (महाराष्ट्र) बताया। आरोपियों से वाहन एवं 10 नग मवेशी को जप्त किया गया। पूछताछ पर आरोपियों ने बताया कि मवेशियों को वाहन में भरकर अंदरुनी रास्तों से महाराष्ट्र बार्डर में ले जाकर पुलिस के नाकेबंदी से बचने के लिए मवेशियों को वाहन से उतार कर जंगल के रास्ते पैदल कत्लखाने ले जाने वाले थे। दोनों मामलों में थाना लालबाग में पृथक-पृथक अपराध क्रमांक 201/2020 एवं 202/2020 धारा छग कृषक पशु परि. अधि. 2004 की धारा 04,06,10 एवं पशु क्रूरता निवा. अधि. 1960 की धारा 11(घ) एवं एमव्ही एक्ट की धारा 66/192 कायम कर चार आरोंपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। जप्त मवेशियों को पशु चिकित्सक से मुलाहिजा एवं उपचापर पश्चात सुरक्षित रखने हेतु संचालक मॉ बंजारी गौशाला पिंजरापोल बरगाही बरगाही थाना घुमका के सुपुर्द किया गया।

कलेक्टर मौर्य ने दानदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मान

राजनांदगांव। कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य ने कोरोना वायरस के संक्रमण के बचाव एवं इलाज के लिए जरूरी सामग्री तथा जरूरतमंद लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था करने राजनांदगांव शहर के दानदाताओं द्वारा किए गए सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया है। श्री मौर्य ने कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में दानदाता संस्थाओं के प्रतिनिधियों और व्यक्तियों का प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया। कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य ने इस अवसर पर अपने उद्बोधन में कहा कि कठिन समय में जरूरतमंदों को सहायता करना संस्कारधानी राजनांदगांव के लोगों के संस्कार में शामिल है। ऐसे अवसरों पर सभी धर्म, जाति, समुदाय के लोग भेदभाव भुलाकर मदद करने को तत्पर रहते हैं। राजनांदगांव के लोगों की यह विशेषता उन्हें अलग पहचान दिलाती है। कलेक्टर श्री मौर्य ने कहा कि कोरोना की लड़ाई जारी है। इससे घबराने की जरूरत नहीं है। शासन द्वारा जो प्रोटोकाल निर्धारित किया गया है, उनका पालन करें। श्री मौर्य ने कहा समुदाय में कोरोना का संक्रमण नहीं फैला है। समुदाय की यह जिम्मेदारी है कि सोशल डिस्टेसिंग का पालन करें। उन्होंने कहा कि गर्भवती माताएं और जिनकी उम्र 60 वर्ष से अधिक, ब्लड प्रेसर, डायबिटीज हैं उन्हें विशेष रूप से सावधानी रखने की जरूरत है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर ओंकार यदु, अपर कलेक्टर हरिकृष्ण शर्मा, सहायक कलेक्टर ललितादित्य नीलम, नगर निगम आयुक्त चंद्रकांत कौशिक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथलेश चौधरी, एसडीएम राजनांदगांव मुकेश रावटे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

क्वॉरेंटाइन सेंटर में 8 माह की गर्भवती महिला की मौत

नवप्रदेश संवाददाता

देवभोग । मैनपुर ब्लाक के ग्राम पंचायत धारनीधोड़ा के क्वॉरेंटाइन सेंटर में रही 8 महीने गर्भवती महिला की मौत होने के बाद जिम्मेदारों पर सवाल खड़ा किया जा रहा है। ऐसे हालत में भी गर्भवती महिला को किसी प्रकार की बेहतर व्यवस्था नहीं किया गया था जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत धारनीधोड़ा के प्राथमिक शाला पर तेलंगाना विजयवाड़ा सहित अन्य जगह से मेहनत मजदूरी कर लौटे 39 मजदूरों को क्वॉरेंटाइन में रखा गया। जिसमें 8 महीने की गर्भवती महिला भगवती अंतोराम भी 14 मई को पहुंची और उसी दिन भगवती को शारीरिक परेशानी शुरू हो गई जिसको देखते हुए गरियाबंद से रायपुर के लिए रेफर किया गया जहां उसे ब्लड चढ़ाने की बात कहीं जा रही है। और रायपुर से भगवती 21 मई को वापस धारनीधोड़ा लौटने पर क्वॉरेंटाइन किया गया जिसकी गुरुवार की अलसुबह अचानक मौत हो गई। गर्भवती महिला की मौत से प्रशासन भी सख्ते में है। क्योंकि मृत्यु से 1 दिन पहले मृतक अपने माता-पिता के साथ ठीक से रहने की बात कही लेकिन अचानक मौत का कारण परिजनों को भी समझ नहीं आ पाया हालांकि पोस्टमार्टम के बाद पूरी वस्तुस्थिति साफ हो जाएगी मगर इससे पहले ग्रामीणों के जहन में कई तरह के सवाल उठ रहे हैं।

मौके पर पहुंचे अधिकारी

गर्भवती महिला को चटाई के सहारे सोना पड़ता था इसके अलावा रूटीन चेकअप का अभाव बताया जाता है। घटना की जानकारी. मिलते ही जनपद सीईओ नरसिंह ध्रुव, नायब तहसीलदार कृष्णा सिंह दीवान, बीएमओ खिलेश्वर नेगी थाना प्रभारी सत्येंद्र श्याम पंचायत स्पेक्टर आर जे ध्रुव सहित स्वास्थ्य अमला मौके पर पहुंचकर सैंपल लेते हुए शव को मैनपुर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। तो वहीं धारनीधोड़ा प्राथमिक स्कूल में रहे मजदूरों को माहुलपारा के स्कूल में शिफ्ट कर दिया गया

> किस कारण मौत हुई है यह तो पोस्टमार्टम के बाद ही पता चलेगा। अभी पोस्टमार्टम की प्रक्रिया चल रही है। रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।
>
> **खिलेश्वर नेगी,** बीएमओ, मैनपुर

विस चुनाव में कांग्रेस ने जो वादा किया था, उसे कर रहे पूरा : नीलू

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता में अध्यक्ष जिला कांग्रेस नीलू चंद्रवंशी ने कहा 2018 के विधानसभा चुनाव मे कांग्रेस ने जो वादा प्रदेश की अवाम से किया था। कांग्रेस की भूपेश सरकार के सत्ता मे आते ही अधिकतर वादा को पूरा किया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की ने किसानो से किए वादों को पूरा किया करते हुए किसानो का कर्जा माफकर धान की समर्थन मूल्य 2500 रूपए कर धान खरीदी, सिंचाई कर माफ सहित लगभग 11000 करोड़ का कर्ज माफी किया।

नीलू चन्द्रवंशी ने कहा कि प्रदेश मे विपक्षा मुद्दाविहीन हो गई है इस लिए बेकार की अफ्वाह फैला रहा है। किसानों के प्रति दिखावे की आंसू बहाने वाले भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विक्रम उसेंडी, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह और नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक सहित भाजपा के नेता केंद्र मे भाजपा की सरकार से भाजपा के वादा अनुसार स्वामीनाथन कमेटी के सिफारिश के अनुसार लागत मूल्य का डेढ़ गुना समर्थन मूल्य किसानो को दिलाये, भाजपा के नेता बताएं मोदी सरकार के जुमलेबाजी से 2022 तक कैसे किसानों की आय दोगुनी होगी ? रमन सिंह के कार्यकाल में किसानों के साथ हुई वादाखिलाफी का भाजपा प्रायश्चित करें । किसानों के साथ 15 साल से भाजपा शासन में लगातार धोखाधड़ी हुई है ।

नीलू चंद्रवंशी ने कोरोना महामारी संकटकाल में मोदी सरकार से स्पेशल पैकेज मांग करते किसानों का भाजपा शासन काल का बकाया 2 साल का बोनस राशि दिलाए जाने की मांग की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विक्रम उसेंडी कोरोना महामारी संकट काल में मोदी सरकार से किसानों के खाते में किसान सम्मान निधि की राशि 6000 से बढ़ाकर 12000 एकमुश्त जमा करने की मांग करें । छत्तीसगढ़ के लाखों किसानों को अभी तक सम्मान निधि नहीं मिला है। किसानों को सस्ते दरों में डीजल रासायनिक खाद उपलब्ध कराएं।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

ऑन.पंजी. 202005100400384

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मो. जसीम आ. जान मोहम्मद निवासी सेक्टर 05 वार्ड नं. 44 भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित खसरा नंबर 603/31 रकबा 0.026 हें. 2706 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डावर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59(2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 27.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

ऑन.पंजी. 202005100400383

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री राधेश्याम अग्रवाल आ. स्व. श्री मदनलाल अग्रवाल निवासी मिलपारा दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम कसारीडीह प.ह.न. 56 तहसील व जिला दुर्ग स्थित खसरा नंबर 37/133 रकबा 0.042 हें. 4521 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डावर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59(2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 26.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

ऑन.पंजी. 202005100400382

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री खम्हन सिंह गोआर्य आ. स्व. श्री दुकालू राम गोआर्य निवासी धनोरा दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित खसरा नंबर 18/4 रकबा 0.0220 हें. 2400 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डावर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59(2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 26.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

ऑन.पंजी. 202005100400398

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री प्रशांत सिंह राजपूत आ. स्व. श्री मोती सिंह राजपूत निवासी बोरसी कालोनी दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरसी प.ह.न. 19/23 तहसील व जिला दुर्ग स्थित खसरा नंबर 245/6, 246/9 रकबा 0.013 हें. 1350 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डावर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59(2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 27.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

ऑन.पंजी. 202005100400401

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री देवनाथ ठाकुर आ. श्री उमेंदी राम ठाकुर निवासी रिसाली सेक्टर भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित खसरा नंबर 396/35 रकबा 0.016 हें. 1770 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डावर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59(2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 27.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202005100400301

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती संगीता साहू पति रौशन लाल साहू निवासी शांति नगर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उरला प.ह.न. 07 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 360/72 रकबा 0.113 हें/ 12160 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 22.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./912/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मो. आशिफ रजा पिता मो. नसीर गोरी निवासी ग्राम कचहरी वार्ड दुर्ग तहसील दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 686/8 का टुकड़ा रकबा 0.012 हें भूमि को विक्रेता मो.कलीमुददीन पिता अब्दुल हलीम निवासी ग्राम केलाबाड़ी से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 20.05.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 06.06.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयवधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22.05.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी नं. 202005100400242

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती रूखमणी वर्मा पति श्री शत्रुहन लाल वर्मा निवासी - कसारीडीह द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम- कसारीडीह प.ह.न 56 तहसील व जिला दुर्ग स्थित खसरा नंबर 248/26 रकबा 0.0080 हें 870 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59(2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 20.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जी रामाराव आ. अंकैय्या साकिन रिसाली भिलाई के द्वारा ग्राम धनोरा प.ह.न 39 रा.नि.मं.अण्डा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 601/5 रकबा 0.016 हें (1800)वर्गफीट हें भूमि विक्रेता श्री अमित सिंह सोहल पिता श्री गुरूचरण सिंह सोहल साकिन तितुरडीह दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 05.03.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि के क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 30.05. 2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् ापत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20.05.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

ऑन.पंजी. 202005100400295

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनजीत आ. काला सिंह निवासी वार्ड क्रमांक 25 दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम चिखली प.ह.न. 17 तहसील व जिला दुर्ग स्थित खसरा नंबर 314/92 रकबा 0.010 हें 2400 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डावर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59(2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 22.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

ऑन.पंजी. 202005100400385

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती रश्मि शुक्ला पति श्री राजेश शुक्ला निवासी दीपक नगर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम पोटियाकला प.ह.न. 25 तहसील व जिला दुर्ग स्थित खसरा नंबर 376/16 रकबा 0.004 हें 450 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डावर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59(2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 27.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

ऑन.पंजी. 202005100400386

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री राजेश शुक्ला पिता श्री सुरेशचंद्र शुक्ला निवासी दीपक नगर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम पोटियाकला प.ह.न. 25 तहसील व जिला दुर्ग स्थित खसरा नंबर 164/52 रकबा 0.006 हें 700 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डावर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59(2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 27.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

ऑन.पंजी. 202005100400370

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री विजय जैन आ. श्री सुगनचंद जैन निवासी जवाहर चौक दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम पोटियाकला प.ह.न. 23 अ तहसील व जिला दुर्ग स्थित खसरा नंबर 80/64 रकबा 0.028 हें.. वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डावर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59(2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 26.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

ऑन.पंजी. 202005100400330

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती अनुपमा शुक्ला पति श्री गोपाल प्रसाद शुक्ला निवासी सेक्टर 07 भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित खसरा नंबर 391/21 रकबा 0.040 हें. 4400 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डावर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59(2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 26.05.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

जन्मदिन पर बांटे मास्क, सेनेटाइजर

साजा। छत्तीसगढ़ कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे के जन्मदिन के अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष शालिनी मनोज जायसवाल जी के निर्देशन पर युवा कांग्रेस द्वारा नगर पंचायत साजा के सफाई कर्मीयो का सम्मान कर श्रीफल, मास्क, सेनेटाइजर, ग्लब्स व गमछा भेट किया। युवा कांग्रेस के विधानसभा उपाध्यक्ष विप्लव गौरहा ने बताया कि कृषि मंत्री जी ने कोरोना के चलते जन्मदिन न मनाते हुवे कोरोना फाइटर का सम्मान व सीएम फण्ड में डोनेट करने को कहा जिसमें युवा कांग्रेस ब्लॉके अध्यक्ष आशीष शर्मा व उपाध्यक्ष अमितेश साहू द्वारा वितरण किया गया जिसमे मुख्य रूप से नगर पंचायत उपाध्यक्ष रवि सोनी, पार्षद दिनेश साहू, अवधेश गोयल, एल्डरमैन रोहित वर्मा, टुकेस देशमुख, लिकेश साहू युवा कांग्रेस के अन्य कार्यकर्ता नगर पंचायत कर्मचारी उपस्थित थे।

लड़की के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

बेमेतरा/साजा। 26 मई को प्रार्थीया पीएससी परीक्षा की तैयारी कर रही थाना दाढी क्षेत्र अंतर्गत रहने वाली लडकी ने थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा में लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि युवराज साहू ने वर्ष 2015 से 19 मई 2020 तक लगातार शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाता रहा। प्रार्थीया वर्ष 2015 के पुर्व बेमेतरा में पढाई कर रही थी वर्ष 2015 के पुर्व युवराज साहू शिक्षाकर्मी के पद पर जिला बेमेतरा के ग्राम बालसमुंद और सिंघौरी में विगत वर्षो से पदस्थ था। सन 2019 में युवराज साहू का नायब तहसीलदार के पद पर चयन हाने से उसकी पोस्टिंग सिमगा जिला बलौदाबाजार में हुई। इसी बीच उसने सगाई कर ली मुझे बताया भी नही युवराज साहू मुझे सतनामी जाती की हु ये जानते हुए भी मुझे शादी का झांसा देकर मेरा 5 वर्षो तक शारीरिक शोषण करता रहा की रिपोर्ट पर अपराध सदर धारा 376, 376 (2) (ठ) भादवि, 3(2)(1)एसी - एसटी एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया।

9.8 किग्रा गांजा के साथ दो गिरफ्तार

बेमेतरा/साजा। आज दिनांक 27 मई 2020 को थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा पुलिस को मुखबिर के जरिए से सूचना मिली कि रायपुर से सिमगा के रास्ते बेमेतरा की ओर दो व्यक्ति ट्रक क्रमांक ऋछ -11 तक्र0322 में अवैध मादक पदार्थ गांजा बिना अनुज्ञप्ति पत्र के अवैध रूप से धन अर्जित करने के नियत से बिक्री करने हेतु परिवहन करते ले जा रहा है की सूचना पर तत्काल पुलिस अधीक्षक बेमेतरा दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक विमल कुमार बैस के मार्गदर्शन में उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) रामकुमार बर्मन, एसडीओपी बेमेतरा राजीव शर्मा, प्रशिक्षु डीएसपी तोमेश वर्मा एवं थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा प्रभारी निरीक्षक राजेश मिश्रा व थाना पेट्रोलिंग पार्टी स्टाफगवाहो के साथ थाना के सामने बेमेतरा कवर्धा मेन रोड पर नाकाबंदी कर उक्त ट्रक क्रमांक RJ -11 GB 0322 के साथ दो लोगो को पकडा गया।

वनोपज के खुले बाजार ने जारी की नई कीमत

महुआ डोरी 22 से 23 सौ रुपए क्विंटल, औषधि निर्माता कंपनियों ने भी चालू की खरीदी

राजेश शर्मा

भाटापारा। इस बार महुआ डोरी की खरीदी 22 से 23 सो रुपए क्विंटल की दर पर होगी। वनोपज के खुले बाजार ने नई फसल की कीमत तय करके बता दिया है कि इस में आने वाले दिनों में भी तेजी की संभावना है क्योंकि बाजार में मांग का दबाव बन चुका है। लिहाजा संग्राहक क्षेत्रों तक सूचना पहुंचा दी गई है।

चरोटा और महुआ का बाजार तेजी से बढ़ चुका है। एक्सपोर्ट ने इसे पहचान दी है उसके बाद अब यह खोजने में भी गांव में आसानी से नहीं मिलते। अब बारी है महुआ के फल की जिसे स्थानीय भाषा में महुआ डोरी या टोरी कहा जाता है। बहु उपयोगी याने खाद्य और अखाद्य श्रेणी की हर चीज देने में सक्षम महुआ डोरी की यही विविधता इसे इस साल रिकॉर्ड कीमत देगी। फलों के लगने के बाद गिरने का काम चालू हो चुका है और इसी के साथ खुल गया है इसकी खरीदी का भी काम। वनोपज कारोबारियों ने फसल की स्थिति को देखते हुए जो भाव खोले हैं उसके बाद संग्राहक को इसके संग्रहण की रुचि बढ़ाने में मदद मिलेगी।

फल तैयार भाव खुला

महुआ फूलों के गिरने के बाद इसमें मई के प्रथम सप्ताह में फलों का लगना चालू हो जाता है और मई अंत तक फल तैयार होने लगता है। इसके साथ ही गिरने की प्रक्रिया भी चालू हो जाती है और चालू हो जाता है संग्रहण का काम। घरेलू मांग में इजाफा के बाद इस बार वनोपज के खुले बाजार ने कीमतें तय कर दी है जिसके अनुसार फिलहाल खरीदी 22से 23 सो रुपए क्विंटल किधर पर की जा रही है लेकिन बहु उपयोगी होने के गुणों के खुलासे के बाद खाद्य और अखाद्य चीजों के निर्माण से जुड़ी इकाइयों की खरीदी के लिए आर्डर लिए जाने लगे हैं। जो भाव खुले हैं उसे देखते हुए संभावना जताई जा रही है कि इसमें और तेजी आ सकती है।

अखाद्य श्रेणी में यह वस्तुएं

महुआ बीज से हासिल तेल से लुब्रिकेटिंग ग्रीस भी बनाई जाने लगी है। बीते 5 सालों से यह उद्योग धीरे-धीरे अपनी मांग बढ़ा रहा है। इसके अलावा मोमबत्ती उद्योग भी मांग कर रहे हैं क्योंकि इसमें जमने और जलने के गुण समान रूप से विद्यमान है। उपयोग का बढ़ता क्षेत्र अब इसका तेल स्थानीय स्तर पर साबुन बनाने की इकाई अभी करने लगी है तो हल्की क्वालिटी के सौंदर्य प्रसाधन इकाइयां भी मांग का दबाव बना चुकी है।

बनती है यह खाद्य सामग्रियां

बीज में 40 से 52 प्रतिशत तेल की मात्रा होने से पिराई के बाद हासिल तेल से डालडा सनफ्लावर और वनस्पति तेल में मिश्रण की अनुमति है। जमने की प्रक्रिया और तेल से ज्यादा होने की वजह से यह चॉकलेट उद्योग की भी मांग में रहती आई है। कई क्षेत्रों में इसका संग्रहण किया जाता है वहां इसका उपयोग खाने और जलाने के तेल के रूप में भी किया जाता है।

गिर रहे गुच्छे में

महुआ डोरी के एक गुच्छे में चार से पांच फल लगते हैं और एक फल में चार से पांच बीज आते हैं। इनका आकार दो से 3 सेंटीमीटर लंबा और 1.25 से 1.75 सेंटीमीटर चौड़े अंडाकार बीज में 46 से 52 प्रतिशत तेल होता है। यही तेल इसका सबसे ज्यादा उपयोगी चीज है। तेल निकालने के बाद हासिल खली का उपयोग उर्वरक के रूप में किया जा सकता है क्योंकि इसमें नाइट्रोजन फास्फोरस और पोटाश की अच्छी खासी मात्रा होती है। उत्पादक क्षेत्रों से आ रही खबरों के अनुसार फलों के गिरने की प्रक्रिया चालू हो चुकी है लेकिन संग्रहण का काम जोर नहीं पकड़ पाया है।

तेल में औषधीय गुणों का खुलासा

महुआ बीज का तेल ना केवल खाद्य और अखाद्य श्रेणी की चीजों के निर्माण में उपयोगी है बल्कि इसमें कुछ ऐसे महत्वपूर्ण औषधीय गुणों का खजाना छिपा हुआ है जिसे अब तक जाना नहीं जा सका था। इसके तेल की मालिश से गठिया व सिरदर्द दूर किया जा सकता है तो खाद्य तेल के सेवन से कब्ज सहित पेट की दूसरी अन्य बीमारियां भी दूर की जा सकती है।

> महुआ डोरी मैं नई फसल की खरीदी 2200 से 2300रुपए क्विंटल की दर पर की जा रही है। तेल निकाले जाने के बाद खली 14 से 15 सो रुपए क्विंटल पर बिक रहा है। इस बार भाव तेजी लिए हुए हैं। यह स्थिति आगे भी बनी रहेगी क्योंकि स्थानीय इकाइयों की मांग बनी हुई है।
>
> **सुभाष अग्रवाल,** संचालक एस पी इंडस्ट्रीज रायपुर

> वनोपज की जितनी भी किस्में प्रदेश में मिलती है उसमें महुआ डोरी के बीज ही एकमात्र चीज है जिसमें सबसे ज्यादा उपयोगी तत्व है। बीज से निकलने वाले तेल का उपयोग खाद्य और अखाद्य दोनों प्रकार की वस्तुओं के निर्माण में किया जा सकता है तो खली संपूर्ण प्राकृतिक उर्वरक है।
>
> **-डॉं अजीत विलियम,** साइंटिस्ट फॉरेस्ट्री, टी सी बी कॉलेज ऑफएग्री एंड रिसर्च स्टेशन बिलासपुर

नये कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने संभाला काम-काज

भाटापारा। जिले के नये कलेक्टर श्री सुनिल कुमार जैन ने आज कार्य-भार संभाल लिया। श्री जैन ने आज दोपहर यहां जिला कार्यालय में अधिकारियों की मौजूदगी में काम-काज संभाल लिया। श्री जैन इसके पहले महासमुंद जिले के कलेक्टर थे। जिला कार्यालय सहित जिले के तमाम बड़े अफसरों ने कलेक्टर से सौजन्य मुलाकात कर उनका स्वागत किया। कलेक्टर श्री जैन ने अधिकारियों से चर्चा कर जिले में कोरोना वायरस संक्रमण के ताजा हालात की जानकारी ली और निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुरूप तमाम व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। अधिकारियों ने शुरूआती मुलाकात में परिचय के साथ ही राज्य सरकार की योजनाओं में प्रगति से कलेक्टर को अवगत कराया। कलेक्टर ने संयुक्त जिला कार्यालय में संचालित विभिन्न कार्यालयों का अवलोकन भी किया। उन्होंने अधिकारियों को कार्यालयीन रिकार्डों के व्यवस्थित रख-रखाव और नियमित रूप से कार्यालयों की साफ-सफाई के निर्देश दिये।

आईएएस नम्रता जैन ने क्वारेंटाइन सेंटर में महिलाओं को दिया सेनेटरी नैपकिन

भाटापारा। जिला कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के विशेष प्रयासो से अजीज प्रेम जी फाउंडेशन की ओर से क़रीब 7 हज़ार निःशुल्क सेनेटरी नैपकिन क्वारेंटाइन सेंटर में रह रहे महिलाओं को दिया जायेगा। जिला के नये प्रशिक्षु आईएएस नम्रता जैन ने बलौदाबाजार तहसील के अंतर्गत ग्राम करमदा स्थित क्वारेंटाइन सेंटर में इसका वितरण कर शुभारंभ किया। उन्होंने क्वारेंटाइन सेंटर में रह रहे महिलाओं से सोशल डिस्टेंसिंग अपनाते हुए उन्हें सेनेटरी नैपकिन की उपयोगिता एवं अपने स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति जागरुकता के बारे में महिलाओं को बताया। साथ ही क्वारेंटाइन सेंटर में हो रहे व्यवस्था के बारे में जानकारी लिया।

पटवारी संघ ने भी वेतन वृद्धि रोके जाने पर जताई नाराजगी, दिया ज्ञापन

भाटापारा। राजस्व पटवारी संघ ने शासन द्वारा अधिकारी कर्मचारियों की वेतनवृद्धि रोके जाने पर नाराजगी जताते हुए जिला अध्यक्ष राजीव तिवारी के नेतृत्व में जिला प्रशासन को राज्य सरकार के नाम एक ज्ञापन दिया है। राजस्व पटवारी संघ ने अपने ज्ञापन में सरकार से आग्रह किया कि वार्षिक वेतन वृद्धि पर रोक लगाने के निर्णय पर पुनर्विचार किया जाए। वार्षिक वेतनवृद्धि पर रोक लगाने से शासन को बहुत बड़ी राशि की बचत नहीं होगी। इंक्रीमेंट कर्मचारियों के साल भर के परफॉर्मेंस के आधार पर 3त्र मिलता है। पटवारी संघ ने कहा की वर्तमान में कोविड 19 कोरोना वायरस जैसी महामारी के खिलाफराजस्व, गृह, पशुपालन, शिक्षा, स्वास्थ्य विभाग के सेवक अपनी जान जोखिम में डाल कर अपनी सेवाएं दे रहे है वही राज्य शाशन का यह निर्णय अधिकारी कर्मचारीयो को हतोसहित करने वाला निर्णय है।

Public Works Department
OFFICE OF THE SUPERINTANDING ENGINEER, PWD
RAIPUR CIRCLE NO.-1 RAIPUR (C.G.)
REOUEST FOR PROPOSAL (RFP)
(1st Call)

No.04 Raipur /2020-21 Raipur, Dated 21.05.2020

Public Works Department (PWD) invites proposal for Planning, Estimation and relnted services for the work
पंजीयन कार्यालय रायपुर के आधुनिकीकरण के लिए आर्किटेक्ट नियुक्त करने बाबत्।
Situated ar Raipur
Probable cost of project Rs. 1000.00 Kakh
Minimum eligibility for participants shall be as below :-

S. N.	Building project cost	The applicant firms, firms forming Joint venture/ consortium shall be	Earnest money (In shape as per annexure 1) Favor of Executive Engineer, PWD Division No.-02 Raipur
1	For project cost Between 1 to 10 crore	Empanelled as arehiteet in Class "D" & Above Class in C.G. PWD	Rs.3,000=00

General condition :- All the documents & Information as per para 6.4, shall be submitted through speed post Registered post, so as to reach the office of under signed on or before dated 11.06.2020 by 17.30 hour. Any documents received after the last date and time will not be enterained.
The detailed RFP is available on the website www.cg.nic.in/pwdraipur & http://cgstate.gov.in/ from where it can be downloaded for submission. C.G. PWD reserves the right to reject all or any of the application without assigning any reason. Right to modify the process of Pre-qualification is reserved with Cg.PWD.

G- 81089/3

Superintending Engineer
Public Works Department
Raipur Circle No-1 Raipur

प्रथम पृष्ठ का शेष...

इस शनिवार-रविवार पूर्ण...
दुकानें और संस्थान जो भारत सरकार के गृह मंत्रालय अथवा राज्य सरकार द्वारा प्रतिबंधित नहीं हैं वे सप्ताह के छह दिन सुबह सात बजे से शाम सात बजे तक खुली रहेंगी। दुकानें और व्यावसायिक संस्थान पहले की तरह खुलेंगे लेकिन वर्तमान में जारी समय सीमा और साप्ताहिक अवकाश का पालन करना होगा। बाजार पूर्व में निर्धारित दिनों और व्यवस्था के अनुसार वर्तमान में तय समय के अनुसार खोले जाएंगे।

बहुत घने बाजारों में भीड़ को कम करने के लिए स्थानीय स्तर पर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। सड़क किनारे सामान बेचने वालों (स्ट्रीटवेंडर्स) के लिए स्थानीय निकायों द्वारा स्थान और समय का निर्धारण कर फिजिकल डिस्टेंस का पालन सुनिश्चित किया जाएगा। इन व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय व्यापारी संघों के साथ चर्चा के निर्देश दिए गए हैं।

अंतर्राज्यीय व्यावसायिक बस सेवा प्रतिबंधित

अंतर्राज्यीय व्यावसायिक बसों और अंतर्राज्यीय व्यावसायिक टैक्सियों का परिचालन आगामी आदेश तक प्रतिबंधित रहेगा। अंतर्राज्यीय आवागमन ई-पास के जरिए हो सकेगा। ई-पास एप को विभिन्न श्रेणियों के लिए स्वचालित रूप से ई-पास जारी करने के लिए अपडेट किया गया है। टेऊन, टैक्सी, ऑटो एवं बस से यात्रियों को चिन्हित मार्ग से उनके गंतव्य तक जाने की अनुमति दी जाएगी। इन वाहनों में यात्रियों की संख्या बैठक क्षमता से अधिक न हो और यात्रियों को अनिवार्य रूप से मॉस्क पहनना होगा और फिजिकल डिस्टेंस बनाए रखना होगा।

कलेक्टर निर्धारित करेंगे कंटेनमेंट जोन

रेड और आरेंज जोन का निर्धारण स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया जाएगा, लेकिन कंटेनमेंट जोन की सीमा का निर्धारण जिला कलेक्टरों द्वारा किया जाएगा। बैठक में यह निर्णय भी लिया गया कि क्वारंटाइन सेंटर्स में सुरक्षा के सभी उपाय सुनिश्चित किए जाए। भवनों के बाहर आवागमन नियंत्रित किया जाए।

क्वारंटाइन में रुके श्रमिकों की होगी स्किल मैपिंग

क्वारंटाइन कैम्प में रुके श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उनकी स्किल मैपिंग की जाएगी। इनमें से बहुत से श्रमिकों के कौशल के बारे में जानकारी रजिस्ट्रेशन के समय दी गई है। इस संबंध में श्रम, कौशल विकास विभाग और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के सचिव द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। श्रम विभाग द्वारा ऐसे श्रमिकों का रजिस्ट्रेशन किया जाएगा जिनका अब तक रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ है। श्रमिकों का मनरेगा कार्ड, राशन कार्ड, श्रमिक कार्ड बनाए जाएंगे। श्रमिकों का स्किल डेव्हलपमेंट, स्थानीय उद्योगों में रोजगार और सड़क निर्माण जैसे काम दिलाने के लिए रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। श्रमिकों के बच्चों के स्कूली शिक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन किया जाएगा।

एक जिले दूसरे जिले में जा रहे श्रमिकों को क्वारंटाइन से छूट

प्रदेश के एक जिले से दूसरे जिले में जाने वाले श्रमिकों को क्वारंटाइन में नहीं रखा जाए। पिछले कुछ दिनों में छत्तीसगढ़ से दूसरे राज्यों में जा चुके श्रमिकों को यह छूट नहीं मिलेगी। कंटेनमेंट जोन को छोड़कर जिले में सभी शासकीय कार्यालय संचालित होंगे।

14 डिप्टी कलेक्टरों को...
जनपद पंचायत गरियाबंद, हेमेन्द्र भूआर्य को बीजापुर से जनपद पंचायत भैरमगढ़ जिला बीजापुर, प्रवेश पैकरा को बलरामपुर से जनपद पंचायत रामचंद्रपुर रामानुजगंज, ज्योति बबली बैरागी को बलरामपुर रामानुजगंज से जनपद पंचायत दुलदुला जिला जशपुर, कौशल प्रसाद तेंदुलकर को कोरिया से जनपद पंचायत दरभा जिला बस्तर भेजा गया है।

आरआर चुरेंद्र को मुंगेली से भेजा मैनपाट : आरआर चुरेन्द्र को मुंगेली से जनपद पंचायत मैनपाट जिला सरगुजा, डीएस ध्रुव को धमतरी से जनपद पंचायत मरवाही जिला गौरेले-पेण्ड्रा-मरवाही, अशोक कुमार मार्बल को रायगढ़ से जनपद पंचायत कोण्डागांव, छबिलाल ओटी को कांकेर से जनपद पंचायत तमनार जिला रायगढ़ एवं कु. अर्चना पाण्डेय को रायपुर से जनपद पंचायत छुरा जिला गरियाबंद में पदस्थ किया गया है।

प्रेमी द्वारा जलाई गई...
पीड़िता को बेहतर इलाज के लिए रायपुर के डीके हॉस्पिटल में भर्ती करवाया था। इसी दौरान पीड़िता की बहन ने विधायक को फोन पर बताया था कि दबाव में यह बयान दिलवाया गया था कि अर्चना मोमबत्ती से जली है।

विधायक ने पुलिस को...
की वजह से आरोपी ने भाजपा नेत्री को जला दिया।

मजदूरों की सुध लेने का...
अदालत ने कहा कि विभिन्न स्थानों पर फंसे हुए सभी प्रवासी कामगारों को संबंधित राज्य और केन्द्र शासित प्रदेशों द्वारा उन स्थानों पर भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अलावा मजदूरों को ट्रेन या बसों में चढ़ने का समय भी बताया जाएगा।

जिस राज्य से चलेंगे वहां हो भोजन-पानी की व्यवस्था

जिस राज्य से प्रवासी मजदूर चलेंगे वहां स्टेशन पर उनके भोजन और पानी का इंतजाम किया जाएगा। राज्य प्रवासी श्रमिकों के पंजीकरण की देखरेख करेगा और यह सुनिश्चित करने के लिए कि पंजीकरण के बाद, वे एक प्रारंभिक तिथि पर ट्रेन या बस में चढ़े। पूरी जानकारी सभी संबंधित लोगों को बताई जाएगी। बेंच ने साफ किया कि वह केंद्र सरकार नहीं बल्कि राज्य सरकारों को निर्देश जारी कर रही है।

-अभूतपूर्व संकट पर अभूतपूर्व कदम'

सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की तरफ से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया कि यह अभूतपूर्व संकट है और हम अभूतपूर्व कदम उठा भी रहे हैं।

केंद्र सरकार ने नहीं सुनी...
उनका दर्द, उनकी पीड़ा, उनकी सिसकी देश में हर दिल ने सुनी, पर शायद केंद्र सरकार ने नहीं। उन्होंने कहा कि हमारा केंद्र सरकार से फिर आग्रह है कि खजाने का ताला खोलिए और जरूरतमंदों को राहत दीजिये। हर परिवार को छः महीने के लिए 7,500 रु. प्रतिमाह सीधे कैश भुगतान करें और उसमें से 10,000 रु. फौरन दें। सोनिया गांधी ने कहा कि मजदूरों को सुरक्षित और मुफ्त यात्रा का इंतजाम कर घर पहुंचाइए और उनके लिए रोजी रोटी का इंतजाम भी करें और राशन का इंतजाम भी करें। मनरेगा में 200 दिन का काम सुनिश्चित करें जिससें गांव में ही रोज़गार मिल सके। छोटे और लघु उद्योगों को लोन देने की बजाय आर्थिक मदद दीजिये, ताकि करोड़ों नौकरियां भी बचें और देश की तरक्की भी हो।

पुलवामा षड्यंत्र पार्ट-2...
कुमार ने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर पुलिस, सीआरपीएफ और सेना ने बुधवार रात करीब 21.30 बजे राजपोरा के समीप संयुक्त जांच चौकी स्थापित की थी।

सुरक्षाबलों ने रोका वाहन...
उसमें शक्तिशाली विस्फोटक रखा पाया गया जो किसी बड़े हमले की योजना के तहत ले जाया जा रहा था। मौके पर पहुंचे बम निरोधक दस्ते ने विस्फोटक को निष्क्रिय किया। प्रारंभिक जांच में वाहन का नंबर फर्ज होने का खुलासा हुआ है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
कॉलिंग-ऑन-सर्किट का कार्य हेतु निविदा सूचना
निविदा सूचना क्रमांक: 540-एसएनटी-आर-2020, दिनांक 26.05.2020
निविदा मूल्य: ₹1,86,06,515.80 ईएमडी ₹2,43,300/- निविदा कागजात की कीमत ₹5,000/- कार्य पूर्णता की अवधि: 12 माह।
22.06.2020 को 15.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। ... www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।
मंडल रेल प्रबंधक (एस एंड टी)
द.पू.म. रेलवे, रायपुर
PR/R/S&T/VR/24
South East Central Railway @Secrail

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग, विधानसभा संभाग, रायपुर

क्रमांक-2493/NIT-5/2020-2021/व.ले.लि. दिनांक 22/05/2020

प्रथम आमंत्रण

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 09/06/2020 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा प्रपत्र प्रदाय करने की तिथि :- 11/06/2020 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदाएं प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 15/06/2020 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 16/06/2020 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

एनआईटी क्र. निविदा क्र.	कार्य का नाम No Of Calls	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रु.में) साल्वेंसी राशि (रु.में)
1	2	3
5 T0024	हीरापुर उपखण्ड हेतु पेटी बाजार सप्लाई कार्य।	3.00 3000.00 45000.00
5 T0025	कबीर नगर उपखण्ड हेतु पेटी बाजार सप्लाई कार्य।	2.00 2000.00 30000.00
5 T0026	आयुर्वेदिक कालेज उपखण्ड हेतु पेटी बाजार सप्लाई कार्य।	3.00 3000.00 45000.00
5 T0027	साईंस कालेज सेक्शन अंतर्गत पेटी बाजार सप्लाई कार्य।	3.00 3000.00 45000.00
5 T0028	तिल्दा उपसंभाग के अंतर्गत पेटी बाजार सप्लाई कार्य।	5.00 5000.00 75000.00
5 T0029	तिल्दा उपसंभाग के अंतर्गत गिट्टी/मुरूम/ रेती सप्लाई कार्य।	5.00 5000.00 75000.00
5 T0030	विधानसभा उपसंभाग के अंतर्गत बाजार सप्लाई कार्य	10.00 7500.00 225000.00

// नियम व शर्तें //
1. ई पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी द से अ तक। 2. कार्यावधि 28.02.2021 तक। 3. निविदा प्रपत्र की कीमत 750/- है। 4 नगर निगम रायपुर द्वारा जारी दुकान हेतु पंजीयन की छायाप्रति (गुमास्ता) (T0029 को छोड़कर शेष में लागू) 5. जी.एस.टी. नंबर/वैध बैंक साल्वेंसी/वैध पंजीयन प्रमाण पत्र अनिवार्य है। 6. निविदा से संबंधित शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।

जी- 81054/3

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि., विधानसभा संभाग
रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. संभाग बलौदाबाजार (छ.ग.)
निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक-1976/NIT-2/2020-2021/ वलेलि दिनांक : 22/05/2020
निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 08/06/2020 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदाएं प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 12/06/2020 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 15/06/2020 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

सं.क्र.	कार्य का नाम/ NoOfCalls	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)
1	2	3
T0029	बलौदाबाजार अनुविभाग अंतर्गत 40 जी.ए.डी. कालोनी पहुंच मार्ग लंबाई 200 मीटर का निर्माण कार्य। प्रथम आमंत्रण	11.29
T0030	कसडोल अनुविभाग अंतर्गत पिपरछेड़ी नाला पहुंच मार्ग लंबाई 650 मीटर का निर्माण कार्य। प्रथम आमंत्रण	19.98
T0031	भाटापारा अनुविभाग अंतर्गत दरचुरा हथबंद मार्ग के कि.मी. 3/2 से 4/8=1.80 कि.मी. में पटरी मरम्मत कार्य। प्रथम आमंत्रण	19.98
T0032	कसडोल पिथोरा मार्ग के कि.मी. 19 से 28= 10.00 कि.मी. में पटरी मरम्मत कार्य। प्रथम आमंत्रण	19.97
T0033	नवागांव कसौंदी सोनाखान मार्ग लंबाई 3/8 से 4/2= 600 मीटर पर सीमेंट कांक्रीटीकरण कार्य। प्रथम आमंत्रण	19.90
T0034	नवागांव कसौंदी सोनाखान मार्ग लंबाई 4/4 से 4/10=800 मीटर पर सीमेंट कांक्रीटीकरण कार्य। प्रथम आमंत्रण	19.97
T0035	गिरौधपुरी धाम में 02 नग बोरवेल खुदाई का कार्य। प्रथम आमंत्रण	7.80
T0036	भाटापारा अनुविभाग अंतर्गत पुराना ईतवारी राम यादव हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन भाटापारा का रखरखाव कार्य। प्रथम आमंत्रण	18.33
T0037	भाटापारा अनुविभाग अंतर्गत हायर सेकेण्डरी स्कूल देवरी पहुंच मार्ग लंबाई 0.08 कि.मी. निर्माण कार्य। प्रथम आमंत्रण	4.57
T0038	भाटापारा अनुविभाग अंतर्गत पुराना जी.एन.ए. कॉलेज भवन भाटापारा का मरम्मत कार्य। प्रथम आमंत्रण	19.58
T0039	भाटापारा अनुविभाग अंतर्गत कम्युनिटी हेल्थ सेंटर भवन भाटापारा का मरम्मत कार्य। प्रथम आमंत्रण	17.63
T0040	भाटापारा अनुविभाग अंतर्गत डिग्री कॉलेज भवन सिमगा का मरम्मत कार्य। प्रथम आमंत्रण	19.58
T0041	भाटापारा अनुविभाग अंतर्गत सभी शास. हाई स्कूल एण्ड हायर स्कूल भवनों का मरम्मत कार्य। प्रथम आमंत्रण	19.89
T0042	भाटापारा अनुविभाग अंतर्गत हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन विश्रामपुर का मरम्मत कार्य। प्रथम आमंत्रण	14.29
T0043	भाटापारा अनुविभाग अंतर्गत सभी शास. भवन भाटापारा के छत का वॉटर प्रूफिंग ट्रीटमेंट कार्य। प्रथम आमंत्रण	19.84
T0044	भाटापारा अनुविभाग अंतर्गत हायर एजुकेशन भवन भाटापारा के छत का वॉटर प्रूफिंग ट्रीटमेंट कार्य। प्रथम आमंत्रण	19.97
T0045	बलौदाबाजार अनुविभाग अंतर्गत लवन उपखंड के आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में रंगाई पोताई एवं पेटिंग कार्य। प्रथम आमंत्रण	19.93
T0046	भाटापारा अनुविभाग अंतर्गत करहीबाजार से शिवनाथ नदी (ब्रिज) पहुंच मार्ग लंबाई 1/2 से 1/10= 1.00 कि.मी. में बी.टी. रिनिवल कार्य। प्रथम आमंत्रण	19.88

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

G- 81050/3

Executive Engineer
P.W.D.
BalodabaZar, Division

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

जोया मोरानी ने दूसरी बार किया प्लाज्मा डोनेट

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड फिल्मकार करीम मोरानी की पुत्री जोया मोरानी ने कोरोना संक्रमित लोगों की मदद के लिये दूसरी बार प्लाजमा डोनेट किया है। निर्माता करीम और उनकी दोनों बेटियां शजा मोरानी और जोया मोरानी को कोरोना वायरस से संक्रमित पाया गया था। हालांकि, इस बीमारी को मात देने के बाद तीनों स्वस्थ होकर बाहर आ चुके हैं। इस बीमारी के दौरान का अनुभव जोया ने साझा किया था और आज वो अपना प्लाज्मा डोनेट कर नेक काम कर रही हैं। कोरोना से जंग लड़कर बाहर निकले लोगों का प्लाज्मा इस महामारी के खिलाफमददगार साबित हो रहा है। ऐसे में कोरोना को मात दे चुकी एक्ट्रेस जोया मोरानी प्लाज्मा डोनेशन के लिए दूसरी बार आगे आई हैं।

लॉकडाउन से बोर हो गयी है कृति सैनन

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सैनन लॉकडाउन में बोर हो गयी है और फिल्मों के सेट को मिस कर रही हैं। कोरोना वायरस के कारण देश में 31 मई तक लॉकडाउन है। लॉकडाउन को अब काफी वक्त हो चुका है। कृति सेनन भी घर में रहकर बोर हो चुकी हैं और उन्होंने एक पोस्ट करके बताया है कि वह लॉकडाउन में कौन सी चार चीजें सबसे ज्यादा मिस कर रही हैं।

कृति ने अपने वीडियो में कहा, हैलो दोस्तों. मुझे नहीं पता कि कितना वक्त हो गया जबसे हम घर पर हैं और मैं सोच रही थी कि वो कौन सी चीजें हैं जिन्हें मैं बहुत मिस कर रही हूं। मैंने सोचा है कि मैं आपको ऐसी चार चीजों के नाम बताऊंगी।÷ कृति ने कहा कि सबसे पहले तो वह फिल्म सेट पर होने को बहुत मिस कर रही हैं। शूटिंग करना और कैमरा के सामने खड़े होने पर होने वाला वो अहसास और वो परफॉर्मेंस। कृति ने कहा कि वह इन सबको मिस कर रही हैं।

कियारा ने हेलो पर किया डेब्यू

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी ने क्षेत्रीय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म हेलो पर डेब्यू कर लिया है। कियारा ने कहा, ÷क्षेत्रीय सोशल मीडिया की ताकत के चलते, हमें अपने प्रशंसकों से मिलने, उनके करीब आने और व्यक्तिगत रूप से जुड़ने में मदद मिलती है। हम बड़े पर्दे पर जो प्रदर्शित करते हैं, यहां हमें उससे अलग अपने जीवन के कुछ दिलचस्प पहलुओं को उनकी मनपसंद भाषा में प्रदर्शित करने में मदद मिलती है। मैं हेलो में शामिल होने और समान विचारधारा वाले लोगों से भरे प्लेटफॉर्म पर असाधारण कम्युनिटी का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित हूं। मुझे यकीन है कि यह सफर मजेदार और मनोरंजक होने वाला है। हेलो प्लेटफॉर्म पर श्रद्धा कपूर, कपिल शर्मा, कृति सेनन, सारा अली खान, टाइगर श्रॉफ, अर्जुन कपूर, शिल्पा शेट्टी, विजय देवरकोंडा, मिमी चक्रवर्ती, बादशाह, तमन्ना, गुरु रंधावा, एआर रहमान, रकुल प्रीत सिंह, योयो हनी सिंह जैसी मशहूर हस्तियों शामिल हैं।

पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करेंगी भूमि पेडनेकर

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर पर्यावरण को बचाने के लिए लोगों को जागरूक करना चाहती हैं। भूमि पेडनेकर अब पर्यावरण को बचाने के लिए लोगों को जागरूक करना चाहती हैं।इस काम को पूरा करने के लिए भूमि पेडनेकर ने भामला फाउंडेशन और पर्यावरण मंत्रालय के साथ हाथ मिलाया है। उन्होंने एक वीडियो के जरिए सभी से पर्यावरण को बचाने की अपील की है।

भूमि ने वीडियो में बताया है कि हर विलुप्त हो रहीं प्रजातियों को बचाना होगा, हमें उनके अस्तित्व की रक्षा करनी होगी। भूमि ने कहा ,÷ इस धरती पर 80 लाख से ज्यादा प्रजातियां रहती हैं। इंसान, पेड़, जानवर, वायरस, समुद्री जीव सब इस धरती पर निवास करते हैं। इन जीव जंतुओं को धरती पर जीने का उतना ही अधिकार है जितना किसी इंसान को है। भूमि ने वीडियो के जरिए सभी से अपील की है कि पर्यावरण दिवस पर हर कोई धरती की रक्षा करने की ठाने। उन्होंने चेतावनी दी है कि अभी यदि धरती की रक्षा नहीं की गई तो आने वाला समय और खतरनाक होगा।

गोलमाल 5 पर काम शुरू करेंगे रोहित शेट्टी

मुंबई (वार्ता) । बॉलीवुड के इंटरटेनर नंबर वन निर्देशक रोहित शेट्टी जल्द ही गोलमाल 5 पर काम शुरू करेंगे। रोहित शेट्टी और अजय देवगन ने एक से एक बेहतरीन सुपरहिट फिल्में साथ में दी हैं। इस जोड़ी की 'गोलमाल' और 'सिंघम' फ्रेंचाइज लोगों के इतनी पसंद आई हैं कि अभी भी फैन्स इन सीरीज की अगली फिल्मों का इंतजार करते हैं। रोहित जल्द ही अपनी सुपरहिट गोलमाल सीरीज की अगली फिल्म पर काम शुरू करना चाहते हैं। इस सीरीज में एक बार फिर अजय देवगन अपने कॉमिक अंदाज में दिखाई देंगे। रोहित शेट्टी जल्द से जल्द 'गोलमाल 5' पर काम शुरू करना चाहते हैं। रोहित का कहना है कि जैसे ही वह 'सूर्यवंशी' का काम खत्म करेंगे, उसके तुरंत बाद 'गोलमाल 5' का काम शुरू कर देंगे।

'भाई भाई' गाना की सफलता से खुश हैं सलमान

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान 'भाई भाई' सांग की सफलता से बेहद खुश हैं। सलमान खान फैन्स को ईद पर स्पेशल ईदी दी है। उन्होंने गाना 'भाई भाई' रिलीज किया है। इस गाने में में सलमान खान धार्मिक एकता का मैसेज दे रहे हैं। सलमान ने अपने यट्यूब चैनल पर सॉन्ग 'भाई भाई' रिलीज किया है। गाने को फैंस का शानदार रिस्पॉन्स मिला है और इससे खुश होकर सलमान ने अपने फैंस को शुक्रिया कहा है।

सलमान ने ट्विटर पर इस सॉन्ग को फिर शेयर किया और लिखा, ÷थैंक्यू भाई भाई सॉन्ग पर प्रतिक्रिया देने के लिए। प्लीज नई जनरेशन के लोगों को ये गाना बार-बार सुनाइए। जैसे कि आपके छोटे भाई-बहन, आपके बच्चे। शुक्रिया आप सभी का एक बार फिर से। भगवान हमेशा आप सबको सुरक्षित रखे।

टी-20 विश्व कप आयोजित होगा या स्थगित, अटकलें तेज

दुबई (वार्ता)। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने इस साल अक्टूबर-नवम्बर में ऑस्ट्रेलिया में टी-20 विश्व कप क्रिकेट टूर्नामेंट को स्थगित करने की खबरों को खारिज कर दिया है। लेकिन इस बात की भी अटकलें तेज हैं कि कोरोना वायरस के कारण टूर्नामेंट को 2022 तक स्थगित किया जा सकता है।

भारत में मीडिया में ऐसी खबरें हैं कि आईसीसी के सदस्यों के बीच इस बात को लेकर सहमति बनी है कि इस वर्ष होने टी-20 विश्व कप को वैश्विक महामारी बन चुके कोरोना वायरस के कारण वर्ष 2022 तक स्थगित किया जा सकता है। इस बात को लेकर आईसीसी बोर्ड की गुरूवार को होने वाली बैठक में कोई फैसला होगा। आईसीसी बोर्ड की बैठक में कोरोना के कारण उत्पन्न स्थिति से क्रिकेट के प्रभावित होने और विश्व कप के भविष्य पर विचार किया जाएगा। विश्व कप को ऑस्ट्रेलिया में 18 अक्टूबर से 15 नवम्बर तक खेला जाना है।

आईसीसी का हालांकि कहना है कि उसने टी-20 विश्व कप को स्थगित करने के बारे में कोई निर्णय नहीं लिया है और ऑस्ट्रेलिया में इसकी तैयारियां चल रही हैं। आईसीसी सदस्य कोरोना वायरस के कारण विभिन्न विकल्पों पर विचार कर रहे हैं जिसमें इसे 2021 के शुरू में आयोजित कराने से लेकर 2022 में आयोजित करने के विकल्प शामिल हैं। आईसीसी बोर्ड के एक सीनियर अधिकारी के अनुसार कोरोना के कारण इस साल विश्व कप आयोजित करना काफी मुश्किल होगा। हालांकि गुरूवार को कोई आधिकारिक घोषणा होने की संभावना मुश्किल लगती है। लेकिन मेजबान और प्रसारकों के हितों को देखते आईसीसी को जल्द ही फैसला करना होगा। यदि ऑस्ट्रेलिया में विश्व कप स्थगित होता है तो उस समय आईपीएल के 13वें संस्करण को आयोजित करने का रास्ता खुल सकता है। आईपीएल को कोरोना के कारण अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया है जबकि यह 29 मार्च से शुरू होना था। यदि इस साल आईपीएल नहीं होता है तो भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को चार हजार करोड़ रुपये का नुकसान हो सकता है।

विश्वकप 2021 की मेजबानी नहीं जाएगी: बीसीसीआई

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और अंतराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) में टैक्स छूट विवाद के बीच बीसीसीआई ने कहा है कि भारत के हाथों से अगले वर्ष टी-20 विश्व कप की मेजबानी छिनने का कोई खतरा नहीं है।

बीसीसीआई के कोषाध्यक्ष अरुण कुमार धूमल ने कहा है कि इस आयोजन के लिए टैक्स छूट हासिल करने में बोर्ड की विफलता के बावजूद टी-20 विश्व कप 2021की मेजबानी जाने का खतरा नहीं है। आईसीसी इवेंट्स कराने के लिए मेजबान देशों को मेजबान अनुबंध में टैक्स छूट हासिल करना जरूरी होता है और बीसीसीआई को 18 मई तक पुष्टि करनी थी कि उसने टैक्स छूट को हासिल कर लिया है। क्रिकइंफो ने आईसीसी और बीसीसीएआई के बीच ईमेल की बातचीत का हवाला देते कहा था कि इस मुद्दे को लेकर आईसीसी ने टूर्नामेंट को स्थानांतरित करने की धमकी दी है। धूमल ने हालांकि कहा कि यह संभव नहीं होगा और बातचीत की प्रक्रिया जारी है। टूर्नामेंट को कोई खतरा नहीं है। उन्होंने कहा, ÷टूर्नामेंट के आयोजन को लेकर कोई खतरा नहीं है। हम आईसीसी के साथ इस पर बातचीत कर रहे हैं और हम इसका हल निकाल लेंगे।

कार्यकाल समाप्त होने पर आईसीसी चेयरमैन पद छोड़ेंगे शशांक मनोहर

दुबई (वार्ता)। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के चेयरमैन भारत के शशांक मनोहर इस साल जुलाई में अपना कार्यकाल समाप्त होने के बाद पद छोड़ देंगे। आईसीसी ने बुधवार को यह जानकारी दी। आईसीसी बोर्ड की गुरूवार को बैठक होनी है जिसमें नया प्रमुख चुनने के प्रक्रिया पर विचार-विमर्श किया जाएगा। इस बीच मीडिया रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के प्रमुख कॉलिन ग्रेव्स नए चेयरमैन के लिए प्रबल दावेदार हैं। सौरभ गांगुली का नाम भी इस पद के लिए चर्चा में है। ग्रीम स्मिथ ने इस पद के लिए गांगुली का नाम उठाया था। बीसीसीआई के कोषाध्यक्ष अरुण सिंह धूमल का कहना है कि बोर्ड ने इस मामले पर अभी तक कोई चर्चा नहीं की है लेकिन यदि गांगुली इस पद पर मनोहर की जगह लेते हैं तो उसे खुशी होगी बशर्ते गांगुली के नाम पर सहमति हो। धूमल ने कहा, चुनाव प्रक्रिया अभी शुरू नहीं हुई है और चुनाव तारीख घोषित होने के बाद हम सभी क्रिकेट बोर्डों से चर्चा करने के बाद भारत का उम्मीदवार उतारने पर फैसला लेंगे।

लॉकडाउन के बाद गेंदबाजों के लिए लय पाने में होगी मुश्किल: ब्रेट ली

नई दिल्ली (वार्ता)। आस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली का कहना है कि लॉकडाउन खुलने के बाद गेंदबाजों को लय पाने में कम से कम आठ हफ्ते का वक्त लगेगा।

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने टेस्ट गेंदबाजों को तैयारी के लिए न्यूनतम आठ से 12 सप्ताह की अवधि का सुझाव दिया है। एकदिवसीय गेंदबाजों को छह सप्ताह और टी-20 गेंदबाजों को पांच सप्ताह प्रैक्टिस करने का सुझाव दिया है। यह पूछे जाने पर कि लॉकडाउन के बाद बल्लेबाजों या गेंदबाजों में किसे अपनी लय वापस पाने में मुश्किल होगी, ली ने कहा, ÷मुझे लगता है कि यह दोनों के लिये मुश्किल होगा। संभवतः किसी गेंदबाज को वापस अपने फॉर्म में लौटने में थोड़ा अधिक समय लगता है। आम तौर पर छह से आठ सप्ताह में आप पूरी गति वापस प्राप्त कर पाते हैं।

बिहार की बेटी 'साइकिल गर्ल' ज्योति पर बनेगी फिल्म

मुंबई (वार्ता)। बिहार की बेटी 'साइकिल गर्ल' ज्योति कुमारी पर बॉलीवुड फिल्मकार विनोद कापड़ी फिल्म बनाने जा रहे हैं। लॉकडाउन में बीमार पिता को साइकिल पर बैठाकर हरियाणा के गुरुग्राम से 1200 किलोमीटर दूर अपने घर दरभंगा (बिहार) पहुंचने वाली बिहार की बेटी ज्योति की तारीफ पूरे देश में हो रही है। ज्योति ने सात दिनों में गुरुग्राम से दरभंगा तक का सफर तय किया।

विंडीज की खतरनाक चौकड़ी जैसे हैं मौजूदा भारतीय पेसर्स : बिशप

नई दिल्ली (वार्ता)। वेस्टइंडीज के पूर्व तेज गेंदबाज इयान बिशप ने मौजूदा भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण की तुलना वेस्टइंडीज के बीते दौर की खतरनाक चौकड़ी से करते हुए कहा है कि विदेशों में मैच जीतने की इच्छा के कारण भारत लगातार खतरनाक तेज गेंदबाज तैयार कर रहा है।

बिशप के अनुसार भारत में तेज गेंदबाजी के क्षेत्र में बदलाव की शुरुआत जहीर खान, आरपी सिंह, मुनाफ पटेल से हुई जो कपिल देव और जवागल श्रीनाथ के नक्शेकदम पर चले। बिशप ने 'क्रिकबज' के एक कार्यक्रम में कहा, ÷यह भारतीय तेज गेंदबाजी की संभवतः सबसे बेहतरीन पीढ़ी है और यह कुछ समय पहले शुरू हुआ है। हम जहीर (खान), आरपी सिंह, मुनाफपटेल और उस दौर के कुछ गेंदबाजों से शुरुआत मान सकते हैं जो कपिल देव का अनुसरण करने वाले श्रीनाथ के बाद आये। यह देखना सुखद है। जसप्रीत बुमराह की अगुवाई में भारत के पास खौफनाक गेंदबाजों की फ़ौज है। मोहम्मद शमी, भुवनेश्वर कुमार, इशांत शर्मा और उमेश यादव आक्रमण में तरह तरह के प्रयोग करते हैं।

बिशप ने कहा, बाहर से देखें तो भारत समझ गया था कि बल्लेबाज 'अच्छे' हैं लेकिन अगर विदेशों में मैच जीतने हैं तो एमआरएफ पेस फाउंडेशन और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी से भी खिलाड़ी लेने होंगे। तेज गेंदबाजों को बढ़ावा देने के लिए सपाट और टर्निंग पिचें बनाने के बजाय उनके अनुकूल पिचें बनानी होंगी।बिशप ने वेस्टइंडीज की तरफ से खेलते हुए 43 टेस्ट मैचों में 161 विकेट लिये थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान भारतीय गेंदबाजी आक्रमण उन्हें वेस्टइंडीज के पुराने दौर के तेज गेंदबाजी आक्रमण की याद दिलाती है जिसमें एंडी रॉबर्ट्स, माइकल होल्डिंग, जोएल गार्नर, मैल्कम मार्शल और कॉलिन क्रॉफ्ट शामिल थे।

पूर्व तेज गेंदबाज बिशप ने कहा, ÷और अब जबआपके पास तीन तेज गेंदबाज और कुछ मौकों पर चार तेज गेंदबाज और एक स्पिनर होते हैं तो मुझे मेरी पीढ़ी से पहले की वेस्टइंडीज तेज गेंदबाजी चौकड़ी की याद आती है। इनमें मार्शल, होल्डिंग, गार्नर, रॉबर्ट्स थे और मैं इसमें कॉलिन क्रॉफ्ट को भी शामिल करूंगा।

बिशप ने जसप्रीत बुमराह को पहली मर्तबा देखने वाले दिन को याद करते हुए कहा कि वह उन्हें तेज गेंदबाज के मापदंडों पर फिट नहीं लगे थे। उन्होंने कहा, ÷तेज गेंदबाजों के बारे में मेरा मानना था कि अमूमन उनका लंबा रन अप होता जैसे वेस हॉल, सर रिचर्ड हैडली, डेनिस लिली, मार्शल और होल्डिंग। जसप्रीत इन सबके ठीक विपरीत था। उसका रनअप छोटा था और उसमें उतनी गति नहीं थी।

उन्होंने कहा, मैं आज तक हैरान हूं कि उसकी गेंदों में इतनी तेजी कहां से आती है। वह बेहतरीन गेंदबाज है। जिस तरह से उसने कैरेबियाई मैदानों पर गेंद स्विंग कराई और जिस तेज गति से नियंत्रण के साथ गेंद करता है वह काबिलेतारीफ है। बिशप ने कहा, जब मैं उसे खेल के बारे में बोलते हुए सुनता हूं और खेल की बारीकियों के बारे में सुनता हूं तो मुझे उसमें एक विलक्षण प्रतिभा नजर आती है।

कुंबले और लक्ष्मण को उम्मीद-इस वर्ष होगा आईपीएल

नई दिल्ली (वार्ता)। पूर्व भारतीय कप्तान अनिल कुंबले और पूर्व भारतीय बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण को उम्मीद है कि इस वर्ष इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टूर्नामेंट का आयोजन संभव हो सकेगा। कोरोना वायरस के कारण आईपीएल को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया है। आईपीएल को गत 29 मार्च से शुरू होना था। कुंबले ने स्टार स्पोर्ट्स के शो 'क्रिकेट कनेक्टेड' में कहा, ÷हां, हमें इस वर्ष आईपीएल खेले जाने की उम्मीद है और इसके लिए हमें व्यस्त कार्यक्रम में जगह निकालनी होगी। अगर हम दर्शकों के बिना मैचों का आयोजन करते हैं तो फिर इन्हें तीन या चार मैदानों पर आयोजित किया जा सकता है। इसके आयोजन की अब भी संभावना है और हम सभी आशान्वित हैं। पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीवीएस लक्ष्मण ने भी इस वर्ष आईपीएल के आयोजन होने की संभावना जताई है। लक्ष्मण ने कहा, ÷निस्संदेह, और यह भी सुनिश्चित करें कि सभी हितधारकों की बात रखी जाए।

बिन सहकार... नहीं उद्धार... जय बलराम
कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे जी को जन्मदिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
देवी प्रसाद पटेल
अध्यक्ष
विनीत : सेवा सहकारी समिति खैरझिटीकला (साजा, बेमेतरा)


बिन सहकार... नहीं उद्धार... जय बलराम...
कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे जी को जन्मदिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
हेमन्त साहू
अध्यक्ष
विनीत : सेवा सहकारी समिति मोहगांव (साजा, बेमेतरा)

बिन सहकार... नहीं उद्धार... जय बलराम...
कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे जी को जन्मदिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
संजू सिंह चंदेल
अध्यक्ष
विनीत : सेवा सहकारी समिति कोंगियाकला (साजा,बेमेतरा)

बिन सहकार... नहीं उद्धार... जय बलराम
कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे जी को जन्मदिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
पंकज राठी
अध्यक्ष
विनीत : सेवा सहकारी समिति बेलतरा (साजा, बेमेतरा)


कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे जी को जन्मदिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
दिनेश वर्मा
अध्यक्ष, जनपद पंचायत साजा
ईश्वर वर्मा
सरपंच, ग्राम पं.-बीजागोड़
दीपिका देवांगन
सरपंच, ग्राम पं.-डोगीतराई
परागा लोधी
सरपंच, ग्राम पं.-हाडाहुली
ठाकुर प्रसाद साहू
सरपंच, ग्राम पं.-भरदा
श्रीमती रेणुका बघेल
सरपंच, ग्राम पं.-मोहतरा
द्रौपति बाई साहू
सरपंच, ग्राम पं.-लालपुर
विनीत : समस्त क्षेत्रवासीगण, ज. प. साजा (बेमेतरा)


कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे जी को जन्मदिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
जानुराम मंडावी
उपाध्यक्ष
कृपाराम साहू
अध्यक्ष, सेवा सहकारी समिति केहका
हेमराज वर्मा
अश्वनी राम
बैदराम साहू
तेजराम
उत्तम यदु
उत्तम यदु
कुमारी बाई
जनकराम साहू
कर्मचारीगण : रामजी साहू, समिति प्रबंधक, जलील खां (सहायक समिति प्रबंधक),
चंद्रशेखर गुप्ता (कम्प्यूटर ऑपरेटर) परमानंद मरकाम (चौकीदार),
वेदप्रकाश साहू (अतिरिक्त कम्प्यूटर ऑपरेटर), उदल नेताम (अति. कर्मचारी)
विनीत : सेवा सहकारी समिति केहका, साजा जिला-बेमेतरा, प.क्र. 2513

नवप्रदेश एवं गुप्ता परिवार साजा की ओर से
कृषि मंत्री रविंद्र चौबे जी को जन्म दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
प्रमोद गुप्ता, संपर्क नं. : 8959681096, 9424124522
छोटेलाल गुप्ता
आदित्यानंद गुप्ता
प्रमोद गुप्ता
प्रकाश साहेब गुप्ता
प्रतीक साहेब गुप्ता

■ न्यूज गैलरी

यूनियन बैंक ने महाराष्ट्र मुख्यमंत्री केयर फंड में 30 लाख रुपए दिये

मुंबई (वार्ता)। सार्वजनिक क्षेत्र के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के मुंबई ज़ोन के कर्मचारियों ने कोरोना वायरस महामारी से लड़ने में राज्य को मदद करने के लिए महाराष्ट्र मुख्यमंत्री केयर फंड में 30 लाख रुपए का योगदान दिया है। बैंक के मुंबई जोन के महाप्रबंधक एम. वेंकटेश ने आज उप मुख्यमंत्री अजीत पवार को 30 लाख रुपए का चेक सौंपा।

इस मौके पर बैंक के मुंबई जोन के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

स्पाइसजेट ने तीन विमानों को मालवाहक में बदला

नई दिल्ली (वार्ता)। किफायती विमान सेवा कंपनी स्पाइसजेट ने यात्री माँग में कमी और कार्गो माँग में तेजी के मद्देनजर अपने तीन क्यू400 विमानों को मालवाहक विमानों में बदल दिया है। एयरलाइन ने छोटे शहरों की हवाई यात्रा के लिए इस्तेमाल किये जाने वाले अपने टर्बोप्रॉप इंजन वाले तीन क्यू400 विमानों की सीटें हटाकर इन विमानों में मालढुलाई शुरू कर दी है। स्पाइसजेट के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अजय सिंह ने बताया कि हवाई माल परिवहन की माँग लगातार बढ़ रही है। इसे देखते हुये 78 सीट वाले इन क्यू400 विमानों को मालवाहक विमानों में बदला गया है। एक विमान में 8.5 टन सामान की ढुलाई हो सकती है जो छोटे शहरों के लिए एकदम उपयुक्त है। इनका इस्तेमाल पर्वतीय तथा पूर्वोत्तर के राज्यों के लिए किया जा सकेगा।

एयरलाइन के बेड़े में पहले से पाँच बोइंग 737 मालवाहक विमान हैं। उसके पास 32 क्यू400 यात्री विमान थे जिनमें से तीन को मालवाहक में बदला गया है। इसके अलावा 82 बोइंग 737 यात्री विमान भी उसके बेड़े में शामिल हैं।

मैनकाइंड फार्मा ने ज्योति को दिए एक लाख रुपये

नई दिल्ली (वार्ता)। दवा क्षेत्र की कंपनी मैनकाइंड फार्मा ने लॉकडाउन के बीच अपने बीमार पिता को गुरूग्राम से साइकिल से बिहार के दरभंगा ने जाने वाली लड़की ज्योति कुमारी को एक लाख रुपये की मदद की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि कोविड-19 संकट के बीच अपना अस्तित्व कायम रखने के संघर्ष की कई कहानियां सामने आ रही है। मैनकाइड फॉर्मा जानलेवा वायरस के खिलाफ जंग में अग्रिम मोर्चे पर काम करने वालों और समुदाय का समर्थन कर रहा है। इसी भावना के साथ, कंपनी ने अब आगे बढ़कर ज्योति कुमारी की बहादुरी से भरपूर कहानी की जमकर तारीफ की है और इस शेरदिल लड़की को 1 लाख रुपये की मदद की है। 15 वर्षीय इस लड़की ने लॉकडाउन के दौरान अपने बीमार पिता को साइकिल पर बिठाकर गुरुग्राम से बिहार में अपने घर तक का 1200 किलोमीटर का सफर तय किया था।

ओसीएम काशील्डटेक्स, फ्रंटलाइन वारियर्स सभी नागरिकों के लिए प्रोटेक्टिव गियर करेंगे लॉन्च

नियो-टेक फ्रंटलाइन पीपीई किट लॉन्च करने को तैयार

मुंबई। वैश्विक स्तर पर जारी कोविड-19 महामारी के प्रकोप के बीच, फ्रंटलाइन वर्कर्स (अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ता) पूरी ईमानदारी से समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं। अपनी शुरुआत के बाद से प्रॉडक्ट इनोवेशन के पर्याय रहे और समाज में योगदान देने के विजन के साथ डोनियर ग्रुप - डोनियर, ग्रेडो बाय जीबीटीएल (जीबीटीएल को पहले ग्रेसिम के रूप में जाना जाता था) और ओसीएम- नियो-टेक टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करते हुए फैब्रिक्स, गारमेंट्स और प्रोटेक्टिव गियर के निर्माण के क्षेत्र में उतरे हैं। ग्रुप अपनी रेंज कार्टेक्स, प्रोटेक्स और शील्ड टेक्स के तहत- क्रमशः पीपीई किट्स, मास्क और हेल्थकेयर एपैरलकी पेशकश कर रहे हैं। हेल्थकेयर प्रॉडक्ट्स की बढ़ती जरूरतों को जल्द पूरा करने के लिए, ग्रुप ने 'हीट सीम सीलिंग'टेपिंग मशीनों में निवेश किया है और पीपीई किट्स का उत्पादन शुरू कर दिया है। ये किट्स एसआईटीआरए और डीआरडीओ सहित जानी-मानी लेबोरेटोरीज और एजेंसियों द्वारा सर्टिफाइड हैं। हेल्थकेयर सेगमेंट की अहम जरूरतों को समझते हुए, ग्रुप ने एंटी-माइक्रोबियल और ब्लड रीपीलेंट फिनिश के साथ स्पेशलाइज्ड फैब्रिक्स भी विकसित किए हैं। ये फैब्रिक्स विशेष रूप से पीपीई कवरऑल्स के लिएनियो-टेक टेक्नोलॉजी के साथ तैयार किए गए हैं। इन कवर ऑल्स की एक यूएसपी यह है कि उनका दोबारा इस्तेमाल किया जा सकता है। साथ ही ये पहनने में बेहद आरामदायक है, क्योंकि इन्हें ब्रेथेबल वाटर-प्रुफ केमिकल से तैयार से तैयार किया गया है।

हेल्थकेयर, एविएशन, डिफेंस, बैंकिंग, पुलिस, एनजीओ, म्युनिसिपल वर्कर, सिक्योरिटी एजेंसीज, सरकारी निकायों इत्यादि जैसे उद्योगों को उच्च गुणवत्ता वाले, उपयोगी, रेडी-टू-वियर प्रॉडक्ट्स मुहैया कराने के प्राथमिक उद्देश्य के साथ इनको तैयार किया गया है। स्वास्थ्य, स्वच्छता और आराम के मानकों को बरकरार रखते हुए ये प्रॉडक्ट्स फ्रंटलाइन वारियर्स को वायरस और बैक्टीरिया से सुरक्षा प्रदान करते हैं। ये दोबारा इस्तेमाल हो सकने वाले ये कवर ऑल्स अपशिष्ट प्रबंधन की चुनौतियों को काफी हद तक कम करने में मददगार साबित होंगे। इन एंटी-बैक्टीरियल फैब्रिक्स (कपड़ों) को कई इंडस्ट्रीज से काफी सराहना मिली है, जिनमें कई प्रमुख राज्य के पुलिस विभागों और दूसरे सरकारी विभाग शामिल हैं।

इन फैब्रिक्स को उन लोगों द्वारा भी सराहा जा रहा है जो रोज़ाना सैलून/क्लीनिक में एप्रन के रूप (कम्प्यूटर सूट्स) में इनका इस्तेमाल करते हैं ड्ढया किसी भी काम में जहां मानव स्पर्श शामिल हो सकता है।

नई कार पर 100 फीसद तक लोन दे रहा एचडीएफसी बैंक

नई दिल्ली। अगर आप नई कार लेना चाहते हैं और जेब में एक भी पैसे नहीं हैं तब भी आपके दरवाजे पर कार खड़ी हो सकती है। दरअसल एचडीएफसी बैंक मारुति के वाहनों पर गाड़ी की कुल कीमत का 100 प्रतिशत तक कर्ज दे रही है। देश की सबसे बड़ी कार निर्माता मारुति सुजुकी इंडिया ने गुरुवार को कहा कि उसने नई कार खरीदने वालों के लिए आसान शर्तों पर ऋण योजनाओं की पेशकश करने के लिए एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समझौता किया है।

मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने एक बयान में बताया कि योजनाओं में लोचदार मासिक किस्त (ईएमआई) का विकल्प शामिल है, जिसके तहत ग्राहक हर साल तीन महीने कम ईएमआई का लाभ उठा सकते हैं और ग्राहकों के हाथ में आने तक गाड़ी की कुल कीमत का 100 प्रतिशत तक कर्ज ले सकते हैं। पहले छह महीने कर्ज की किस्त प्रति लाख, प्रति माह 899 रुपये से शुरू हो रही है। इस साझेदारी के बारे में एमएसआई के कार्यकारी निदेशक (विपणन और बिक्री) शशांक श्रीवास्तव ने कहा, ''यह उन खरीदारों के लिए फायदेमंद है, जो कोविड-19 महामारी के उन्होंने कहा कि नए कार खरीदार कम डाउनपेमेंट से लेकर कम ईएमआई तक के विकल्प चुन सकते हैं।

चार सप्ताह के उच्चतम स्तर पर शेयर बाजार

मुंबई (वार्ता)। विदेशों से मिले मिश्रित संकेतों के बीच कोविड-19 के नये मामलों के नियंत्रित रहने से घरेलू शेयर बाजारों में आज लगातार दूसरे दिन निवेश धारणा मजबूत रही और ये करीब दो फीसदी की तेजी के साथ चार सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गयी। बुधवार को तीन प्रतिशत से अधिक की तेजी में रहने वाला बीएसई का सेंसेक्स आज 595.37 अंक यानी 1.88 प्रतिशत चढ़कर 32,200.59 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 175.15 अंक अर्थात् 1.88 फीसदी की बढ़त में 9,490.10 अंक पर बंद हुआ। मझौली और छोटी कंपनियों में भी निवेशकों ने लिवाली की। बीएसई का मिडकैप 1.42 प्रतिशत चढ़कर 11,622.06 अंक पर और स्मॉलकैप 1.34 फीसदी की मजबूती के साथ 10,769.34 अंक पर पहुंच गया। पूंजीगत वस्तुओं के समूह में सबसे ज्यादा तेजी रही। ऑटो, इंडस्ट्रियल्स, सीडीजीएंडएस, बैंकिंग और वित्तीय कंपनियों में लिवाली से भी बाजार को बल मिला। सेंसेक्स की कंपनियों में एलएंडटी के शेयर छह फीसदी से अधिक चढ़े। हीरो मोटोकॉर्प में साढ़े पाँच फीसदी, इंडसइंड बैंक में पांच प्रतिशत और एचडीएफसी बैंक में साढ़े चार प्रतिशत की तेजी रही। आईटीसी ने करीब एक प्रतिशत का नुकसान उठाया। एशिया में जापान का

एयरटेल पेमेंट्स बैंक और मास्टरकार्ड किसानों और एसएमई के लिए करेंगे वित्तीय उत्पादों का विकास

नई दिल्ली। भारत का पहला पेमेंट्स बैंक, एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने वैश्विक भुगतान में अग्रणी प्रौद्योगिकी कंपनी मास्टरकार्ड के साथ एक खास साझेदारी की है।इस साझेदारी के तहत बैंकिंग सेवाओं से वंचित ग्राहकों के लिए विशेष उत्पाद विकसित किया जाएगा, इन ग्राहकों में किसान, छोटे और मध्यम उद्यमतथा खुदरा ग्राहक शामिल हैं। सरकार के डिजिटल इंडिया मिशन और प्रत्येक भारतीय को बैंकिंग सेवा उपलब्ध कराने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए ये दोनों कंपनियां अपना योगदान दे रही हैं। दोनों संस्थाएं देश में औपचारिक बैंकिंग और डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने की दिशा में काम कर रही हैं।यह साझेदारी मास्टरकार्ड के वैश्विक और स्थानीय अनुभव को साथ लाकर बेहतर और उन्नत वित्तीय उत्पादको विकसित करने में मदद करेगा तथा एयरटेल पेमेंट्स बैंक के मजबूत वितरण नेटवर्क के साथ उत्पाद को एक बड़े ग्राहक समुदाय तक पहुंचाया जाएगा। इसका उद्देश्य एक ऐसे डिजिटल प्लेटफॉर्म का निर्माण करना है जो किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों के बारे में ज्ञान प्रदान करे और उन्हें बाज़ार से जोड़ सके। साथ ही उन्हें विभिन्न भुगतान सीधे अपने एयरटेल पेमेंट्स बैंक खाते में प्राप्त करने में सक्षम भीबनाए। एयरटेल पेमेंट्स बैंक के 5 लाख बैंकिंग केन्द्रों से जुड़ा यह प्लेटफार्म किसानों को निकट में बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराएगा, जिससे किसानों की आय में वृद्धि और निरंतरता आएगी।

ईपीएफओ का लघु उद्योग भारती छत्तीसगढ़ के साथ वेबिनार

रायपुर। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर, लॉकडाउन एवं उससे उत्पन्न व्यवधानों के संबंध में व्यवसायियों, उद्यमियों व श्रम संगठनों के साथ कोविड-19 संबंधी विशेष प्रावधानों की सरल व्याख्या व उससे जुड़े विषयों पर वेबिनार करता रहा है। इसी कड़ी में दिनांक 26/05/2020 को लघु उद्योग भारती, छत्तीसगढ़ प्रदेश इकाई से संबद्ध, लगभग 23 उद्यमियों के साथ एक वेबिनार का आयोजन हुआ, जिसमें लघु उद्योग भारती की ओर से श्री पुरुषोत्तम पटेल, प्रदेश अध्यक्ष, श्री डी. प्रसाद, प्रदेश कार्यालय प्रमुख, छत्तीसगढ़, श्री सत्यनारायण अग्रवाल, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, श्री महेश अग्रवाल,

अध्यक्ष, लघु उद्योग भारती कोरबा, श्री बी.के. मिश्रा, श्री रमेश कुमार सिंह, उपाध्यक्ष जामनीपाली, श्री श्याम बाबू यादव, सचिव जामनी पाली, श्री बिपिन कुमार सिंह, श्री राजेन्द्र तिवारी, श्री घनश्याम कुमार, श्री संजय चौबे, श्री ईश्वर पटेल, श्री अमन तिवारी व अन्य सदस्यों ने भाग लिया। श्री डी. प्रसाद, प्रदेश कार्यालय प्रमुख छत्तीसगढ़ ने वेबिनार के इस आयोजन के लिए भविष्य निधि संगठन, रायपुर के प्रयासों का स्वागत किया साथ ही श्री पुरुषोत्तम पटेल, प्रदेश अध्यक्ष, लघु उद्योग भारती ने भविष्य में भी अपने अन्य सहयोगियों के लिए इस प्रकार का आयोजन किए जाने का आग्रह किया।

कारोबार | रिलायंस पीपीई किट मात्र 650 रुपये में तैयार कर रही

रिलायंस ने चीन से तीन गुना सस्ती पीपीई किट तैयार की

नई दिल्ली (वार्ता)। कोरोना वायरस काल में विभिन्न मोर्चों पर योगदान दे रही मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज ने अब चीन से तीन गुना सस्ती और बेजोड़ गुणवत्ता वाली पर्सनल प्रोटेक्टिव इक्विपमेंट (पीपीई) किट बनाना शुरू कर दिया है।

यह किट अंतराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप और बेहतर गुणवत्ता की हैं। कंपनी के सिल्वासा संयंत्र में रोजाना एक लाख पीपीई किट बनाई जा रही हैं। जहां चीन से आयात की जा रही पीपीई किट का मूल्य 2000 रुपये प्रति किट से अधिक पड़ता है वहीं रिलायंस की इकाई आलोक इंडस्ट्रीज, पीपीई किट मात्र 650 रुपये में तैयार कर रही है। पीपीई किट डॉक्टरों, नर्सों और स्वास्थ्य कर्मियों के अलावा पुलिस और सफाई कर्मचारियों जैसे अग्रिम पंक्ति के कोरोना योद्धाओं को वायरस के संक्रमण से बचाती है। रोजाना एक लाख से अधिक पीपीई किट बनाने के लिए रिलायंस ने अपने विभिन्न उत्पादन केंद्रों को इस काम में लगाया है। जामनगर स्थित देश की सबसे बड़ी रिफाइनरी ने ऐसे पेट्रो केमिकल का बड़े पैमाने पर उत्पादन शुरू कर दिया, जिससे पीपीई किट का कपड़ा बनता है। इसी कपड़े का इस्तेमाल कर आलोक इंडस्ट्रीज में पीपीई किट बनाए जा रहे हैं। आलोक इंडस्ट्रीज को हाल ही में रिलायंस ने अधिग्रहीत किया था। आलोक इंडस्ट्रीज की सारी सुविधाएं पीपीई किट बनाने में लगा दी गई हैं जहां 10 हजार से अधिक लोग किट बनाने के काम में जुटे हैं।

पीपीई ही नहीं 'कोरोना टेस्टिंग किट' के क्षेत्र में भी रिलायंस इंडस्ट्रीज ने स्वदेशी तकनीक विकसित कर ली है। काउंसिल ऑफ साइंटिफिक्र एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च (सीएसआईआर) के साथ मिलकर रिलायंस ने पूरी तरह स्वदेशी आरटी-एलएएमपी आधारित कोविड-19 टेस्ट किट बनाई है। यह टेस्टिंग किट चीनी किट से कई गुना सस्ती है और 45 से 60 मिनट के भीतर टेस्टिंग के सटीक नतीजे मिल जाते हैं। आरटी-एलएएमपी टेस्टिंग किट में एक ट्यूब का इस्तेमाल किया जाता है। इसलिए इसे आसानी से सार्वजनिक स्थानों जैसे हवाई अड्डों, रेलवे स्टेशनों और बस स्टैण्ड पर प्रयोग में लाया जा सकता है। इस टेस्ट किट में बुनियादी लैब और साधारण दक्षता की जरूरत होती है इसलिए इसका इस्तेमाल टेस्टिंग मोबाइल वैन,कियोस्क जैसी जगहों पर भी किया जा सकता है।

रिलायंस ने इससे पहले नमूना लेने में इस्तेमाल होने वाले टेस्टिंग स्वाब के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। पहले यह टेस्टिंग स्वाब चीन से आयात होता था। जिसकी कीमत भारत में 17 रुपये प्रति स्वाब बैठती थी। रिलायंस और जॉन्सन एंड जॉन्सन के सहयोग से विकसित नए देसी स्वाब की कीमत चीनी स्वाब से 10 गुना कम यानी एक रुपया 70 पैसे ही पड़ रही है।

आईटीसी के बी नैचुरल और एमवे इंडिया ने किया इम्यूनिटी फ्रूट बेवरेज लॉन्च

नई दिल्ली। आईटीसी के बी नैचुरल और एमवे इंडिया ने भारतीय उपभोक्ताओं के लिए अपनी तरह की पहली बी नैचुरल+ रेंज लॉन्च करने के लिए एक विशेष भागीदारी की है। बी नैचुरल जूस एवं बेवरेजेस ने हमेशा से अपने उपभोक्ताओं को फलों का पोषण उपलब्ध कराने की कोशिश की है और अब इस ब्रांड के तहत इम्यूनिटी + फ्रूट एवं फाइबर के दोहरे गुणों का लाभ प्रदान करने के लिए बी नैचुरल + रेंज को पेश किया जा रहा है। आईटीसी के लाइफ साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी सेंटर यानि द्वारा क्लिनिकल प्रमाणित एक विशेष सामग्री विकसित की गई है, जो शरीर में इम्यूनिटी बढ़ाने का वादा करती है। LSTC में ITC के वैज्ञानिकों की टीम करीब पिछले एक दशक से स्वास्थ्य एवं पोषण से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में काम कर रही है। वर्तमान के मुश्किल दौर में अब पूरा ध्यान इम्यूनिटी यानि शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता पर आ गया है। टीम द्वारा विकसित इस क्लिनिकल प्रमाणित तत्व को बिना किसी क्रम के एक डबल ब्लाइंड प्लैसेबो कंट्रोल्ड क्लिनिकल स्टडी में तीन महीनों तक टेस्ट किया गया। CTRI में रजिस्टर्ड इस अध्ययन के लिए ICMR दिशानिर्देशों का पालन किया गया है। यह नई बी नैचुरल + रेंज, ऑरेंज और मिक्स्ड फ्रूट जैसे दो वेरिएंट्स में उपलब्ध होगी।

आज का भविष्यफल

मेष: आज दिन की शुरुआत कार्य सफलता के साथ होगी। आज आपको आशानुकूल लाभ मिलेगा। अधिकारी वर्ग से सहायता मिलेगी, विरोधी निर्बल रहेंगे। आपकी निर्णय लेने की क्षमता का लाभ भी आपको मिलेगा।

वृषभ: रुका धन मिलेगा, प्रयास से सभी कार्य बनने की सम्भावना है। धन लाभ होगा और यश, मान, सम्मान में वृद्धि का योग बन रहा है। नौकर-चाकर व सांसारिक सुख भोगों का विस्तार होगा।

मिथुन: आज कार्य बनने की खुशी होगी। नए संपर्कों से लाभ होगा। मार्ग प्रशस्त होगा, जोखिमपूर्ण कार्यों में रुचि बढ़ेगी। महिला वर्ग के सहयोग से लाभ होगा। किसी मुकदमे आदि के लिए आज का दिन सही नहीं है।

कर्क: कार्यों में बाधा आ सकती है। धैर्य से काम लें एवं कठिनाइयों का सामना करें। इरादों में मजबूती उन्नति का मार्ग प्रशस्त करेगी। निर्णय लेने की क्षमता का लाभ होगा।

सिंह: आज आपका दिन सकारात्मक बीतेगा। उन्नति का समाचार मिलेगा, पुरस्कार अथवा भेंट मिलने की खुशी होगी, अनुकूल दिन, लाभ निश्चित है।

कन्या: कार्यक्षेत्र की जिम्मेदारियां बढ़ेंगी। सुख-समृद्धि के साथ-साथ खर्च में भी वृद्धि होगी। आज आपके अधिकारों में वृद्धि के साथ साथ उत्तरदायित्व भी बढ़ेंगे। अपनी शानशौकत के लिए आप धन का अपव्यय कर सकते हैं।

तुला: आज आपको भाग्य का साथ मिलेगा और सफलता प्राप्त होगी। विरोधी परास्त होंगे, व्यवहार कुशलता व शान्त रहकर कार्य बना लें, उन्नति का अवसर मिलेगा। जोखिम के कामों से दूर रहें।

वृश्चिक: व्यर्थ का वाद-विवाद हो सकता है। चोट-चपेट की आशंका है। अशान्त वातावरण से दूर रहें और यात्रा पर जाने से बचें।

धनु: आपका प्रयास रंग लाएगा, शुभ समाचार मिलेगा। नए अवसर जीवन में परिवर्तन लाएंगे, अपनों का सहयोग मिलेगा, मित्र भी साथ देंगे। आपके बुद्धि विवेक नई नई खोज करने में लगे हैं।

मकर: आज दिन की शुरुआत धन लाभ के साथ होगी। मनोकामनापूर्ति का दिन है। आज दिन शुभ है और अचानक लाभ से मन प्रसन्न रहेगा। अल्प प्रयासों से यश मिलेगा।

कुंभ: आज आपको साझेदारी में लाभ न के बराबर होगा। अपने परायों सा व्यवहार करेंगे, शारीरिक अस्वस्थता संभव है और विवाद से बचना श्रेयस्कर है। नए-नए कार्यों में विनिमय करना पड़े तो अवश्य करें।

मीन: आज आपको अशुभ समाचार मिलने से तनाव हो सकता है। अप्रिय घटना की आशंका है। सोच-समझकर ही कार्य-व्यवहार करें।

सू- दोकू क्र.036

		3					7	
9				6		3		8
	7		9		5		6	
						1		9
3		8		7			5	
	1		3		9			7
		2		8		7		
	8				2		4	3
			1					

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.35 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6

शब्द सामर्थ्य -036

बाएं से दाएं

1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. माँ का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, सन्देश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेताब 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

ऊपर से नीचे

1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंग, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 35 का हल





संकलनकर्ता: प्रमोद (गुड्डा) गुप्ता, साजा, समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें : 8959681096, 94241-24522